www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शुक्रवार, 8 मई 2026 | शुक्ल पक्ष-षष्ठी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 88 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित


# हर धार्मिक प्रथा को चुनौती ठीक नहीं, इससे धर्म और समाज दोनों टूट जाएंगे: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली/एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर लोग धार्मिक प्रथाओं और धर्म के मामलों को अदालत में चुनौती देने लगेंगे, तो इससे धर्म और समाज पर असर पड़ सकता है। कोर्ट ने कहा कि इससे सैकड़ों याचिकाएं आएंगी और हर रिवाज पर सवाल उठने लगेंगे।

यह टिप्पणी नौ जजों की संविधान पीठ ने की, जो अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे और महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है। इसमें केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ा मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय का केस भी शामिल है।

### धार्मिक प्रथाओं पर सवाल कहां और कैसे उठाए जाएं

सुधारवादी दाऊदी बोहरा समूह की ओर से वकील राजू रामचंद्रन ने कोर्ट में दलील दी कि अगर कोई प्रथा सामाजिक या निजी कारणों से जुड़ी है, तो उसे संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के तहत धार्मिक सुरक्षा नहीं मिलनी चाहिए। कोई भी प्रथा अगर मौलिक अधिकारों पर नकारात्मक असर डालती है, तो उसे सीमित किया जा सकता है। इस पर जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यह तय करना जरूरी है कि धार्मिक प्रथाओं पर सवाल कहां और कैसे उठाए जाएं। क्या यह समुदाय के भीतर होना चाहिए या राज्य या कोर्ट को दखल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान उसकी विविधता और सभ्यता से है।

**इससे कोर्ट में केस बढ़ेंगे: जस्टिस नागरत्ना:** जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अगर हर व्यक्ति धार्मिक प्रथाओं पर सवाल उठाएगा, तो भारतीय समाज पर असर पड़ेगा, क्योंकि यहां धर्म समाज से गहराई से जुड़ा है। उन्होंने कहा, हर अधिकार पर सवाल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

# 76 जवानों की शहादत केस में सभी आरोपी बरी, जांच पर उठे गंभीर सवाल

## ताड़मेटला कांड पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** देश को झकझोर देने वाले सुकमा के ताड़मेटला नक्सली हमले मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने 76 जवानों की शहादत से जुड़े इस बहुचर्चित केस में सभी आरोपियों को बरी करने के निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखते हुए राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी।

कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा कि जांच एजेंसियां आरोपियों के खिलाफ ठोस, वैज्ञानिक और कानूनी रूप से स्वीकार्य सबूत पेश करने में पूरी तरह नाकाम रहीं। केवल संदेह के आधार पर किसी व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

दरअसल, यह मामला 6 अप्रैल 2010 को सुकमा जिले के ताड़मेटला जंगल में हुए देश के सबसे बड़े नक्सली हमलों में से एक से जुड़ा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### ऐसे मिलेगी दोषियों को सजा

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को भविष्य के लिए सख्त निर्देश भी दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और बड़े हमलों से जुड़े मामलों की जांच पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और कानूनी प्रक्रिया के तहत की जानी चाहिए। जांच एजेंसियों को समय पर फोरेंसिक सबूत, तकनीकी प्रमाण, गवाहों के बयान और जरूरी कानूनी दस्तावेज जुटाने होंगे, ताकि दोषियों को सजा दिलाई जा सके और न्याय व्यवस्था पर जनता का भरोसा कायम रहे।

## आज बेबाक

कहते हैं न कि जो जैसा करता है वैसा भरता है। बबूल के पेड़ में आम कहां लगता है? डेढ़ दशक तक दीदी के देवरों ने बंगाल में खूब दीदादिलेरी दिखाई। लोगों को खून के आंसू रुलाया। अब उनकी दादागिरी निकाली जा रही है। भाजपाई नहीं वहां की आम जनता ही टीएमसी के गुंडों को निपटा रही है। जिससे दीदी दर्द से बिलबिला रही हैं। ममता आरोप लगा रही हैं कि उन्हें भी लात मारी गई थी। सीधी सी बात है, लात खाने का काम करोगे तो लतियाये ही जाओगे। अभी तो पार्टी शुरू हुई है, आगे बहुत कुछ खाओगे।

| तापमान | |
|---|---|
| अधिकतम 45° | न्यूनतम 28° |

| बाजार भाव | |
|---|---|
| गोल्ड 1,50,820 | सिल्वर 2,39,000 |

| शेयर बाजार | |
|---|---|
| सेंसेक्स 76,913.50 | निफ्टी 23,997.55 |

| विश्व जनसंख्या | भारत जनसंख्या |
|---|---|
| 8,290,409,329 | 1,474,726,156 |

## पीएम मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय गौरव को मिला नया सम्मान: सीएम साय

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'वंदे मातरम' को राष्ट्रीय गान के समान वैधानिक संरक्षण प्रदान करने संबंधी केंद्रीय मंत्रिमंडल के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए इसे देश की सांस्कृतिक चेतना, स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली विरासत और राष्ट्रभक्ति की भावना को सम्मान देने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में संशोधन प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान किया जाना प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और आत्मसम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम' भारत की आत्मा, स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा और करोड़ों देशवासियों की राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक रहा है।

## गरमा-गरम

चुनाव परिणाम के बाद बंगाल में हिंसा, अब तक 5 मौतें, नई सरकार की शपथ की तैयारी तेज

# बंगाल में विधानसभा भंग, राज्यपाल ने ममता का मंत्रिमंडल किया बर्खास्त

**कोलकाता (ए.)।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में गुरुवार शाम बड़ा घटनाक्रम सामने आया, जब राज्यपाल आरएन रवि की ओर से विधानसभा भंग करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया। लोकभवन से जारी इस अधिसूचना के बाद राज्य की सियासत में हलचल तेज हो गई है। विधानसभा भंग होने के साथ ही ममता कैबिनेट के मंत्रियों की प्रशासनिक शक्तियां भी समाप्त मानी जा रही हैं। इस फैसले ने पूरे राज्य में राजनीतिक चर्चाओं को और गर्म कर दिया है।

दिलचस्प बात यह है कि इससे एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ कहा था कि वे अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगी। ऐसे में राज्यपाल के इस कदम को लेकर राजनीतिक गलियारों में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

## मैंने ममता बैनर्जी को हराया, इसीलिए पीए चंद्रनाथ की हत्या: सुवेंदु

### चंद्रनाथ की मां बोलीं- हार का बदला बेटे से लिया, पुलिस को हत्या में इस्तेमाल बाइक मिली

**कोलकाता/एजेंसी।** भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि उनके पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या इसलिए हुई, क्योंकि उन्होंने ममता को हराया है। सुवेंदु ने कहा- इस हत्या को जिस तरह से अंजाम दिया गया, उसकी जितनी भी निंदा करें वह कम है। हत्या की वजह भवानीपुर से ममता की हार हो सकती है। उधर चंद्रनाथ की मां ने कहा कि इस हार का बदला मेरे बेटे की हत्या कर लिया गया। कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बचा नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि रथ को चार गोलियां लगीं थीं। इस मामले में पुलिस ने 3 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं हत्या में इस्तेमाल की गई बाइक मिल गई है।

### चंद्रनाथ रथ की कार पर गोलियों की बौछार

बता दें कि चंद्रनाथ की हत्या बुधवार देर रात 10.30 बजे की गई थी। वे कोलकाता से मध्यमग्राम अपने घर लौट रहे थे। कोलकाता से करीब 20 किमी दूर डोलतला में एक कार रथ की स्कॉर्पियो के सामने खड़ी हो गई। इसी बीच बाइक पर आए हमलावरों ने 6 से 10 राउंड फायरिंग की। दो गोलियां चंद्रनाथ के सीने से आर-पार हो गईं। एक गोली पेट में लगी। उनके ड्राइवर बुद्धदेब बेरा को भी गोली लगी। हत्या के बाद हमलावर कार छोड़कर बाइक से फरार हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चंद्रनाथ को मृत घोषित कर दिया। उनके ड्राइवर का इलाज जारी है।

### बंगाल में हिंसा जारी, हावड़ा के शिबपुर में बमबारी, 7 बम फटे, गोली भी चली

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव नतीजे के बाद हिंसा का दौर जारी है। अब हावड़ा के शिबपुर इलाके की झुग्गी बस्ती में धमाके की खबर है। बताया जा रहा है कि गुरुवार को कई देसी बमों के धमाके हुए, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि इस घटना में कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद भारी पुलिस बल और त्वरित कार्रवाई बल की टीमों को तैनात किया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, विस्फोट इतने जोरदार थे कि ईंटें हवा में उड़ गईं और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

### लोकतंत्र में हिंसा व राजनीतिक हत्याओं की जगह नहीं: टीएमसी

तृणमूल कांग्रेस ने मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि इस पूरे प्रकरण की कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच कराई जानी चाहिए, ताकि दोषियों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके। पार्टी ने अपने बयान में कहा कि लोकतंत्र में हिंसा और राजनीतिक हत्याओं की कोई जगह नहीं है और दोषियों को जल्द से जल्द जवाबदेह ठहराना जरूरी है।

## सम्राट कैबिनेट का विस्तार, नीतीश के बेटे निशांत समेत 32 मंत्री बने

### पीएम मोदी ने पूर्व सीएम नीतीश को बुलाया, हाथ पकड़कर पास लाए

**पटना/एजेंसी।** सम्राट चौधरी के सीएम बनने के 22 दिन बाद आज गुरुवार को कैबिनेट का विस्तार किया गया। मेगा इवेंट में नीतीश के बेटे निशांत कुमार समेत 32 मंत्री सम्राट कैबिनेट में शामिल हुए।

नई कैबिनेट में बीजेपी से 15, जेडीयू से 13, एलजीपी 2, हम और आरएलएम से एक-एक मंत्री हैं। 25 मिनट चले इस कार्यक्रम में एक साथ 5-5 विधायकों ने शपथ ली है। पहली बार में निशांत कुमार, श्रवण कुमार, विजय सिन्हा, लेसी सिंह और दिलीप जायसवाल ने शपथ ली। निशांत कुमार पहली बार मंत्री बने हैं। आज 32 लोगों ने शपथ ली है। इसके साथ ही सम्राट कैबिनेट में कुल 34 मंत्री हो चुके हैं। जेडीयू कोटे से 2 डिप्टी सीएम मुख्यमंत्री के साथ पहले ही शपथ ले चुके हैं। समारोह में पीएम मोदी भी शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री ने नीतीश कुमार को अपने पास बुलाया। मंच पर उनसे हाथ मिलाया, इस दौरान नीतीश कुमार ने पीएम का कंधा पकड़कर हिला दिया। दो बार बिहार के स्वास्थ्य मंत्री रहे मंगल पांडेय इस बार कैबिनेट में जगह नहीं मिली है, खबर है कि पार्टी में उन्हें बड़ी जगह दी जाएगी।

## ओडिशा में कांस्टेबल की पीट-पीटकर हत्या

**भुवनेश्वर/एजेंसी।** ओडिशा के खुर्दा जिले में लड़कियों से छेड़छाड़ के आरोप में भीड़ ने पीट-पीटकर एक जीआरपी कांस्टेबल सौम्य रंजन स्वाईं की हत्या कर दी। घटना उस समय हुई जब सौम्य रंजन अपने साथी के साथ किसी आधिकारिक काम से रेलवे एडीजी से मिलने जा रहे थे। आरोप है कि सौम्य रंजन और ओम प्रकाश ने रास्ते में दो युवतियों पर अभद्र टिप्पणी की। उनकी बाइक ने स्कूटी सवार दो महिलाओं को टक्कर भी मारी, जिससे महिलाएं दूर तक घसीटती चली गईं। सौम्य रंजन पिछले 12 सालों से कटक जीआरपी में कांस्टेबल था।

# जाति तब खत्म होगी जब समाज बदलेगा: भागवत

### जनसंख्या नियंत्रण नीति और यूनिफॉर्म सिविल कोड लोगों के सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकते

**मैसूरु(कर्नाटक)/एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण नीति और यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे कानून लोगों के सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि जाति आधारित राजनीति तभी खत्म होगी, जब समाज जाति के आधार पर सोचना बंद करेगा।

भागवत गुरुवार को कर्नाटक के मैसूरु में जेएसएस महाविद्यापीठ में 'सोशल हार्मनी ऐज ए कैटलिस्ट फॉर नेशनल डेवलपमेंट' विषय पर लेक्चर के बाद इंटरेक्टिव सेशन में लोगों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने समानता को नारों से नहीं, बल्कि व्यवहार में अपनाने की अपील की। भागवत ने कहा कि जनसंख्या नीति बनाते समय जनसांख्यिकीय संतुलन, महिलाओं की शिक्षा, सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जैसे पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि नीति तय होने के बाद ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### आरएसएस सरकार नहीं, बल्कि सामाजिक संगठन

जनसंख्या नियंत्रण और यूसीसी पर भागवत ने कहा कि आरएसएस सरकार नहीं, बल्कि सामाजिक संगठन है। किसी भी कानून को सफल बनाने के लिए लोगों को शिक्षित करना और उनकी भागीदारी जरूरी है। उन्होंने इमरजेंसी के दौरान जनसंख्या नियंत्रण उपायों का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय जबरन नसबंदी कराई गई।

# एंटी-रेबीज इंजेक्शन की कमी पर हाईकोर्ट सख्त

### मरीजों के जान का खतरा, स्वास्थ्य सचिव से शपथ पत्र में मांगा जवाब

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के जिला अस्पताल में एंटी-रेबीज और टिटनेस इंजेक्शनों की कमी के मामले को लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सचिव को विस्तृत शपथपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

कोर्ट ने इस मामले को जन स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय मानते हुए ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### मेडिकल सप्लाई के लिए टेंडर जारी

वहीं छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) की ओर से जानकारी दी गई कि एंटीजन और अन्य आवश्यक मेडिकल सामग्री की सप्लाई के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने अस्पताल की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया है। कोर्ट कमिश्नर अस्पताल में दवाओं और इंजेक्शनों की उपलब्धता समेत व्यवस्थाओं की जांच कर अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे।

### इंजेक्शन की कमी से मरीज और परिजन हो रहे थे परेशान

हाई कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि मरीजों को जीवनरक्षक इंजेक्शन के लिए भटकना नहीं पड़ना चाहिए और स्वास्थ्य विभाग को इस दिशा में तत्काल प्रभाव से ठोस कदम उठाने होंगे। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद स्वास्थ्य विभाग में हलचल तेज हो गई है। लंबे समय से जिला अस्पताल में एंटी-रेबीज इंजेक्शन की कमी को लेकर मरीज और उनके परिजन परेशान थे। कई लोगों को निजी मेडिकल स्टोर से महंगे दामों पर इंजेक्शन खरीदने पड़ रहे थे। अब कोर्ट की निगरानी में इस मामले में जल्द सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

**मुख्यमंत्री साय की पहल :** ग्रामीणों को मिलेगा पेयजल संकट से राहत, कलेक्टर ने एक माह में काम पूरा करने के दिए निर्देश

# सरगुजा की पहाड़ी कोरवा बस्तियों में 113 हैंडपंप से बुझेगी प्यास

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** सरगुजा जिले की सुदूर और पहाड़ी कोरवा बस्तियों में पेयजल संकट के समाधान के लिए प्रशासन ने बड़ी पहल की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में 113 नए हैंडपंप और बोरवेल खोदे जाएंगे।

इस योजना से दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा और उन्हें पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

हाल ही में मुख्यमंत्री ने सरगुजा जिले में पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि शासन की प्राथमिकता है कि दूर-दराज के वन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक भी बुनियादी सुविधाएं पहुंचें और कोई भी व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सरगुजा कलेक्टर एवं जिला खनिज संस्थान न्यास के अध्यक्ष अजीत वसंत ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### जनपद पंचायत सीईओ को निर्देश

कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ को निर्देशित किया है कि हैंडपंप और बोरवेल खनन कार्य प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरे किए जाएं, ताकि पहाड़ी और दूरस्थ कोरवा बस्तियों में स्थायी पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। प्रशासन का मानना है कि मुख्यमंत्री की इस पहल से जिले के सैकड़ों गांवों और हजारों ग्रामीणों को वर्षों पुरानी पेयजल समस्या से राहत मिलेगी।

### इन जगहों पर खोदे जाएंगे बोर

कलेक्टर ने बताया कि प्रस्तावित स्थलों का सर्वे पहले ही पूरा किया जा चुका है। विकासखंडवार देखें तो लुण्ड्रा में 34, बतौली में 6, लखनपुर में 22, अम्बिकापुर में 11, सीतापुर में 16, मैनपाट में 20 और उदयपुर में 4 हैंडपंप एवं बोरवेल खोदे जाएंगे। यह कार्य जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से कराया जाएगा।

### शासी परिषद की बैठक में मंजूरी

24 अप्रैल को आयोजित जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक में पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज सहित अन्य सदस्यों की सहमति से इस योजना को मंजूरी दी गई थी।

## सऊदी के 'नो' से अटका डोनाल्ड ट्रंप का 'प्रोजेक्ट फ्रीडम', होर्मुज में रेस्क्यू मिशन फेल

**तेल अवीव/वॉशिंगटन।** खाड़ी देशों में अमेरिका की कूटनीति को उस वक्त बड़ा झटका लगा, जब उसके सबसे करीबी सहयोगी सऊदी अरब ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' के लिए अपना एयरस्पेस देने से साफ इनकार कर दिया। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की नाराजगी के बाद राष्ट्रपति ट्रंप को न केवल यह बड़ा सैन्य ऑपरेशन रोकना पड़ा, बल्कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा को लेकर भी सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

**सऊदी ने क्यों दिखाया कड़ा रुख?:** एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब इस बात से नाराज था कि ट्रंप ने इस संवेदनशील ऑपरेशन का ऐलान सोशल मीडिया पर किया, जिसके लिए खाड़ी के सहयोगियों को भरोसे में नहीं लिया गया था। क्राउन प्रिंस और ट्रंप के बीच बातचीत के बावजूद ■ शेष पृष्ठ 8 पर


भारत सरकार
सोमनाथ
अनंत ऊर्जा का अनुभव
छत्तीसगढ़ शासन
सोमलिङ्गं नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥
सोमनाथ
विरासत के 75 साल
सोमनाथ भारत की अजेय सभ्यता का प्रतीक है।
1000 वर्षों के विनाशकारी प्रहारों के बाद भी, सोमनाथ आज हमारे आत्म-सम्मान और साहस की मिसाल बनकर खड़ा है। 75 वर्ष पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के संकल्प से आधुनिक सोमनाथ का मार्ग प्रशस्त हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, आज यह पावन भूमि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का उद्घोष कर रही है।
श्री सोमनाथ मंदिर परिसर
प्रभास पाटन
8 से 11 मई, 2026
इस स्वर्णिम अवसर के साक्षी बनें
मुख्य गतिविधियां
कलश यात्रा | भजन संध्या | ॐकार मंत्र का जाप
सोमनाथ पुस्तिका में मंत्र लेखन | सोमनाथ से जुड़ी कथाओं का वाचन
"सोमनाथ आशा का वह गीत है जो हमें सिखाता है कि सृजन की शक्ति विनाश से कहीं अधिक प्रबल होती है।"
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी (अध्यक्ष, श्री सोमनाथ ट्रस्ट)
S-47753
सोमनाथ की दिव्यता व भव्यता में दें योगदान और बनें गौरवशाली इतिहास का हिस्सा।
स्कैन करें।
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

# आम की छांव में बदले सपनों के मायने, करोड़पति दीदी बनने का सोचिए

■ सुशासन तिहार में वनांचल की महिलाओं से आत्मीय संवादरू संघर्ष की कहानियों में दिखी आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की तस्वीर

**रायपुर/नवप्रदेश।** कबीरधाम जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में 4 मई को सुशासन तिहार के दौरान एक ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने सरकारी योजनाओं के असर को आंकड़ों से निकालकर मानवीय संवेदनाओं से जोड़ दिया। घने जंगलों और पहाड़ियों के बीच बसे ग्रामपंचायत लोखान के कमराखोल में जब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय अचानक ग्रामीणों के बीच पहुंचे, तो वहां मौजूद महिलाओं के लिए यह केवल मुख्यमंत्री से मुलाकात नहीं थी, बल्कि अपने संघर्षों को पहचान मिलने का भावुक क्षण था।

आम के पुराने विशाल पेड़ की छांव में चौपाल सजी। मुख्यमंत्री महिलाओं और ग्रामीणों के बीच बैठकर उनसे सहज बातचीत कर रहे थे। गांव की महिलाएं खुलकर अपनी जिंदगी की कहानियां साझा कर रही थीं - कभी आर्थिक तंगी, सीमित अवसर और संघर्षों से भरी जिंदगी, तो आज स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने तक का सफर। जब मुख्यमंत्री को बताया गया कि बिहान योजना से जुड़कर यहां की कई महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं, तो उनके चेहरे पर संतोष और गर्व दोनों दिखाई दिए।

उन्होंने कहा - आप लोगों ने मेहनत और आत्मविश्वास से अपनी जिंदगी बदली है। अब यहीं मत रुकिए। बड़ा सोचिए, आगे बढ़िए। अब आपको करोड़पति दीदी बनने का सपना देखना है। मुख्यमंत्री के ये शब्द चौपाल में मौजूद नारीशक्ति के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं थे। ग्राम कुकदूर की श्रीमती कचरा तेलगाम ने अपनी कहानी साझा की। श्रीमती कचरा तेलगाम ने बिहान योजना से मिले दो लाख रुपये के ऋण से शटरिंग प्लेट्स खरीदीं और नया व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत आसान नहीं थी, लेकिन मेहनत और लगन ने धीरे-धीरे उनकी जिंदगी बदल दी। आज उनके पास लगभग 1700 वर्गफुट शटरिंग सामग्री है और वे 22 से अधिक मकानों के निर्माण कार्य में सहयोग कर चुकी हैं।

## चंद घंटों में कौशिल्या को मिला आयुष्मान कार्ड

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आयोजित सुशासन तिहार शिविर ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इसी क्रम में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम पंचायत मोहतरा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्रशासन की संवेदनशीलता का एक अनूठा उदाहरण देखने को मिला, जहाँ ग्राम मोहतरा निवासी महिला कौशिल्या साहू को आवेदन करते ही तत्काल आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया।

## महिलाओं को मिला 6-6 लाख का आर्थिक संबल

■ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े कदम

■ जन समस्या निवारण शिविर में महिलाओं को मिला आर्थिक सशक्तिकरण, सुशासन तिहार बना रोजगार का आधार

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2026 ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रहा है। मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले के विकासखंड मानपुर के अंतर्गत ग्राम साल्हेभट्टी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर इसका जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया, जहां एनआरएलएम बिहान योजना के तहत स्व सहायता समूह की महिलाओं को बैंक लिंकेज के माध्यम से स्वरोजगार हेतु ऋण स्वीकृत कर लाभान्वित किया गया। इस शिविर में ग्राम जामड़ी की पदम वैष्णव देवी स्व सहायता समूह की 11 महिलाओं को सामूहिक मक्का खेती के लिए 6 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। समूह की सभी महिलाएं मध्यमवर्गीय किसान परिवारों से जुड़ी हैं और लंबे समय से खेती-किसानी में संलग्न रही हैं। अब इस आर्थिक सहयोग से वे संगठित होकर आधुनिक तरीके से सामूहिक मक्का उत्पादन करेंगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से अधिक मजबूत बन सकेंगी। इसी प्रकार ग्राम औंधी की संत मरियम स्व सहायता समूह की 10 महिलाओं को भी 6 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

## जनसमस्या शिविर में त्वरित कार्रवाई से हाथों-हाथ हुआ राशन कार्ड जारी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा है। शासन की संवेदनशील पहल से अब ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं, बल्कि प्रशासन स्वयं गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याओं का निराकरण कर रहा है। सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मणगढ़ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम पंचायत मरेया निवासी श्रीमती अनीता को नया राशन कार्ड प्रदान किया गया। उन्होंने शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया था, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही राशन कार्ड जारी कर दिया गया। अनीता ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि पहले राशन कार्ड नहीं होने के कारण परिवार को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि अब शासन की खाद्यान्न योजना का लाभ नियमित रूप से मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इतनी जल्दी उनका काम हो जाएगा। गांव में ही समस्या का समाधान मिलने से वे बेहद संतुष्ट हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण सरल और सहज तरीके से हो रहा है।

## सुशासन की मोटरसाइकिल से दुर्गम पहाड़ों तक पहुंचे कलेक्टर-एसपी, लगाई चौपाल

छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार 2026 अभियान के तहत अब विकास की किरण केवल दफ्तरों तक सीमित नहीं है, बल्कि सीधे सुदूर वनांचलों तक पहुँच रही है। इसी क्रम में छत्तीसगढ के सुकमा जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता की एक नई मिसाल पेश की। बुधवार को कलेक्टर श्री अमित कुमार और पुलिस अधीक्षक श्री किरण चव्हाण ने किसी प्रोटोकॉल की परवाह न करते हुए, खुद मोटरसाइकिल चलाकर 30 किलोमीटर लंबे उबड़-खाबड़ और दुर्गम रास्तों को पार किया और पहुंचविहीन ग्राम गोंडेरास व नीलावाया पहुँचे।

जिला प्रशासन सुशासन तिहार के माध्यम से 31 व्यक्तिगत योजनाओं और 14 सामुदायिक सुविधाओं को सीधे ग्रामीणों के द्वार तक पहुँचा रहा है। कलेक्टर और एसपी का यह दौरा साबित करता है कि जब प्रशासन संवेदनशीलता के साथ दूरी मिटाता है, तो जनता के मन में व्यवस्था के प्रति विश्वास और बदलाव की नई उम्मीद जागती है।

गोंडेरास गांव में कलेक्टर और एसपी ने किसी आलीशान मंच के बजाय इमली के पेड़ के नीचे बिछी खाट पर बैठकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों द्वारा सोलर प्लेट्स के खराब होने की शिकायत पर कलेक्टर ने तत्काल क्रेडा विभाग को सभी घरों में मरम्मत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गाँव में आंगनबाड़ी और पंचायत भवन जैसे बुनियादी कार्यों के लिए 70 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई, जिसकी जिम्मेदारी ग्राम पंचायत को ही सौंपी गई है। शिविर में 17 किसान क्रेडिट कार्ड, 12 जाति प्रमाण पत्र और 11 पीएम-किसान प्रकरणों का निराकरण, 2 किसान किताब, 2 पटवारी प्रतिवेदन सहित कई दस्तावेज मौके पर ही वितरित किए गए।

### स्वास्थ्य सुरक्षा और पुलिया की सौगात

ग्राम नीलावाया पहुँचकर अधिकारियों ने जमीन पर बैठकर चौपाल लगाई। बारिश के दिनों में ग्रामीणों को होने वाली 15 किमी की अतिरिक्त दूरी को खत्म करने के लिए कलेक्टर ने मौके पर ही नाले पर पुलिया निर्माण की स्वीकृति दी। 4 मोतियाबिंद मरीजों को जिला अस्पताल भेजने और गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव के लिए सचिव को कड़े निर्देश दिए गए।

## सुशासन तिहार-2026 से किसानों को मिल रहा वैज्ञानिक खेती का मार्गदर्शन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार 2026 के माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। शासन की पहल से अब कृषि विभाग की टीम गांव-गांव पहुंचकर किसानों को उन्नत खेती की तकनीकों और मृदा परीक्षण के प्रति जागरूक कर रही है। सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मानपुर निवासी किसान श्री लालजी यादव ने कृषि विभाग के मार्गदर्शन में अपनी भूमि की मिट्टी का परीक्षण कराया है। इससे अब उन्हें खेत की मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों की सही जानकारी मिल सकेगी और वे आवश्यकता अनुसार संतुलित मात्रा में खाद एवं उर्वरकों का उपयोग कर सकेंगे। किसान लालजी यादव ने बताया कि पहले बिना जानकारी के खाद का उपयोग किया जाता था, जिससे लागत बढ़ती थी। अब मिट्टी परीक्षण के आधार पर खेती करने से कम लागत में बेहतर उत्पादन मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कृषि अधिकारी नियमित रूप से किसानों तक पहुंचकर वैज्ञानिक खेती की जानकारी दे रहे हैं, जिससे किसानों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से किसानों को सीधे गांव में ही आवश्यक मार्गदर्शन और सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे खेती को लाभकारी बनाने में मदद मिल रही है।

## केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा का कल सारंगढ़ और झुमका दौरा

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास तथा उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा शुक्रवार 08 मई 2026 को सारंगढ़-बिलाईगढ़ और झुमका के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न सामाजिक और शासकीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री टंक राम वर्मा सुबह 08.30 बजे रायपुर स्थित शासकीय आवास (शंकर नगर) से सारंगढ़-बिलाईगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे और मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम (मण्डी प्रांगण) में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। दोपहर 1 बजे रेस्ट हाउस, सारंगढ़ में कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात करने के बाद दोपहर 03.15 बजे झुमका पहुंचेंगे और सुशासन तिहार कार्यक्रम में शामिल होंगे। राजस्व मंत्री शाम 5.30 बजे झुमका से वापस रायपुर के लिए रवाना होंगे।

## सिंचाई योजना के कार्यों के लिए 2.67 करोड़ की राशि स्वीकृत

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा कोण्डागांव जिले के अंतर्गत भण्डारसिवनी, लंजोड़ा, नारंगी उद्वहन सिंचाई योजना के मोटर पंप बदलने, पुनः विद्युतीकरण कार्य एवं सोलर एल.ई.डी. हाईमास्ट लाईट लगाने 2 करोड़ 67 लाख 52 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। सिंचाई योजना के प्रस्तावित कार्यों को पूर्ण हो जाने के बाद योजना के अंतर्गत 1391 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। योजना के कार्यों को पूरा कराने के लिए मुख्य अभियंता महानदी परियोजना जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

## सिमड़ा ग्राम पंचायत में श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**रायपुर/नवप्रदेश।** जशपुर कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार 2026 के तहत ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दुलदुला विकासखंड के ग्राम पंचायत सिमड़ा में सामूहिक स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुशासन तिहार के अवसर पर आयोजित इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर गांव में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। श्रमदान के माध्यम से गांव के सार्वजनिक स्थलों और परिसर की सफाई की गई तथा लोगों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया।

## समोदा बैराज तट बचाव कार्य के लिए 4.95 करोड़ रुपए स्वीकृत

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा महासमुंद जिले के विकासखण्ड-महासमुंद में महानदी स्थित समोदा बैराज के अपस्ट्रीम में दाँयी तट में निर्मित महामाया मंदिर एवं तट का बचाव कार्य हेतु 4 करोड़ 95 लाख 47 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। सिंचाई योजना के तहत समोदा बैराज के अपस्ट्रीम में दाँयी तट में कटाव रोकने हेतु तटबंध का निर्माण किया जायेगा।

## हज 2026: राज्य के 292 हजयात्री नागपुर से मदीना शरीफ के लिए रवाना

**रायपुर/नवप्रदेश।** । हज 2026 के अंतर्गत नागपुर अंतरराष्ट्रीय विमानतल से अकाशा एयरलाइंस की फ्लाइट द्वारा अब तक राज्य के 292 हजयात्रियों को मदीना शरीफ के लिए रवाना किया जा चुका है। हाजियों की रवानगी के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी द्वारा नागपुर स्थित हज हाउस में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

हज हाउस में हाजियों की रिपोर्टिंग कराई गई तथा हज यात्रा से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों का वितरण छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्ज़ा एजाज बेग द्वारा किया गया। इसके साथ ही हाजियों के लगेज का चेक-इन भी व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्ज़ा एजाज बेग एवं सदस्य मौलाना हसन अब्बास तथा मौलाना महताब ने विशेष बसों को हरी झंडी दिखाकर एयरपोर्ट के लिए रवाना किया। एयरपोर्ट पर भी हज यात्रियों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं राज्य हज कमेटी द्वारा उपलब्ध कराई गईं, जिससे यात्रियों का प्रस्थान सुगमता एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। नागपुर एंबारकेशन प्वाइंट से हज यात्रियों के प्रस्थान की समस्त व्यवस्थाओं का संचालन छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्ज़ा एजाज बेग के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सफलतापूर्वक किया गया।

## 'आदिवासी किसान रैनु राम को मिला अपनी भूमि का अधिकार'

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2026 आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी प्रशासन का एक सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है। इसी कड़ी में मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले के विकासखंड मानपुर के अंतर्गत ग्राम साल्हेभट्टी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में ग्राम सेण्डेवाही के आदिवासी किसान श्री रैनु राम, जो वर्षों से अपनी भूमि के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज़ के अभाव में कई प्रकार की परेशानियों का सामना कर रहे थे, उनकी समस्या को गंभीरता से लेते हुए राजस्व विभाग ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत उन्हें भूमि का पट्टा पत्रक प्रदान किया गया।

## कच्ची मकान, टपकाती छत से मिली मुक्ति वर्षों का सपना हुआ पक्का

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार और संवेदनशील सरकार ने आवासहीन परिवारों को पक्की छत देने के लिए कृतसंकल्पित है। यह योजना न केवल लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सहायक है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और स्थिर आवास भी प्रदान करती है। राज्य सरकार की इसी पहल से न केवल चौतलाल मरावी एवं सुखयारिन बाई मेरावी का सपना साकार हुआ है,बल्कि यह पहल पूरे राज्य में एक नई उम्मीद और उज्ज्वल भविष्य की किरण साबित हो रही है। आशाएं जब जीवंत रूप लेती हैं तो उसकी खुशी पूरे घर में साझा की जाती है। ऐसा ही एक दृश्य विगत दिनों खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के ग्राम सरोधी निवासी में देखने को मिला.जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लोगों का आवास का सपना साकार हुआ है। चौतलाल मरावी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना उनके लिए वरदान साबित हुई है। वे पुराने दिनों की कठिनाइयों को याद करते हुए बताती हैं कि कच्चे मकान में रहना काफी तकलीफदायक था। मौसम के अनुसार विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कभी छत टपकती थी तो कभी ठंड से रात भर नींद पूरी नहीं होती थी। अब पक्का मकान मिलने से उनकी ये समस्याएं दूर हो गई हैं।

**मॉडल:** खाद्यान्न की बर्बादी में रोक लगेगी, किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिलेगा

# विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना में धमतरी ने गढ़ा कीर्तिमान

■ प्रदेश के कुल चने का 50 प्रतिशत अकेले खरीदा

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना को धरातल पर उतारने में धमतरी जिला एक मॉडल बनकर उभरा है। सहकारी क्षेत्र को मजबूती देने वाली केंद्र और राज्य शासन की इस महत्वाकांक्षी पहल के तहत धमतरी ने न केवल भंडारण बुनियादी ढांचे में विस्तार किया है, बल्कि चना खरीदी के क्षेत्र में नया इतिहास रचते हुए पूरे प्रदेश को पीछे छोड़ दिया है।

धमतरी जिले ने कृषि क्षमता और प्रशासनिक मुस्तैदी का लोहा मनवाते हुए

अब तक 97 हजार क्विंटल चने की खरीदी पूरी कर ली है। प्रारंभिक लक्ष्य 1 लाख क्विंटल रखा गया है,जिसमे वर्तमान स्थिति लक्ष्य के करीब होने के बावजूद खरीदी निरंतर जारी है। पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में हुई कुल चना खरीदी का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा अकेले धमतरी जिले से दर्ज किया गया है।

**'क्या है विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना?':** भारत सरकार द्वारा 31 मई 2023 को शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों में ही पीएसीएस के माध्यम से भंडारण, प्रोसेसिंग यूनिट और कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करना है। इससे न केवल परिवहन लागत में कमी आएगी, बल्कि भंडारण के अभाव में होने वाली अनाज की बर्बादी पर भी लगाम लगेगी।

### '4 पैक्स समितियों में बनेंगे 2500 मीट्रिक टन के महा-गोदाम'

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एनसीसीएफ रायपुर द्वारा जिले की चार प्रमुख प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को गोदाम हायरिंग एश्योरेंस लेटर जारी कर दिए गए हैं। अंवरी, कोसमर्रा, पोटियाडीह और कोलियारी समितियों में अत्याधुनिक भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक गोदाम की क्षमता 2500 मीट्रिक टन होगी, जिसे विशेष रूप से चने के वैज्ञानिक भंडारण के लिए तैयार किया जा रहा है।

### प्रशासनिक सक्रियता और रणनीति

योजना को गति देने के लिए एग्रीमेंट और एमओयू की प्रक्रिया तेजी से पूर्ण कर ली गई है। जमीनी स्तर पर तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु एनसीसीएफ मुख्यालय, नई दिल्ली के साथ आरसीएस अधिकारियों और पैक्स प्रबंधकों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय बैठक की तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि धमतरी जिले ने चना खरीदी और भंडारण व्यवस्था में जो उत्कृष्टता दिखाई है, वह किसानों की मेहनत और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय का परिणाम है।

## सुविचार

कुछ नादान लोग ही जिंदगी का असली आनंद लेते हैं। वे बुद्धिमानों की तरह भूत और भविष्य की चिंता नहीं करते वर्तमान में जीते हैं।

# फिर निशाने पर चुनाव आयोग

बंगाल में भाजपा की जीत के बाद एक बार फिर चुनाव आयोग न सिर्फटीएमसी के बल्कि सारे विपक्षी दलों के निशाने पर आ गया है?। तमिलनाडु और केरल में हुए सत्ता परिवर्तन को लोकतंत्र की जीत बताया जा रहा है लेकिन बंगाल में बही बदलाव की बयार को लोकतंत्र की हत्या करार दिया जा रहा है। असम में भाजपा ने जीत की जो हैट्रिक लगाई है उस पर भी सवालिया निशान लगाया जा रहा है। इसे ही कहते हैं मीठा- मीठा गप - गप और कडवा - कड़वा थू - थू। जो राजनीतिक धुरंधर यह मुगालते पाले बैठे रहते हैं कि वे तो पैदा ही शासन करने के लिए हुए हैं और कोई प्रदेश या देश उनकी बपौती है वे चुनाव में अपनी पराजय को स्वीकार ही नहीं कर पाते। ऐसे में चुनाव प्रक्रिया पर तो कभी ईवीएम पर और कभी चुनाव आयोग पर अपनी हार का ठीकरा फोड़कर अपनी खीज निकालते हैं। वे अपने गिरेबान में झांकने की जहमत उठाना ही नहीं चाहते। बंगाल की निवृत्तमान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी अगर अपनी पराजय को नहीं पचा पा रही हैं तो इसमें आश्चर्य वाली कोई बात नहीं है। वैसे भी वो बहुत बड़ी नौटंकीबाज़ हैं उन्हें अच्छे से पता है कि उनके पाप का घड़ा भर चुका था जिसे फूटना ही था। बंगाल को बांग्लादेश बनाने की उनकी मंशा बंगाल के बाशिंदे समझ गए थे और इस बार उनको निपटाने का मन बना चुके थे। जब सारा देश मानकर चल रहा था कि इस बार बंगाल से टीएमसी का बोरिया बिस्तर बंधना तय है तो यह बात खुद को राजनीति की सबसे शातिर खिलाड़ी समझने वाली ममता बनर्जी न समझी हो यह भी भला मानने की बात है। ममता बनर्जी को अपनी करारी शिकस्त का बहुत पहले ही अहसास हो चुका था और उसी समय से वे एफआईआर को लेकर हल्ला मचाने लगी थी और चुनाव आयोग को गरियाने लगी थी ताकि अपनी हार के लिए वे चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहरा कर लोगों की सहानुभूति बगैर सके। यही वो कर रही हैं। अपनी शर्मनाक पराजय को अपनी जीत बताकर कर बेशर्मी की पराकाष्ठा पार कर रही हैं। ऐसा वे एक सोची समझी रणनीति के तहत कर रही हैं। उन्हें पता है कि अब बंगाल में उनकी दुकानदारी नहीं चलने वाली क्योंकि बंगाल का इतिहास रहा है कि वहां के भद्रक जब एक बार किसी राजनीतिक पार्टी पर भरोसा जताते हैं उससे उनका मोहभंग जल्दी नही होता। वे कई बार उसे मौका देते हैं और जब वह उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरती तो उसे न सिर्फसत्ता से उखाड़ फेंकते हैं बल्कि फिर कभी पीछे मुड़कर उसकी तरफनहीं देखते। बंगाल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी की दयनीय दशा इसका ज्वलंत प्रमाण है। अंततोगत्वा टीएमसी का भी यही हश्र होना है यह ममता बनर्जी भली भाँति जानती है। इसलिए अब वे एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति में आने की अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने की कवायद कर रही हैं। बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम को वे बड़ा मुद्दा बनाना चाहती हैं और चुनाव आयोग की सबसे बड़ी विरोधी नेता के रूप में अपनी छवि बनाकर आईएनडीआई की कमान अपने हाथों में लेकर खुद का कद बढ़ाना चाहती हैं जो अब घट चुका है। जिस इंडी गठबंधन की गांठे खुद ममता बनर्जी ने ढीली की हैं और एकला चलो रे की नीति पर चलते हुए बंगाल में कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी को दरकिनार कर के रखा था अब वे उसी गठबंधन को मजबूत करने की बात कर रही हैं। अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, स्टालिन और अरविंद केजरीवाल जैसे हारे हुए जुआरियों को जमात उन्हें समर्थन दे सकती हैं क्योंकि ये सभी आईएनडीआई की अगुवाई करने वाली कांग्रेस से असंतुष्ट हैं। किंतु ये सभी यह भूल रहे हैं कि कांग्रेस संसद में सबसे बड़ी पार्टी है और चार राज्यों में उसकी सरकार है। इसलिए आईएनडीआई की अगुवाई करने की वह स्वाभाविक दावेदार है। बहरहाल देखना दिलचस्प होगा कि बंगाल की जनता द्वारा नकार दिए जाने के बाद ममता बनर्जी राष्ट्रीय राजनीति में कितना सफल होती हैं?

## सद्गुरू बोधामृतम्

सद्गुरू ऋतेश्वर

◆ ये परमात्मा का सिद्धांत है कि हमारे ही कर्मों के फल हमें हमारे जीवन में मिलते हैं, तो जिस परेशानी का वर्तमान समय में सामना कर रहे हो वह तुम्हारे कर्मों की देन है।

◆ हम सब कुछ पावर और पैरों की निगाह से देखते हैं, अब जन्मों की आदत लग गई है। बचपन से हमारी आंखें जब भी कुछ देखती हैं तो पावर और पैसे के चश्में से देखती है; हमारा क्या लाभ है? वह आदमी हमें क्या दे सकता है? यहां संबंध नहीं बनते ऐसे, यह मजबूरियों का एक गठबंधन होता है जो टूट जाता है इसलिए परिवार टूट रहे हैं, प्रेमी टूट रहे हैं, जो प्रेमी कहते हैं अपने आप को, संबंधी टूट रहे हैं; एक ही कारण है बस यह दो चश्में और जैसे ही आप की दृष्टि उसके भीतर में यह ढूंढती है कि यह कृष्ण का कितना प्यारा है? यह जगतपिता से कितना प्रेम करता है? मनुष्यता से इसका कितना लगाव है? तो आपकी दृष्टि बदल जाएगी। अपनी दृष्टि को अंतिम दृष्टि मानकर धोखा मत खाना, यहां प्रतिपल सब कुछ बदलता रहता है।

## आज का इतिहास

**नई दिल्ली(वार्ता)।** 1541: स्पेनिश खोजकर्ता फर्नांडो डी सोटो मिसिसिपी नदी तक पहुँचने वाले पहले यूरोपीय बने।1886: अमेरिकी फार्मासिस्ट जॉन एस. पैम्बर्टन ने अटलांटा में पहली बार कोका-कोला को एक टॉनिक के रूप में बेचा।1902: कैरेबियन द्वीप मार्टीनिक पर माउंट पेली के ज्वालामुखी विस्फोट से सेंट पियरे शहर नष्ट हो गया, जिससे हजारों लोगों की मौत हो गई।1933: महात्मा गांधी ने आत्म-शुद्धि के लिए 21 दिनों का उपवास शुरू किया।1945: द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी के आत्मसमर्पण के बाद यूरोप में विजय दिवस (ङ्क्ष्व छ्वड्ढ4) मनाया गया।1959: भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने चीन को भारत के खिलाफ युद्ध जैसी धमकियों से बाज आने की चेतावनी दी।1978: राइनहोल्ड मेसनर और पीटर हेबलर ने ऑक्सीजन के बिना माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने का पहला कीर्तिमान बनाया।8 मई को मनाए जाने वाले दिवस:विश्व रेड क्रॉस दिवस: रेड क्रॉस के संस्थापक और पहले नोबेल शांति पुरस्कार विजेता हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन (1828) के उपलक्ष्य में।

# सोमनाथ: भारत की अजेय आत्मा का प्रतीक!

*वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनूभूति कराता है।*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता है। हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा हैः प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है! जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा। यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंदपाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी। ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया।

विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की। महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा। बड़ौदा के गायकवाड़ों ने तीर्थयात्रियों के अधिकारों की रक्षा की। इसके साथ ही हमारी यह धरती वीर हमीरजी गोहिल, वीर वेगड़ाजी भील जैसे पराक्रमियों से धन्य हुई है। उनके साहस और बलिदान को आज भी याद किया जाता है। 1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, ''इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।'' उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया। दुर्भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके,

जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इससे पहले कि जीर्णोद्धार के बाद सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए खुलता, उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया।

तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद, डॉ. प्रसाद ने समारोह में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। मुझे अक्टूबर 2001 का वह समय आज भी अच्छे से याद है, जब मैंने मुख्यमंत्री के रूप में दायित्व संभाला था। 31 अक्टूबर 2001 को, सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर गुजरात सरकार ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण की 50वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया। इसी समय सरदार पटेल की 125वीं जयंती भी मनाई जा रही थी। इस कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी और तत्कालीन गृहमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी जी की मौजूदगी ने इसे और भी गरिमापूर्ण बना दिया। 11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप लोगों के जीवन में समृद्धि भी लानी होगी। इसको लेकर उनके संदेश अत्यंत प्रेरणादायी रहे हैं। पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र से प्रेरित होकर सोमनाथ से काशी, कामाख्या से केदारनाथ, अयोध्या से उज्जैन और त्रयंबकेश्वर से श्रीशैलम तक, हमने अपने आध्यात्मिक केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया है। इसके साथ ही उनकी पारंपरिक पहचान को भी बनाए रखा है। आज बेहतर कनेक्टिविटी से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आ पा रहे हैं।

इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है, आजीविका सुरक्षित हो रही है, साथ ही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना और सशक्त हो रही है। सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। सोमनाथ अपनी गौरवशाली परंपरा के साथ हमेशा खड़ा रहेगा, क्योंकि यह हमारी साझा सभ्यता का प्रतीक है। इसी गौरव को नमन करते हुए बलिदान देने वाले वीरों की स्मृति में और दानवीरों की उदारता को याद करते हुए अगले एक हजार दिनों तक यहां विशेष पूजा आयोजित की जाएगी। यह देखकर बहुत प्रसन्नता हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं। सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी आस्था, अपनी संस्कृति और अपनी एकता से जुड़ा रहता है, तब उसे लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। आज भी हमारी सबसे बड़ी शक्ति यही साझा चेतना है, यही एकात्म भाव है।

यही भावना हमें विभाजन से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में साथ चलने की प्रेरणा देती है। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर पवित्र सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता के साक्षात दर्शन करें। जब आप सोमनाथ के तट पर खड़े होंगे, तब उसकी प्राचीन प्रतिध्वनियों को अपने भीतर महसूस करेंगे। वहां आपको केवल भक्ति का अनुभव नहीं होगा, बल्कि उस सभ्यतागत चेतना की सशक्त धड़कन भी सुनाई देगी, जो कभी रुकी नहीं, जिसकी तीव्रता कभी कम नहीं हुई। वहां आप भारत की उस अपराजित आत्मा का अनुभव करेंगे, जिसने हर आघात के बावजूद अपनी पहचान और अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखा। आप समझ पाएंगे कि इतने प्रयासों के बाद भी क्यों हमारी सभ्यता मिट नहीं सकी। वहां आपको चिर विजय के उस दर्शन का अनुभव होगा, जो सदियों से भारत की शक्ति बना हुआ है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

# चुनाव हारने के बाद ममता दीदी की ओछी राजनीति

महेन्द्र तिवारी

पश्चिम बंगाल की पावन धरती पर 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद जो दृश्य उभरा है वह भारतीय राजनीति के इतिहास में एक अत्यंत जटिल और अभूतपूर्व अध्याय के रूप में दर्ज हो चुका है। वर्ष 2011 में जब ममता बनर्जी ने 34 वर्षों के सुदृढ़ वामपंथी शासन को उखाड़ फेंका था तब इसे एक बड़े परिवर्तन के रूप में देखा गया था। उस समय उन्होंने स्वयं को निर्धन वर्ग, कृषकों और बंगाल की अस्मिता के रक्षक के रूप में प्रस्तुत किया था। परंतु समय का चक्र ऐसा घूमा कि 15 वर्षों के उनके शासन के पश्चात 2026 में जनता ने एक ऐसा निर्णय सुनाया जिसने सत्ता के गलियारों को हिलाकर रख दिया। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी संगठनात्मक शक्ति का परिचय देते हुए 294 निर्वाचन क्षेत्रों में से 207 क्षेत्रों पर विजय प्राप्त कर स्पष्ट बहुमत का जादुई आंकड़ा पार कर लिया। दूसरी ओर राज्य में लंबे समय से शासन कर रही तृणमूल कांग्रेस मात्र 80 स्थानों पर सिमट कर रह गई। यह परिणाम न केवल चौंकाने वाला था अपितु इसने राज्य की राजनीतिक दिशा को पूरी तरह से बदल दिया। इस बार मतदान का स्तर 92.93 प्रतिशत तक पहुंच गया जो बंगाल के निर्वाचन इतिहास में अब तक का सर्वाधिक मतदान माना जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं का घर से बाहर

निकलना इस बात का संकेत था कि जनता के मन में परिवर्तन की तीव्र आकांक्षा थी। जैसे ही चुनाव परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित हुए राज्य में राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का एक ऐसा दौर आरंभ हुआ जिसने पूरे राष्ट्र का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। विपक्षी दलों और राजनीति के जानकारों ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करने के स्थान पर टकराव का मार्ग चुन लिया है। निर्वाचन परिणामों के तत्काल पश्चात उन्होंने जो वक्तव्य दिया उसने एक नया विवाद खड़ा कर दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह उनकी हार नहीं है बल्कि एक सुनियोजित षड्यंत्र की जीत है। उन्होंने भारत के निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े करते हुए दावा किया कि लगभग 100 निर्वाचन क्षेत्रों में जनादेश को लूटा गया है। इसके अतिरिक्त उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक मतदान यंत्रों की विश्वसनीयता पर भी संदेह व्यक्त किया। उनके अनुसार कई मतदान यंत्रों में विद्युत संचय की क्षमता अर्थात बैटरी का स्तर असामान्य रूप से 99 प्रतिशत पाया गया जो उनकी दृष्टि में किसी बड़ी गड़बड़ी का संकेत था। उन्होंने इस पूरे चुनाव को एक पूर्व निर्धारित खेल की संज्ञा दी जिसे सुनकर विपक्षी खेमे में भारी रोष व्याप्त हो गया। राजनीतिक विश्लेषकों का तर्क था कि यदि चुनाव प्रक्रिया में कोई विसंगति थी तो उसके लिए निर्धारित कानूनी और संवैधानिक मंच उपलब्ध हैं लेकिन सार्वजनिक रूप से पूरी लोकतांत्रिक संस्था पर प्रश्न उठाना जनमत का अनादर करने जैसा है। विवाद उस समय और अधिक गहरा गया जब ममता बनर्जी ने मुख्यमंत्री के पद से त्यागपत्र देने से स्पष्ट मना कर दिया। संसदीय लोकतंत्र की यह एक स्थापित मर्यादा रही है कि जब कोई सरकार विधानसभा में अपना बहुमत खो देती है तो वह नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त करने के लिए तत्काल पद छोड़ देती है। परंतु ममता बनर्जी ने तर्क दिया कि वह एक राजनीतिक और कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं और वह तब तक पद नहीं छोड़ेंगी जब तक कि स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो जाती। इस निर्णय ने एक गंभीर संवैधानिक संकट को जन्म दिया। देश के प्रमुख संवैधानिक विशेषज्ञों ने इस पर चिंता व्यक्त की कि यदि निर्वाचन आयोग ने नई विधानसभा के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है तो निवर्तमान सरकार का पद पर बने रहना अनैतिक और अवैध हो सकता है।

## पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जाने कहां से आकर यहां तुमने नए से हौसले दिए गीतों के थके से चराग़ थे तुमने चराग झिलमिला दिए। किसको सुनाएं ये दर्दे दिल किसने हैं कितने जख्म दिए कई शाम आंधियों ने इधर आ कर नए रंजोगम दिये तुमने नेह वाले दुआ के स्वर हवाओं में, मिला दिए गीतों के थके से चराग....तड़पती रही,सिसकती रही दुनियां तपी रेगिस्तान सी जलती जलती किसी थार की ग़मे नदी की दास्तान सी बुझते हुए चिरागों को तुम खिले गुलों सा खिलखिला दिये गीतों के थके से चराग...। - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

यकीन था मुझे खुद पर तुम मना लोगे मुझे.... पर नफरतों ने तुम्हारी मेरे यकीन से यूँ बगावत कर दी जैसे लहरों को कोई सरोकार न हो साहिल से।

**- वर्षा वार्ष्णेय**

सोशल मीडिया में देख रहा हूँ– ÷धरती का स्वर्ग ÷ स्वर्गलोक के देवता जगमग उजेरे में देवदूतों के घेरे में गिरते-पड़ते, लुढ़कते-फुदकते भाग रहे हैं तहखाने की ओर; और एक सुरबाला, गुडुकते-गुडुकते कर रही है उनका अनुसरण ! 'स्वर्गलोक' की शिक्षा में– अद्भुत है नियम-- मार्ग-प्रशस्तिकरण ! – **पंकज कुमार बसंत**

समय बदलते देर न लगती, आज प्रशंसक कल आलोचक हो जाता है। दबे स्वर में कहा गया, एक दिन विस्फोटक हो जाता है। आग लगी जिसके घर में, उससे पूछो उसका दुख, जानोगे जो गैरों से, तो मसला रोचक हो जाता है।

**- अलका अग्रवाल**

माल वाले लोग किसी चीज का दाम 100 रुपये न रख के 99 रुपये रखते है ताकि मानसिकता तीन डिजिट यानि 100 तरफन जाकर दो डिजिट तरफजाने से सस्ता लगे मोदी सरकार ने इसे ध्यान रख कर कमर्शियल सिलेंडर को 1000 रुपये न करके 993 वृद्धि करके हजार वाली तीन डिजिट की मानसिकता से होने वाली परेशानी से देशवासियों को बचा लिया। बहुत बहुत आभार 7 रुपये की बम्पर छूट देने के लिए साहेब । – **संत आर थवाइत**

कैसे हैं अब रिश्ते - नाते , कैसी ये दुनियादारी है । दिल में ख़ार चुभाते ताने हैं और गरदन पर आरी है । ये घड़ियाली आँसू आँखों के , काम निकाले अपना बस , काम निकल जाने के बाद , शिकायत ही हर दिन जारी है ।

**- ऐनुल बरौलवी**

जिंदगी के आधी सेंचुरी बीत जाने के बाद बचपन के दोस्तों से मिलने खुशी अतुलनीय है। रविवार के दिन हम दोस्तों का मिलन हुआ।सच बोलें तो मजा आ गया। बहुत कुछ जो कुछ हम भूल गए थे सब फिर से याद आ गया। पता ही नही चला कब हम बच्चे से अधेड़ हो गए। उम्र कोई भी बचपन साथ रहना चाहिए।

**- प्रीति श्रीवास्तव**

## राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

**मेष :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा धर्म कर्म आध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। परोपकार के लिये भी तैयार रहेंगे लेकिन परिस्थिति इन सबको करने में बाधक बनेगी।

**वृषः** आज के दिन आप दिन भर शारीरिक कारणों से परेशान रहेंगे शरीर मे कोई ना कोई व्याधि लगी रहेगी एक को ठीक करेंगे तो दूसरी समस्या उभर आएगी सेहत ठीक भी रहे तो मानसिक तनाव निर्णय लेने मे व्यवधान डालेगा।

**मिथुनः** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा आज दिन भर बीच बीच मे किसी की उद्दंडता पर क्रोध भी आएगा लेकिन इससे बचने का प्रयास करें अन्यथा सार्वजनिक क्षेत्र पर सम्मान में कमी आएगी।

**कर्कः** आज का दिन मानसिक रूप से उठा पटक वाला रहेगा। दिमाग मे आज कुछ न कुछ खुरापात लगी ही रहेगी लेकिन मन के भेद आज किसी से बताना पसंद नही करेंगे।

**सिंहः** आज आपका दिन पिछले दिनों की तुलना में अच्छा रहेगा लेकिन मानसिक क्लेश आज भी किसी न किसी कारण से लगा ही रहेगा। कोई भी काम बिना झंझट में पड़े सफल नही हो सकेगा।

**कन्याः** आपको आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह है दिमाग तो आज बात बात पर गर्म रहेगा ही किसी से अनजाने में कुछ ऐसा बोल देंगे जिसका बाद में पश्चाताप होगा लड़ाई होने पर प्रेम संबंध खराब होंगे वह अलग।

**तुलाः** आज आपका पराक्रम बढ़ा हुआ रहेगा किसी भी काम मे जल्दी से हार नही मानेंगे। लेकिन कार्य व्यवसाय में अन्य के ऊपर निर्भर रहने के कारण चाहते हुए भी कुछ नही कर पाएंगे।

**वृश्चिकः** आज दिन के आरंभ में आप परिश्रम करने से बचेंगे लेकिन जितना इससे दूर भागेंगे उतने ही काम बढ़ेंगे। शारीरिक रूप से ठीक रहेंगे क्रोध के समय किसी से बात ना करें।

**धनुः** आज के दिन आपका व्यक्तित्व निखरा हुआ रहेगा सार्वजनिक क्षेत्र पर आज आप जैसी छवि बनाएंगे।

**मकरः** आज के दिन आपको आर्थिक व्यावसायिक एवं घरेलू संबंधित विविध समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। सेहत भी नरम गरम बनी रहेगी।

**कुंभः** आज का दिन लाभदायक रहेगा सोचा हुआ लाभ पाने के लिये प्रातः काल से ही योजना बनाकर कार्यो में लगना पड़ेगा। सेहत ठीक ही रहेगी।

**मीनः** आज के दिन आपकी दिनचर्या में सुधार आयेगा। दिन के आरंभ में किसी कारण से व्यर्थ की उलझन रहेगी परन्तु धीरे धीरे स्थिति सामान्य हो जाएगी।

## QUIZ TIME

1) भारत का सबसे छोटा हवाई अड्डा का नाम क्या है?

2) 1858 में किस शहर को 1 दिन के लिए भारत की राजधानी बनाया गया था?

3) प्राचीन भारतीय ग्रंथ पंचसिद्धांतिका किसके 5 सिद्धांतों से संबंधित है?

4) 2025 में पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में खो खो विश्व कप किस देश ने जीता?

5) पोस्टोजन्या गुफा, जो हाल ही में खबरों में थी, किस देश में स्थित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बलजेक हवाई अड्डा, मेघालय (2) इलाहाबाद (3) वराहमिहिर (4) भारत (5) स्लोवेनिया

## पहेली

शब्द सामर्थ्य -031

# आईआईटी भिलाई के पांच फैकल्टी सदस्यों को मिला पीएम अर्ली करियर रिसर्च ग्रांट

■ इनोवेटिव रिसर्च प्रोजेक्ट्स के लिए सम्मानित हुए

**दुर्ग/नवप्रदेश।** आईआईटी भिलाई ने एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है, जिसके तहत उसके पाँच फैकल्टी सदस्यों को प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री अर्ली करियर रिसर्च ग्रांट (पीएमईसीआरजी) मिला है। डॉ. कृष्ण मुरारी असिस्टेंट प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, डॉ. कचाला नानाजी असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग और एडजंक्ट फैकल्टी, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, डॉ. सैकत साहू असिस्टेंट प्रोफेसर, मेकाट्रॉनिक्स विभाग, डॉ. नितिन बी असिस्टेंट प्रोफेसर, सामग्री विज्ञान और धातुकर्म इंजीनियरिंग विभाग और डॉ. अविजित साहा असिस्टेंट प्रोफेसर, भौतिकी विभाग को वर्ष 2025-26 के लिए यह प्रतिस्पर्धी ग्रांट प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री अर्ली करियर रिसर्च ग्रांट (पीएमईसीआरजी) भारत में अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की प्रतिष्ठित पहल है। यह ग्रांट 3 वर्षों की अवधि के लिए दिया जाता है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास करने वाले शुरुआती करियर के शोधकर्ताओं को यह ग्रांट प्रदान किया जाता है। इसका उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, लचीली फंडिंग उपलब्ध कराना है।

डॉ. मुरारी के प्रोजेक्ट हाइब्रिड एसी-डीसी वितरण नेटवर्क के लिए उन्नत कम्प्यूटेशन और वितरित नियंत्रण ढाँचा का उद्देश्य

हाइब्रिड एसी-डीसी वितरण नेटवर्क के विश्लेषण, अनुकूलन और नियंत्रण के लिए एक उन्नत ढाँचा विकसित करना है।

डॉ. नानाजी का प्रोजेक्ट उच्च-वोल्टेज, टिकाऊ लिथियम-आयन बैटरी निर्माण के लिए एक स्केलेबल मार्ग स्थापित करने हेतु बॉल-मिल्ड नैनो-एलएमएफपी को ड्राई इलेक्ट्रोड तकनीक के साथ एकीकृत करना। बॉल-मिल्ड नैनो-एलएमएफपी कैथोड पाउडर के संश्लेषण के लिए एक स्केलेबल मार्ग पर काम करने से संबंधित है, जिसके बाद उच्च-वोल्टेज और टिकाऊ लिथियम-आयन बैटरियों के लिए ड्राई इलेक्ट्रोड का निर्माण किया जाएगा।

डॉ. साहू का शोध सीढ़ीदार खेती में चोट से बचाव और दक्षता बढ़ाने के लिए एक हाइब्रिड बैक-सपोर्ट एक्सोस्केलेटन का विकास एक नवीन हाइब्रिड पहनने योग्य एक्सोस्केलेटन विकसित करने में विशेषज्ञता रखता है। यह एक्सोस्केलेटन सक्रिय और निष्क्रिय, दोनों तरह के तंत्रों को एकीकृत करता है, ताकि ऐसे कठिन वातावरण में काम करने वाले किसानों की सहायता की जा सके।

डॉ. नितिन का प्रोजेक्ट बेहतर उच्च-तापमान प्रदर्शन और हाइड्रोजन एम्ब्रिटलमेंट प्रतिरोध के लिए उन्नत बहु-चरण संरचनात्मक मिश्र धातुओं का विकास कम्प्यूटेशनल मिश्र धातु डिजाइन तकनीकों और सूक्ष्म-संरचना इंजीनियरिंग का उपयोग करके एक नई बहु-चरण मिश्र धातु के डिजाइन और विकास पर केंद्रित है। यह शोध भारत के राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन का समर्थन करता है, जिससे एक सुरक्षित और अधिक विश्वसनीय हाइड्रोजन बुनियादी ढाँचे के निर्माण में योगदान मिलता है।

डॉ. साहा का कार्य और बायोइमेजिंग के लिए पर्यावरण-अनुकूल क्वांटम नैनोमटेरियल उत्सर्जक नए पर्यावरण-अनुकूल, शॉर्टवेव इन्फ्रारेड-सक्रिय क्वांटम डॉट्स विकसित करने और एसडब्ल्यूआईआर लाइट एमिटिंग डायोड तथा बायोइमेजिंग के क्षेत्र में उनके अनुप्रयोगों को प्रदर्शित करने पर केंद्रित है।

## न्यूज गैलरी

### अफीम की खेती का खुलासा करने वाला सरपंच बर्खास्त

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में सबसे पहले अफीम की खेती का खुलासा दुर्ग जिले के समोदा गांव में हुआ था। शिकायत करने वाले समोदा गांव के सरपंच अरुण गौतम को बर्खास्त कर दिया गया है। एसडीएम कोर्ट ने उन्हें चुनावी हलफनामे में हत्या के प्रयास का मामला छिपाने का दोषी होने पर सरपंच पद से हटाने का आदेश दिया। समोदा गांव में अब सरपंच पद के लिए दोबारा उपचुनाव कराया जाएगा। कोर्ट ने दुर्ग जनपद पंचायत के सीईओ को राज्य निर्वाचन आयोग को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं, ताकि उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

### जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में आज जनसमस्या निवारण शिविर

**दुर्ग।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आम जनता को सरकारी सेवाओं का त्वरित लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 8 मई शुक्रवार को जनपद पंचायत दुर्ग के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, ढौर में शिविर लगाया जाएगा। नगर निगम भिलाई के अंतर्गत मुख्य कार्यालय सुपेला में शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद जामुल के वार्ड 6 स्थित हाई स्कूल डोम शेड में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

### जामुल में आज सुशासन शिविर का आयोजन

**जामुल।** शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत नगर पालिका परिषद जामुल में शिविर का आयोजन 8 मई को हाई स्कूल डोम शेड में वार्ड 1 से 4 और वार्ड 6 के आम नागरिकों की समस्या के समाधान के लिए शिविर लगाया जाएगा। 14 मई को प्राथमिक शाला रावण भाठा वार्ड 9 में वार्ड 5, 7, 9 और 10 के लिए, 19 मई को एसीसी मंगल भवन वार्ड 13 में वार्ड 8, 11, 12, 13, 14 और 15 के लिये, 26 मई को मंगल भवन शिवपुरी वार्ड 16 में वार्ड 16, 17 और 18 के नागरिकों के लिए, 1 जून को सांस्कृतिक भवन बाजार चौक सुरडुंग में वार्ड 19, 20 के नागरिकों के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का समय सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा ।

### भाजपाइयों ने मनाया जीत का जश्न

**कुम्हारी।** भाजपा की पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में शानदार जीत की खुशी में कुम्हारी भाजपा मंडल ने स्टेशन चौक पर पटाखे फोड़कर लोगों को मिठाइयां बांटी। मंडल भाजपा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिन्हा ने कहा कि भाजपा की यह शानदार जीत आम जनता के भरोसे की जीत है। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा का लंबा बनवास समाप्त हुआ और बंगाल की जनता ने भाजपा पर भरोसा कर बंगाल को भयमुक्त करने भाजपा को जीत दिलाई। सांसद प्रतिनिधि मिथलेश यादव ने कहा कि भाजपा की जीत से स्पष्ट हो गया है कि बंगाल की जनता अब भय में जीना नहीं चाहती। नगर पालिकाध्यक्ष मीना वर्मा ने भाजपा की इस जीत को भरोसे की जीत बताया। वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश साहू ने कहा की बंगाल अब विकास की नई गाथा लिखेगा।

### बीएसपी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर-2026 के लिए पंजीयन प्रारंभ

**भिलाई।** हर साल की तरह इस वर्ष भी बीएसपी के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 11 मई से 30 मई तक स्कूली बच्चों के लिये ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के लिये सभी संबंधित ग्राउंड्स/स्टेडियम में खिलाडियों का पंजीयन 7 मई से 15 मई के मध्य किया जाएगा। शिविर में शामिल 19 खेलों का विभिन्न खेल परिसरों, शालाओं के हॉल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। एथलेटिक्स, बॉल बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, कराटे, जूडो, टेनिस, वॉलीबॉल, कबड्डी, पावर लिफ्टिंग, सायकल पोलो/साइकिलिंग, जिम्नास्टिक, कुश्ती तथा खो-खो। इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न खेलों में खिलाडियों को अनुभवी प्रशिक्षकों (कोच) द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

# विधायक देवेंद्र ने केंद्रीय समिति को लिखा पत्र हसदेव में कोल ब्लॉक मंजूरी रोकने की मांग

■ 7 लाख पेड़ों को बचाने पहल की

**भिलाई/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के हसदेव अरण्य क्षेत्र में प्रस्तावित केंटे एक्सटेंशन कोल ब्लॉक को लेकर भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की सलाहकार समिति को पत्र लिखा है। देवेंद्र ने 1742.60 हेक्टेयर वन भूमि के डायवर्सन प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग की है। यह मामला 8 मई 2026 को नई दिल्ली में होने वाली सलाहकार समिति की बैठक में रखा जाना है।

विधायक देवेंद्र यादव ने पत्र में कहा है कि हसदेव अरण्य केवल कोयले का भंडार नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की पर्यावरणीय और सांस्कृतिक धरोहर है। यहां करीब 7 लाख पेड़ों की कटाई का खतरा है, जिससे पूरे क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन बिगड़

सकता है। उन्होंने कहा कि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हसदेव को बचाने की जरूरत है। प्रस्तावित कोल ब्लॉक का लगभग 98 प्रतिशत हिस्सा घने वन क्षेत्र में आता है।

देवेंद्र यादव ने कहा कि प्रस्तावित खनन क्षेत्र लेमरू हाथी रिजर्व के पास स्थित है। ऐसे में खनन शुरू होने पर हाथियों के आवागमन का रास्ता प्रभावित होगा और मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ सकता है। चारनोई नदी, हसदेव नदी और बांगो बांध के जलग्रहण क्षेत्र पर भी इसका गंभीर असर पड़ेगा। उन्होंने अपने पत्र में छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा 26 जुलाई 2022 को पारित सर्वसम्मत प्रस्ताव का भी जिक्र किया, जिसमें हसदेव अरण्य क्षेत्र में आगे खनन नहीं किए जाने की बात कही गई थी। स्थानीय आदिवासी समुदायों के वन अधिकारों और आजीविका पर भी इस परियोजना का सीधा असर पड़ेगा, क्योंकि हजारों परिवार वन उपज पर निर्भर हैं। देवेंद्र ने सलाहकार समिति से आग्रह किया है कि जनहित में इस प्रस्ताव को अस्वीकार किया जाए।

### पद्मश्री फुलबासन से मिले विधायक

गत दिनों पद्मश्री फुलबासन यादव का अपहरण का प्रयास किये जाने के बाद विधायक देवेंद्र यादव बुधवार की सुबह उनसे मिलने पहुंचे। विधायक देवेंद्र को देखकर फुलबासन बाई उनके गले लग कर फूट फूट कर रोने लगी। देर तक चर्चा के बाद विधायक देवेंद्र यादव ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि बहन फुलबासन यादव के साथ हुई घटना बहुत चिंताजनक है। पद्मश्री अवार्डी फुलबासन ने महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया है। उनका विश्व भर में नाम है। उनके अपहरण का प्रयास शासन और पुलिस प्रशासन के लिए शर्म की बात है। पुलिस प्रशासन और सरकार को इस मामले की गहराई से जांच करनी चाहिए। इस घटना के पीछे बड़े षडयंत्र की आशंका है। फुलबासन वनांचल की महिलाओं और बच्चों के लिए काम करती है। 20-25 किलोमीटर पैदल चलती है। जिस तरह सरकार विधायक और पूर्व विधायक को सुरक्षा देती है, वैसी सुरक्षा फुलबासन यादव को मिलनी चाहिये। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, जीतू मुदलियार, खुज्जी की पूर्व विधायक छन्नी साहू, पूर्व महापुर हेमा देशमुख, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, प्रदेश सचिव कांग्रेस मेहुल मारु, जिपं सदस्य महेंद्र यादव, मानव देशमुख, विशु अजमानी, अमर झा मौजूद थे।

### हॉस्टल परिसर में बिना लाइसेंस अवैध पनीर बनाने का कारोबार

**दुर्ग/नवप्रदेश।** शहर से 15 किलोमीटर दूर हॉस्टल परिसर में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से पनीर का भंडारण और सप्लाई किए जाने का मामला सामने आया है। यह कारोबार वैध लाइसेंस और खाद्य विभाग की अनुमति के बिना संचालित हो रहा था। अंडा क्षेत्र में शैल देवी महाविद्यालय के सामने स्थित भवन में बॉयज हॉस्टल के नाम पर अवैध पनीर स्टोरेज बनाया गया था। भवन के बाहर हॉस्टल का बोर्ड लगा था, लेकिन भवन के भीतर भारी मात्रा में पनीर का भंडारण कर उसकी सप्लाई की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलने के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने लगभग 140 किलो पनीर जब्त किया, जिसकी बाजार कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है। जांच के लिए पनीर के नमूने लैब भेजे गए हैं, ताकि उसकी गुणवत्ता और मिलावट की पुष्टि की जा सके। मौके से नोट गिनने की मशीन और एक तिजोरी भी बरामद हुई है। माना जा रहा है कि यह कारोबार लंबे समय से बड़े स्तर पर संचालित किया जा रहा था। कारोबार चलाने वाले संयम जैन ने अधिकारियों के सामने स्वीकार किया कि वह पहले किसी अन्य स्थान से कारोबार संचालित कर रहा था और हाल के दिनों में उक्त स्थान से पनीर बेचने का काम कर रहा था। विभाग द्वारा आगे की जांच और वैधानिक कार्रवाई की है.

### फसल अवशेष जलाने पर होगी कार्रवाई

**दुर्ग/नवप्रदेश।** जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने खेतों में फसल अवशेष (पैरा/भूसा) जलाने की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने सख्त निर्देश दिए हैं। ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियमों का उल्लंघन करने वाले किसानों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कृषि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि फसल अवशेष जलाने से न केवल वायु प्रदूषण फैलता है, बल्कि मिट्टी की ऊपरी 15 सेमी परत में मौजूद लाभदायक सूक्ष्मजीवी भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उपजाऊ क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। 1 टन धान के अवशेष जलाने से लगभग 5.5 किलो नाइट्रोजन, 2.3 किलो फास्फोरस और 25 किलो पोटेशियम जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व जलकर नष्ट हो जाते हैं। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के हित में फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। विकल्प के रूप में 'हैप्पी सीडर' और 'जीरो सीड-कम-फर्टिलाइजर ड्रिल जैसे आधुनिक यंत्रों के उपयोग की सलाह दी गई है, जिससे बिना अवशेष जलाए भी अगली फसल की बुवाई संभव है। अवशेषों को गड्ढों में डालकर वर्मी कंपोस्ट या जैविक खाद बनाने पर जोर दिया गया है।

### बेटियों के 'चाचा' बनकर विधायक रिकेश पहुंचे शाह नियाज के घर

■ 'लाडो' को दिया 'माँ का दुलार'

**भिलाई नगर/नवप्रदेश।** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन आज अपनी अनूठी मुहिम 'माँ-शिशु सुरक्षा कवच' के तहत वार्ड-21 के निवासी शाहनियाज आलम के घर पहुँचे। उन्होंने शाहनियाज आलम और शबनम खातून की नवजात सुपुत्री 'लाडो' को अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया। विधायक रिकेश सेन ने 1 मई से अपने क्षेत्र में एक विशेष संकल्प लिया है कि वे क्षेत्र में जन्म लेने वाली हर बेटी के

'चाचा' बनकर उसका स्वागत करेंगे। इसी कड़ी में आज वे आलम के निवास पहुँचे और नन्ही 'लाडो' को अपनी गोद में लेकर दुलार किया। उन्होंने परिवार को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**11 हजार रुपये की 'माँ का दुलार' किट भेंट की**

विधायक ने परिवार को 'माँ का दुलार' उपहार स्वरूप भेंट किया। यह एक विशेष गिफ्ट ट्रॉली सूटकेस है, जिसमें नवजात शिशु और माँ की जरूरत का हर सामान शामिल है। सूटकेस में ब्रांडेड कपड़े, बिस्तर और स्वच्छता से जुड़ी 25 से अधिक वस्तुएं शामिल हैं, जिसकी कीमत लगभग 11,000 रुपये है।

विधायक की संवेदनशील पहल पर शाहनियाज आलम और शबनम खातून ने आभार व्यक्त किया। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि मेरी विधानसभा में जन्म लेने वाली हर बेटी मेरी अपनी भतीजी है। संसाधनों की कमी उनकी मुस्कान के आड़े नहीं आनी चाहिए। 'माँ-शिशु सुरक्षा कवच' इसी दिशा में मेरा एक छोटा सा प्रयास है।

### 13 जोड़ों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह

■ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में सांसद बघेल ने दिया नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद

**भिलाई/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन भिलाई 3 के सतनाम भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 13 जोड़ों का विधि-विधान व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह कराया गया। नवविवाहित जोड़ों को शासन की ओर से 35-35 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अतिथियों ने नवदंपत्तियों को सुखमय वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना समाज के जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, जिससे बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग मिलता है और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को उज्ज्वल भविष्य व सुखद दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, महापौर निर्मल कोसरे, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, मंडल भाजपा अध्यक्ष वरुण यादव, प्रेमलाल साहू, सीता साहू, प्रेमलता चंद्राकर, श्याम सुंदर जायसवाल, परियोजना अधिकारी ऐश्वर्या नीलम राय, सीमा जंघेल व भीमेश्वरी पटेल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रसमड़ा मंदिर हत्याकांड में सेवादार को उम्रकैद

■ कोर्ट ने 3 साल बाद सुनाया फैसला, अधजली लाश की गुत्थी सुलझी

**दुर्ग/नवप्रदेश।** जिले के रसमड़ा स्थित सतबहनिया मंदिर में हुए चर्चित हत्याकांड में अदालत ने मंदिर के सेवादार रामचरण चंद्राकर को हत्या और सबूत मिटाने का दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। सत्र न्यायाधीश के. विनोद कुजुर की अदालत ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने माना कि आरोपी रामचरण चन्द्राकर ने मुकेश उर्फ राजू की टंगिया और त्रिशूल से बेरहमी से हत्या की थी। हत्या के बाद उसने शव को जलाकर मृतक की पहचान मिटाने का प्रयास भी किया। जांच के दौरान पुलिस को मंदिर के सेवादार रामचरण चन्द्राकर पर संदेह हुआ,

क्योंकि घटना के बाद से वह फरार था। 27 जुलाई 2023 को आरोपी और मृतक राजू की पहचान साल्हेकसा में हुई थी। घटना वाले दिन दोनों नशे की हालत में मंदिर परिसर में मौजूद थे। वहां राजू मछली खा रहा था, जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। इसी विवाद के बाद रामचरण चन्द्राकर ने राजू की हत्या कर दी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि रामचरण ने टंगिया और त्रिशूल से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हत्या के बाद आरोपी ने शव को जलाकर पहचान मिटाने की कोशिश की। वारदात के बाद रामचरण टंगिया को मंदिर के पास झाड़ियों में छिपाकर रेलवे ट्रैक की ओर भाग गया। कोयले से भरी मालगाड़ी में चढ़कर मुढ़ीपार पहुंचा और वहां से लोकल ट्रेन पकड़कर रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंच गया। रायपुर में वह दिन में मजदूरी करता था और रात रेलवे स्टेशन में बिताता था। पुलिस ने ग्रीन चौक के पास उसे करीब 5 महीने बाद 8 जनवरी 2024 को गिरफ्तार कर लिया।

सत्र न्यायालय ने आरोपी रामचरण चन्द्राकर को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास और 1000 रुपए अर्थदंड और धारा 201 के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास और 1000 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। जुर्माना नहीं भरने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### आदिवासी गोड़ समाज ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव

■ चक्काजाम कर देवालय का ताला खुलवाने की मांग

**दुर्ग/नवप्रदेश।** आदिवासी गोड़ समाज के सैकड़ों लोगों ने बुधवार को शहर में विशाल रैली निकालकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया। केंद्रीय कार्यालय से रैली के रूप में समाज के लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन के दौरान कचहरी चौक पर चक्का जाम कर दिया। इससे शहर के प्रमुख मार्गों पर जाम लग गया। समाज के लोगों ने पटेल चौक पहुंचते ही एमडी ठाकुर और सीताराम ठाकुर का पुतला जलाया। प्रदर्शन में शामिल समाज के लोगों ने चारों रास्तों पर घेराबंदी कर दी। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के बेरीकेट्स उठाकर मार्गों में लगा दिए। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। समाज के लोगों ने धार्मिक स्थल पर लगे ताले को खुलवाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि समाज के देवालय में लगाए गए ताले से धार्मिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। प्रदर्शन के बाद समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर देवालय का ताला तत्काल खुलवाने, विवाद की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की। प्रशासन ने समाज के प्रतिनिधियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन के चलते कलेक्ट्रेट परिसर और आसपास के इलाकों में घंटों तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पुलिस प्रशासन लगातार स्थिति को नियंत्रित करने में जुटा रहा, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की। कलेक्टर ने शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय में लगे ताले को खोलने का आश्वासन दिया। इसके बाद चक्का जाम समाप्त कर दिया।

**सीबीडीए की पहल:** गोढ़ी में उगा 3.7 किलो का शुगरबीट, बॉयो-एथेनॉल उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

### शुगरबीट की फसल का उत्पादन बढ़ाएं किसान: सीमा

**दुर्ग/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण सीबीडीए, रायपुर के अधिकारियों ने राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई), कानपुर के सहयोग से जिले के बॉयोफ्यूल कॉम्प्लेक्स, गोढ़ी में किसान सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में कवर्धा, बेमेतरा व दुर्ग जिले के गन्ना उत्पादक किसान उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. सीमा परोहा, निदेशक, एनएसआई कानपुर, डॉ. लोकेश बाबर, सहायक प्राध्यापक, एनएसआई और सुमित सरकार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सीबीडीए की विशेष उपस्थिति रही। सम्मेलन में गन्ना आधारित खेती में

सफेद चुकंदर (शुगरबीट) को अंतरफसली के रूप में अपनाकर भूमि उपयोग दक्षता बढ़ाने किसानों को प्रोत्साहित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी। शुगरबीट का औसत वजन लगभग 3.7 किलोग्राम पाया गया, जो इसकी सफल खेती की संभावनाओं को दर्शाता है। किसानों ने शुगरबीट के लिए शीघ्र मूल्य निर्धारण और प्रभावी विपणन तंत्र विकसित करने की मांग की। किसानों द्वारा लाए गए गन्ना फसल के नमूनों पर विशेषज्ञों ने रोग प्रबंधन के लिये तकनीकी मार्गदर्शन दिया। सुमित सरकार ने बताया कि सीबीडीए राज्य में बॉयोडीजल, बॉयोएथेनॉल, कंप्रेस्ड बायोगैस और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों के विकास हेतु कार्यरत है। नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट के सहयोग से राज्य में पहली बार गन्ना व सफेद चुकंदर (शुगर बीट) की अंतरफसली खेती पर अनुसंधान शुरू किया गया है। गन्ना दीर्घकालीन फसल होने के कारण प्रारंभिक अवस्था में भूमि का पूर्ण उपयोग नहीं हो पाता, इसलिए शुगरबीट जैसी अल्पावधि फसल को अपनाना किसानों के लिए लाभकारी है। शुगरबीट लगभग 5-6 माह में तैयार हो जाती है और इसे गन्ने के साथ उगाकर अतिरिक्त उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है, जिससे बायोएथेनॉल उत्पादन हेतु अतिरिक्त कच्चा माल उपलब्ध होगा। डॉ. सीमा परोहा ने कहा कि गन्ना-शुगरबीट अंतरफसली खेती किसानों के लिए आय बढ़ाने का व्यवहारिक विकल्प है। इस तकनीक का सफल परीक्षण राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में किया जा चुका है। सहायक परियोजना अधिकारी, सीबीडीए संतोष कुमार मैत्री ने बताया कि राज्य में पहली बार गन्ना व शुगरबीट की खेती पर ग्राम गोढ़ी में अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। डॉ. लोकेश बाबर ने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह कम लागत में अधिक लाभ देने वाली तकनीक है।

# देवरी-घुलघुल जनसुनवाई में ग्रामीणों का भारी विरोध, आवाज दबाने का आरोप, पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल

**तिल्दा-नेवरा (रायपुर)/ नवप्रदेश।** तिल्दा नेवरा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी एवं घुलघुल में प्रस्तावित मेसर्स अग्रसेन स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड की जनसुनवाई गुरुवार को भारी विरोध और तनावपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हुई। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्लांट स्थापना का खुलकर विरोध किया और पर्यावरण, स्वास्थ्य तथा कृषि पर संभावित दुष्प्रभावों को लेकर गंभीर आपत्तियाँ दर्ज कराईं।

ग्रामीणों का आरोप है कि जनसुनवाई के दौरान जब स्थानीय लोग अपनी बात मजबूती से रख रहे थे, तब कुछ लोगों की आवाज दबाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा मनमाने तरीके से ग्रामीणों को उठाकर बाहर ले जाया गया। इस घटना के बाद जनसुनवाई स्थल पर काफी देर तक तनाव की स्थिति बनी रही।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन और संबंधित विभाग पहले से ही परियोजना के पक्ष में दिखाई दिए और विरोध कर रहे लोगों को बोलने का पूरा अवसर नहीं दिया गया। कई ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई थी, जबकि क्षेत्र की जनता पहले से परियोजना का विरोध करती आ रही है।

जनसुनवाई में ग्रामीणों ने मुख्य रूप से वायु प्रदूषण, भूजल दोहन, फ्लाई ऐश से खेती को होने वाले नुकसान, पशुधन और जनस्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव जैसे मुद्दे उठाए। महिलाओं और

किसानों ने भी अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि उद्योग स्थापित होता है तो आने वाले समय में गांवों का पर्यावरण और जीवन दोनों प्रभावित होंगे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ दिन पूर्व भी विरोध के कारण जनसुनवाई निरस्त करनी पड़ी थी, इसके बावजूद पुनः आयोजन कर विरोध को नजरअंदाज किया गया। अब पुलिस कार्रवाई के आरोपों ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है।

ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि जनसुनवाई की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग सार्वजनिक की जाए तथा जिन लोगों को पुलिस द्वारा हटाया गया, उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही उन्होंने प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए परियोजना पर पुनर्विचार की मांग की है।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक चर्चा तेज हो गई है तथा आने वाले दिनों में विरोध आंदोलन और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

---

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अघोषित कटौती से लोग परेशान, 24 घंटे बिजली का दावा हो रहा फेल

# बिजली समस्या से लोग हलाकान आखिर कैसे सुधरेगी व्यवस्था?

**धमधा/नवप्रदेश।** धमधा नगर में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था अब आम जनता के लिए सबसे बड़ी परेशानी बन चुकी है। वर्षों से चली आ रही बिजली कटौती और अव्यवस्था ने पिछले कई महीनों में विकराल रूप ले लिया है। हालात ऐसे बन चुके हैं कि नगरवासी दिन-रात बिजली की आंख-मिचौली से त्रस्त हैं। एक ओर प्रदेश सरकार द्वारा धमधा नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने की घोषणा की जा रही है, वहीं दूसरी ओर नगर की सबसे मूलभूत आवश्यकता बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई नजर आ रही है।

नगरवासियों का कहना है कि आखिर नगर पालिका बनने का लाभ क्या होगा, जब लोगों को आज भी स्थायी और सुचारु बिजली सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। नगर में रोजाना 20 से 30 बार बिजली बंद होना अब सामान्य बात बन चुकी है। दिन हो या रात, किसी भी समय बिजली गुल हो जाती है और घंटों तक लोग अंधेरे और उमस में परेशान रहते हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली कटौती ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग, मरीज और महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। रातभर लोग गर्मी और मच्छरों के बीच जागने को मजबूर हैं।

सबसे गंभीर समस्या यह है कि बार-बार बिजली आने-जाने से घरों और दुकानों में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं। फ्रिज, टीवी, कूलर, पंखे और कंप्यूटर जैसे उपकरणों में खराबी आने से लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि बिजली की

अनियमितता के कारण उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। दुकानें, ऑनलाइन कार्य, बैंकिंग सेवाएं और छोटे उद्योग तक प्रभावित हो चुके हैं।

धमधा केवल एक नगर नहीं बल्कि आसपास के लगभग 75 गांवों का प्रमुख केंद्र है। यह क्षेत्र साप्ताहिक बाजार, व्यापारिक गतिविधियों और त्रिमूर्ति महामाया की नगरी के रूप में प्रसिद्ध है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग खरीदारी और अन्य कार्यों के लिए धमधा पहुंचते हैं। ऐसे महत्वपूर्ण नगर में यदि मूलभूत बिजली व्यवस्था ही चरमरा जाए तो विकास के दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

### लगातार प्रकाशन, लेकिन विभाग के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही

धमधा की बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर आए दिन समाचार पत्रों और स्थानीय माध्यमों में खबरें प्रकाशित हो रही हैं। नगरवासी लगातार अपनी समस्या उठा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली में कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। विभाग की ओर से हर बार वही पुराने जवाब दिए जाते हैं – मेंटेनेंस चल रहा है और लोड बढ़ गया है। नगर संवाददाता द्वारा दुर्ग जिला विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने पर भी स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाता।

### बिजली नहीं, लेकिन बिल पूरा

एक ओर नगरवासी लगातार बिजली संकट से जूझ रहे हैं, दूसरी ओर हर महीने आने वाले भारी-भरकम बिजली बिलों ने मध्यम वर्गीय परिवारों की कमर तोड़ दी है। लोगों का कहना है कि जब पर्याप्त बिजली मिल ही नहीं रही तो आखिर इतने अधिक बिल किस आधार पर वसूले जा रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने अधिक बिल आने और गलत रीडिंग की शिकायत भी की है। लोगों का कहना है कि विभाग उपभोक्ताओं से समय पर बिल वसूलने में तो पूरी सख्ती दिखाता है, लेकिन सुविधा देने के मामले में पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है।

### नगरवासियों में बढ़ रहा आक्रोश

लगातार बढ़ती परेशानी के कारण अब नगरवासियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले समय में बड़ा जनआंदोलन खड़ा हो सकता है।

बार-बार बिजली कटने से व्यापार प्रभावित हो रहा है, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो रहे हैं और छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। यदि आने वाले दिनों में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो व्यापारी वर्ग इस बदहाल व्यवस्था के खिलाफआंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

– **आकाश पारख,** अध्यक्ष व्यापारी संघ धमधा

डबल इंजन की सरकार में पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि सत्ता पक्ष के लोग ही बिजली की बदहाल व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपने मजबूर हैं। यह भाजपा सरकार की बड़ी नाकामी है।卐 आने वाले दिनों में बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस इस बदहाल व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

– **राजीव गुप्ता,** जिला प्रभारी महामंत्री कांग्रेस दुर्ग

बिजली विभाग की लापरवाही के कारण आज पूरा नगर परेशान है। बार-बार बिजली बंद होने से आम जनता, व्यापारी और किसान सभी प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी केवल औपचारिकता निभाने में लगे हैं। यदि अधिकारी मुख्यालय में रहकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तो काफी हद तक व्यवस्था में सुधार हो सकता है।

– **रमनलाल यादव,** पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत धमधा

---

# बस स्टैंड का बोरवेल खराब, पीने के पानी का साधन नहीं, यात्री परेशान

**पिथौरा/नवप्रदेश।** एक ओर सूरज के तेवर तल्ख हैं और भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को झुलसा कर रख दिया है। पारा लगातार चढ़ रहा है, जिससे प्यास बुझाने के लिए पानी की मांग बढ़ गई है। ऐसी विकट परिस्थिति में पिथौरा बस स्टैंड मे स्थित एकमात्र शासकीय बोरवेल कुछ दिनों से खराबी के चलते बंद पड़ा है। सार्वजनिक स्थल पर पानी का कोई दूसरा साधन न होने के कारण यात्रियों के कंठ सूख रहे हैं और मूलभूत सुविधाओं के नाम पर केवल आश्वासन ही शेष रह गया है।

उल्लेखनीय हो की पिथौरा बस स्टैंड आवागमन का भी मुख्य केंद्र है। यहाँ प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। बोर खराब होने से सबसे ज्यादा परेशानी दूर-दराज से आने वाले यात्रियों, महिलाओं और बच्चों को हो रही है। लोग एक-एक बूंद पानी के लिए आसपास के होटलों और दुकानों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

वहीं, बस स्टैंड क्षेत्र के व्यापारियों में भी गहरा असंतोष व्याप्त है। व्यापारियों का कहना है कि यह बोरवेल ही उनके पीने और निस्तारी के पानी का एकमात्र जरिया हैं भीषण गर्मी के इस दौर में पानी की किल्लत ने उनके व्यवसाय को भी प्रभावित किया है।

विदित हो कि बस स्टैंड जैसे व्यस्ततम और महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल पर केवल एक ही बोर होना और उसका भी

समय पर दुरुस्त न होना, नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाता है।

भीषण गर्मी की चेतावनी के बावजूद पेयजल व्यवस्था को लेकर पूर्व में कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, जिसका खामियाजा अब आम जनता भुगत रही है।

नगर पंचायत के भीतर कार्यरत जल कार्य विभाग और संबंधित शाखाओं के कामकाज पर अब गंभीर सवाल उठ रहे हैं। विभागीय अमले की लापरवाही का आलम यह है कि शिकायतों के बाद भी बोर मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किया गया। सूत्रों की मानें तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा आम जनता भुगत रही है।

इस पुरे मामले मे जिम्मेदार अधिकारियो कार्यशैली भी आलोचना के घेरे में है। जनसमस्याओं के प्रति उनकी यह उदासीनता दर्शाती है कि आम जनता की तकलीफों से ऊपर कागजी आश्वासन हैं। शहर की प्यास बुझाने के लिए जमीनी स्तर पर कोई प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है, जिससे नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है।

समस्या को लेकर जब मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) बिरझु राम सोनबेर से पक्ष लिया गया, तो उन्होंने मामले में त्वरित कार्रवाई की बात कही। सीएमओ सोनबेर ने कहाः

बस स्टैंड में बोर खराब होने की जानकारी हमें प्राप्त हुई है। यात्रियों और व्यापारियों को हो रही असुविधा को लेकर हम गंभीर हैं। इस संबंध में संबंधित विभाग और तकनीकी टीम को निर्देशित कर दिया गया है। जल्द से जल्द बोर की मरम्मत करवाकर पानी की सप्लाई सुचारू रूप से बहाल कर दी जाएगी।

भले ही प्रशासन ने जल्द सुधार का भरोसा दिया है, लेकिन वर्तमान स्थिति काफी चिंताजनक है। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और व्यापारियों ने मांग की है कि गर्मी की संवेदनशीलता को देखते हुए बोरवेल को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाए और भविष्य के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में एक अन्य बोर या पानी के टैंकरों की तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि यात्रियों को ऐसी विषम परिस्थितियों का सामना न करना पड़े।

---

# नागाबुड़ा-अमलीपदर में कोआपरेटिव्ह बैंक की शाखा खोलने की मांग

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** गरियाबंद में एक दिवसीय दौरा पर आए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष अमिनेश (बॉबी) कश्यप को गरियाबंद विकासखंड गरियाबंद के ग्राम नागाबुड़ा और मैनपुर विकासखंड के ग्राम अमलीपदर में कोआपरेटिव्ह बैंक की शाखा खोलने की माँग भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के मुरलीधर सिन्हा ने किए । श्री सिन्हा ने बताया कि जिला गरियाबंद में सहकारी समितियों की संख्या बढ़ गई जिससे ग्राहक एवं किसानों की संख्या बढ़ गई है जिससे बैंक शाखा में आए दिन विवाद होने लगता है, आवागमन एवं यातायात

जाम हो जाता है। ऐसे में नई शाखा खोलना अति आवश्यक हो गया है । भाजपा वरिष्ठ नेता मुरलीधर सिन्हा ने गरियाबंद विकासखण्ड में नागाबुड़ा एवं विकासखण्ड मैनपुर में अमलीपदर में कोआपरेटिव्ह बैंक की शाखा खोलने की माँग किए हैं ।

इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, जिला महामंत्री आशीष शर्मा, जिला मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके, भाजपा वरिष्ठ नेतागण बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा, अनूप भोसले, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, मंडल अध्यक्ष गरियाबंद सुमीत पारख, बिन्द्रानवागढ़ मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री धनंजय नेताम, भाजपा आई टी रायपुर सम्भाग प्रभारी सागर मयानी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी, राधेश्याम सोनवानी, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बिन्दु सिन्हा, मंडल महामंत्री मंजरी गुप्ता, अमित बखारिया, तरूण पप्पू ठाकुर, प्रतीक ठाकुर, बारातू नेताम, प्रीतम प्रधान, दालचंद ध्रुव, सहित बड़ी संख्या में समितियों को अध्यक्ष व पदाधिकारी उपस्थित थे ।

---

# रिवर्स हो रहे ट्रक ने कार को घसीटा, चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद/नवप्रदेश।** टाउन हाल रोड में रिवर्स हो रहे एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। मामले की शिकायत पर पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आशीष लहरे ने पुलिस को बताया कि वह 05 मई की सुबह कार क्रमांक सीजी 04 पीसी 6877 से अपनी मालकिन उषा जैन को महावीर कॉलोनी महासमुंद से जैन मंदिर लेकर जा रहा था। सुबह करीब 10:30 बजे टाउन हाल मार्ग के पास पहुंचने पर ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलक्यू 7707 का चालक वाहन को रिवर्स कर रहा था। इसी दौरान ट्रक ने कार को साइड से टक्कर मारते हुए घसीट दिया, जिससे कार को नुकसान पहुंचा। घटना के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफधारा 184 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

# पिथौरा में अवैध शिकार का मामला, दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**महासमुद/नवप्रदेश।** वन विभाग ने अवैध शिकार के प्रकरणों में सख्ती बरतते हुए तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में 7 मई को वन परीक्षेत्र पिथौरा अंतर्गत सुखीपाली में कक्षा क्रमांक 234 के समीप शांतिनगर में 4 मई को हुए मादा नीलगाय के अवैध शिकार के मामले में दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वन विभाग की टीम ने मुकदमा दर्ज कर शांतिनगर निवासी ईश्वर राणा पिता मनीराम राणा और टेकचंद पिता सीताराम को गिरफ्तार किया। इनके साथ ही विधाधर पिता ललित प्रधान को भी आरोपी बनाया गया है।

बता दें कि, 4 मई 2026 को सुखीपाली क्षेत्र में मादा नीलगाय का शिकार कर उसे मार डाला गया था। वन विभाग की सतर्क टीम को सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई शुरू की गई। गहन पूछताछ और सबूतों के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश और गिरफ्तारी के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इस मामले में भारतीय

वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।यह कार्रवाई वन विभाग के डीएफओ मयंक पाण्डेय के निर्देश पर तथा सुश्री डिंपी बैंस, संयुक्त वन मंडलाधिकारी, उप वन मंडल पिथौरा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस संपूर्ण कार्रवाई में सुखराम निराला, वन परीक्षेत्र अधिकारी पिथौरा, ललित कुमार पटेल (वनपाल, सहायक परीक्षेत्र अधिकारी पूर्व पिथौरा), कोकिलकांत दिनकर (वनरक्षक), पुष्पा नेताम (वनरक्षक), विरेंद्र बंजारे (वनरक्षक), प्रमा ठाकुर (वनरक्षक) तथा अन्य वन कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मी शामिल रहे।

वन विभाग ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे वन्यजीव अपराधों की सूचना तुरंत वन विभाग या नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचित करें। वन्यजीव संरक्षण में जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। यह कार्रवाई वन विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए विभाग किसी भी हद तक जा सकता है। विभाग आगे भी ऐसे सभी प्रकरणों पर सतर्क नजर रखे हुए है।

---

**दिक्कतः** कई बार पंचायत और जनपद स्तर पर शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही, भीषण गर्मी में लोग परेशान हो रहे

# महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन' जमीनी स्तर पर दम तोड़ती नजर आ रही

**बागबाहरा/नवप्रदेश।** केंद्र और राज्य सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन' (नल जल योजना) जमीनी स्तर पर दम तोड़ती नजर आ रही है। हर घर तक पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने का दावा अब केवल सरकारी फ इलों में ही सिमट कर रह गया है। करोड़ों रुपये का बजट पास होने के बावजूद कई क्षेत्रों में यह योजना पूरी तरह से 'ठंडे बस्ते' में चली गई है, जिसके चलते इस भीषण गर्मी में ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को मोहताज हैं।

डोंगरगांव, बाघामुड़ा, अनवरपुर, टेमरी खैरट खुर्द, राटापाली, सहित अधिकांश गांवों के ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य शुरू हुए सालों बीत गए, हर कहीं पर आधा अधूरा टंकी निर्माण, तो कहीं बोर खनन नही हो पाया है, न पूरा पाइप लाइन बिछा। कई घरों के सामने सिर्फपाइप डालकर छोड़ दिया गया। कई बार पंचायत और

जनपद स्तर पर शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस पूरे मामले में जब लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पी एच ई) विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया गया, तो उनका हमेशा की तरह जल्द ही ठीक करने का रटा-रटाया जवाब मिलता है।

बागबाहरा विकासखंड के कई गांवों की वास्तविक स्थिति नल जल योजना की बिल्कुल अलग तस्वीर पेश कर रही है।

### पहला मामला

घरों में प्लेटफॉर्म बने, लेकिन पानी गायब- ग्राम बाघामुड़ा इसका एक ज्वलंत उदाहरण बन गया है, जहां के ग्रामीण आज भी शुद्ध पेयजल की सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि एक साल पूर्व जल जीवन मिशन के तहत बनने वाले पानी टंकी के साथ ही आधे घरों में नल लगाने के लिए प्लेटफॉर्म बना दिए गए, लेकिन आज पर्यंत पानी घरों तक नही पहुँच पाया है।

### दूसरा मामला

ग्राम पंचायत अनवरपुर के जल जीवन मिशन एक नमूना साबित हो रहा है । ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा ग्रामीणों के घरों के ठीक सामने नल लगा दिया और नल की ऊंचाई 6 इंच से भी कम है। ठेकेदार द्वारा नलों के प्लेटफार्म घरों के अंदर बनवाए है और नल कनेक्शन बाहर लगवा दिए है ऐसे में पानी होते हुए भी पानी की सुविधा का लाभ नहीं ले पा रहे है ।

### अधूरे पड़े हैं काम ठेकेदार हुए गायब

ग्रामीण अंचलों का दौरा करने पर दावों की हकीकत कुछ और ही बयां होती है। अधिकांश जगहों पर पहले पाइपलाइन बिछाने के नाम पर पक्की सड़कें और गलियां खोद दी गई थीं, कहीं पानी की टंकियों का ढांचा अधूरा खड़ा है, तो कहीं ठेकेदार काम बीच में ही छोड़कर रफूचक्कर हो गए हैं। जिन चुनिंदा घरों में दिखावे के लिए नल के कनेक्शन दे भी दिए गए हैं, वहां आज तक पानी की एक बूंद नहीं टपकी है। जिसके चलते आज भी ग्रामीणों की प्याज बुझ नही पाई है।

### तीसरा मामला

ग्राम पंचायत खैरट खुर्द का मामला एकदम उलट है। इस गांव में नल जल मिशन के तहत के तहत पाइप के सहारे ही जल आपूर्ति हो रही है, ठेकेदाद द्वारा घरों तक पेयजल के लिए पाइप बिछाकर प्लेटफार्म और नल लगाना ही भूल गए हैं,ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायत पंचायत, जनपद एयर पीएचई विभाग के अधिकारियों से की है लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

एक ओर सरकार हर घर जल का नारा बुलंद कर रही है, वहीं दूसरी ओर विभागीय उदासीनता, और ठेकेदारों के रसूख ने इस भागीरथ प्रयास को ठंडे बस्ते में चल दिया है। अगर समय रहते प्रशासन ने इस ओर ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले दिनों में यह जल संकट एक बड़े जन-आंदोलन का रूप ले सकता है।

विभागीय अधिकारी और ठेकेदार ग्राम पंचायत को विश्वास में लिए बिना काम करते हैं। ठेकेदार मनमाने ढंग से काम करके चले जाते हैं और पंचायत के पास उनकी जवाबदेही तय करने का कोई अधिकार नहीं होता। ठेकेदार अक्सर योजना को पूरी तरह से चालू किए बिना ही कागजों पर काम पूरा दिखाकर उसे ग्राम पंचायत को सौंपने का दबाव बनाते हैं।

- **तरुण व्यवहार,** उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत बागबाहरा

ठेकेदारों ने घरों के बाहर पानी की टोंटियां तो लगा दी हैं, ये नल अब अपने ऊंचाई के चलते केवल दिखावे की वस्तु बन गए हैं। महिलाओं और बच्चों को आज भी हैंडपंपों से पानी भरकर लाना पड़ता है, जिससे उनका काफी समय नष्ट हो रहा है।

- **शहजान पाशा,** ग्रामीण, अनवरपुर

विभाग द्वारा नलजल योजना बनाते समय जल स्रोत की क्षमता का सही आकलन नहीं किया गया। जिससे पूरी योजना धरी की धरी रह गई है। चूँकि सरपंच गाँव का मुखिया होता है, इसलिए ग्रामीणों का सारा गुस्सा उन्हें ही झेलना पड़ता है, भले ही गलती ठेकेदार या संबंधित विभाग की हो।

-**एडिशन ठाकुर,** सरपंच, ग्राम पंचायत बाघामुड़ा

हमारे क्षेत्र के अधिकारी गांवों में भ्रमण कर जल्द ही पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराया जाएगा. - **डीपी वर्मा** कार्यपालन यंत्री पीएचई महासमुंद

## विश्व रेडक्रास दिवस: आज रक्तदान व महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर

**राजनांदगांव।** विश्व रेडक्रास दिवस पर 8 मई को जिले के ब्लड बैंकों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक, जिला अस्पताल ब्लड बैंक, नांदगांव ब्लड बैंक, बालाजी ब्लड बैंक, बिलासा ब्लड बैंक, लाइफ लाइन ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। विश्व रेडक्रास दिवस पर जिले में महिलाओं के लिए जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज अस्पताल, ब्लॉक स्तर पर सीएचसी केन्द्रों पर विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सिकलिंग, थैलेसिमिया, एनीमिया (खून की कमी) की जांच, रक्तचाप और मधुमेह का परीक्षण किया जाएगा। महिलाओं की अन्य शारीरिक समस्याओं व प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जाएगा। जिला स्तर पर महिलाओं के लिए कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कैंसर स्क्रीनिंग ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की प्रारंभिक जांच की जाएगी।

## कलेक्टर ने दिए गुणवत्तापूर्ण सर्वेक्षण के निर्देश

**खैरागढ़।** जिले में जारी जनगणना कार्य के तहत कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने खैरागढ़ के ग्राम मुढ़ीपार पहुंचकर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। वर्तमान में जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य तेजी से जारी है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चंद्रवाल ने प्रगणकों द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्य की जानकारी ली और घर-घर जाकर किए जा रहे मकान सूचीकरण की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को जनगणना कार्य पूरी गंभीरता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ संपादित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके आंकड़ों के आधार पर भविष्य की योजनाएं व विकास कार्य तय किए जाते हैं। प्रत्येक परिवार व मकान की सही जानकारी दर्ज करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सर्वेक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और निर्धारित प्रपत्रों को सावधानीपूर्वक भरने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम सेमरिया में समाधान शिविर आज

**बेमेतरा।** जनपद पंचायत बेमेतरा के ग्राम पंचायत सेमरिया के शासकीय उच्च माध्य. शाला में 8 मई को समाधान शिविर आयोजित किया गया है। ग्राम मोहतरा कलस्टर में ग्राम कोदवा, सनकपाट, बहरबोड़, जांता, बेरा, बेतर, उमरिया, चिल्फी, बंधी, मुरकी, कुरदा, बटार, भंवरदा, हेमाबंद, रामपुर, सेमरिया, मरतरा, करचुवा, खाडसरा एवं बंशापुर ग्राम पंचायत के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे निर्धारित किया गया है। समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं से पात्र अनेक हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों का यथासंभव निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने ग्रामीण जनों को शिविर में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

## सुशासन तिहार: ग्राम घीना में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी व त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल घीना में 8 मई को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। घीना में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में पापरा, बुन्देली, रानीतराई, किसना, सिंगारपुर, भालूकोन्हा, हडग़हन, भुरकाभाट, मनकी क, केवट नवागांव, सुरेगांव, झिटिया, परसाडीह सु, फरदफोड़, भण्डेरा, घीना, मुढिया, भेडी सु, अहि. नवागांव, कसहीकला, बीजाभाठा, डेंगरापार, मुडखुसरा, भीमकन्हार और हथौद के ग्रामीण शामिल होंगे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना में आयोजित शिविर के सफल आयोजन हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विजय कुमार कंवर को नोडल अधिकारी व जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव और खण्ड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। घीना में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। तहसीलदार प्रीतम कुमार साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। भीषण गर्मी को देखते हुए शिविर स्थल पर आम जनता के लिए शीतल पेयजल के अलावा कूलर आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अलावा आम जनता को शिविर के संबंध में जानकारी प्रदान करने व्यापक प्रचार-प्रसार भी हो रहा है।

## केंद्रीय विद्यालय में गौरांग ने दसवीं में अर्जित किए 89 फीसदी अंक

**खैरागढ़।** स्थानीय केन्द्रीय विद्यालय के गौरांग जंघेल ने दसवीं बोर्ड सीबीएसई परीक्षा में 89.60 फीसदी अंक लाकर केन्द्रीय विद्यालय मे पांचवा स्थान प्राप्त किया है। गौरांग शिक्षक दंपति कृतलाल जंघेल व हेमलता जंघेल के पुत्र है। प्रारंभ से ही मेधावी रहे गौरांग के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय परिवार, परिजनों ने हर्ष जताया है।

# सुशासन तिहार में शराब दुकान खोलने की मांग, जल संकट पर जिपं सदस्यों का फूटा गुस्सा

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** सुशासन तिहार के तहत जिला स्तर पर आयोजित दूसरे समाधान शिविर ग्राम गाड़ाघाट मे भी कलस्तर के पंचायतों के ग्रामीणो ने बड़ी संख्या मे अपने आवेदन जमा किए। ग्राम गाड़ाघाट में आयोजित शिविर में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टंकेश्वर साहू सहित जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर अपने विभागो की योजनाओं की जानकारी हितग्राहियों को देते हुए इसका लाभ उठाने कहा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल में ग्रामीणों ने शुगर, बीपी सहित अन्य रोगों की जांच कराई और निशुल्क दवाई का वितरण किया।

गाड़ाघाट मे आयोजित शिविर में इलाके के ग्राम देवरी में शराब दुकान खोलने की मांग भी ग्रामीणों ने की। ग्रामीणों ने कहा कि देवरी मे अवैध शराब की लगातार बिक्री के कारण गांव सहित पूरे क्षेत्र का वातावरण बिगड़ रहा है। अवैध शराब की लगातार बिक्री पर कार्यवाही न होने से शराब कोचिए लगातार बढ़ रहे हैं। इसका खामियाजा गांव की महिलाओं, युवाओं और स्कूली छात्रों को उठाना पड़ रहा है। गांव में शराब दुकान होने से अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लग सकेगा।

शिविर में मंच पर बैठे जिला पंचायत सदस्यों दिनेश वर्मा, अरूणा सिंह ने जिला पंचायत क्षेत्रों में पेयजल समस्या का मुददा उठाया। जलजीवन मिशन के आधे-अधूरे कार्यो से गांव में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पेयजल आपूर्ति के लिए पिछले कई माह से लगातार जानकारी और आवेदनों के बाद भी कार्यवाही नहीं हो पाई। गांव में शिकायतें लगातार सुननी पड़ रही है। अधूरे पड़े जलजीवन मिशन के कार्यो को प्राथमिकता के साथ पूरा कराने मांग की गई। ग्राम गाड़ाघाट मे आयोजित सुशासन शिविर के तहत 20 से अधिक ग्राम पंचायतों के ग्रामीण पहुँचे थे। शिविर में आधे शिविर के दौरान ही आवेदन खत्म हो गए। कई गांवो के हितग्राहियो और ग्रामीणो को शिविर में आवेदन न मिलने से भटकने की स्थिति बन गई। बाद में ग्रामीणो ने कोरे कागज का इंतजाम कर अपने आवेदन जमा किये। दोपहर दो बजे ही शिविर के लिए छपवाए गए आवेदन खत्म हो गए थे।

### 1399 मांगों से संबंधित आवेदन, 29 शिकायतें

गाड़ाघाट हाईस्कूल मे आयोजित शिविर में 1428 आवेदनो में मांग के 1399 और 29 शिकायतें मिली। इस दौरान पटटा, पेंशन, राशन कार्ड, शिक्षक व्यवस्था, नाली, सड़क निर्माण, आवास, वन भूमि पट्टा, नामांतरण, ऋण पुस्तिका, बिजली ट्रांसफार्मर, नहर नाली, स्वास्थ्य सुविधा बढ़ाने, आंगनबाड़ी केन्द्र जैसी मांगे ज्यादा आई। कर्मचारियों के गांव और ग्रामीण कार्यालयों में न आने, पेयजल संकट की शिकायतें भी की गई। शिविर में प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। मत्स्य विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को जाल, शिक्षा विभाग द्वारा 52 मेधावी छात्रों का सम्मान, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 5 पीएम आवास हितग्राहियों को आवास की चाबी सौंपी गई। महिला बाल विकास विभाग द्वारा दो महिलाओं की गोद भराई 4 हितग्राहियों को सुपोषण किट और 7 हितग्राहियों को स्वच्छता किट का वितरण किया गया। मनरेगा के तहत 4 हितग्राहियों को जाब कार्ड प्रदान किया गया।

# महतारी वंदन योजना का ई-केवाईसी सत्यापन करने मांगे पैसे, 9 वीएलई की आईडी ब्लॉक

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्रदेश सहित जिले में हितग्राहियों का ऑनलाइन निःशुल्क ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। हितग्राहियों को ई-केवाईसी सत्यापन कराने के लिए 30 जुलाई तक ई केवायसी कराने कहा गया है। ई-केवाईसी सत्यापन की निर्धारित अवधि के दौरान योजना के पात्र हितग्राहियों के खातों में राशि का अंतरण पूर्ववत जारी रहेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरूप्रीत कौर ने बताया कि जिले में संचालित समस्त लोक सेवा केंद्रों के वीएलई को लोक सेवा केंद्र की प्रदेश स्तरीय टीम और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई-केवाईसी सत्यापन कार्य

फाइल फोटो

के संबंध में विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रशिक्षण में लोक सेवा केंद्रों के वीएलई को बताया गया कि महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से ई-केवाईसी सत्यापन के एवज में किसी भी प्रकार के अतिरिक्त राशि, सेवा शुल्क या अवैध धनराशि की मांग व वसूली प्रतिबंधित रहेगी। सभी वीएलई को स्पष्ट रूप से चेतावनी देते हुए बताया गया कि हितग्राही से ई-केवाईसी सत्यापन के नाम पर राशि लेने संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित वीएलई के विरूद्ध तत्काल कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गुरूप्रीत ने बताया कि जिले के कुछ वीएलई द्वारा महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों से ई-केवाईसी सत्यापन के लिए अनाधिकृत रूप से राशि मांगने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थी। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 वीएलई की आईडी तत्काल प्रभाव से ब्लॉक की जा चुकी है। उन्हें महतारी वंदन योजना के ई-केवाईसी सत्यापन कार्य से पृथक किया गया है। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की पारदर्शिता व विश्वसनीयता बनाए रखने हेतु भविष्य में लोक सेवा केंद्र एवं विभागीय माध्यम से संचालित होने वाले अन्य समस्त कार्यों से भी अलग रखने की कार्रवाई की जा रही है। लोक सेवा केंद्र के प्रदेश प्रमुखों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में आयोजित ई-केवाईसी सत्यापन शिविरों की सतत निगरानी, निरीक्षण व नियमित समीक्षा की जा रही है। शिकायतें मिलने पर संबंधित वीएलई के विरूद्ध तत्काल प्रभाव से आईडी ब्लॉक कर दी गई है।

## सुशासन तिहार: चिखली शिविर का महापौर मधुसूदन ने लिया जायजा

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** जनमानस की समस्याओं का समाधान करने, शासन की योजनाओ का लाभ देने और जनता से सीधे संवाद करने सुशासन तिहार के तहत वार्ड 4, 5 व 6 के लिए चिखली स्कूल में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महापौर मधुसूदन यादव ने वार्डवासियो से रूबरू होते हुए समस्याओं का आवेदन जमा करने और शासन की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों के क्षेत्र में पहुंचकर उनकी समस्या का निराकरण करना और उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करें। इस मौके पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, जल व विद्युत विभाग के प्रभारी सदस्य सुनील साहू व लोक निर्माण विभाग के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, पार्षद श्रुति जैन व मनोहर यादव, पार्षद प्रतिनिधि सचिन टुरहाटे व लोकेश जैन भी मौजूद रहे। पीएम स्व निधि योजनांतर्गत रामनगर निवासी दुर्गा साहू को ब्यूटीपार्लर के लिए बैंक आफ महाराष्ट्र से स्वीकृत द्वितीय किस्त ऋण राशि 25 हजार का ऋण वितरित किया गया। बच्चों के लिए कुपोषण किट का वितरण किया। चिखली शिविर में विभिन्न विभागो से संबंधित मांग के कुल 53 आवेदन प्राप्त हुए। 8 मई को शंकरपुर स्कूल में वार्ड 7, 9 व 10 के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर लगेगा।

# भाभी की हत्या कर दुष्कर्म का झूठा रूप देने वाली ननद गिरफ्तार

■ **कबीरधाम पुलिस ने सुलझाई हत्या की गुत्थी**

**कवर्धा/नवप्रदेश।** कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंगारपुर में महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए मृतिका की ननंद को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ने पारिवारिक रंजिश के चलते अपनी भाभी की हत्या कर घटना को दुष्कर्म का रूप देने की कोशिश की थी, ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके।

पुलिस को 3 मई को ग्राम सिंगारपुर के झोंकाखार खेत में एक महिला का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि महिला का शव निर्वस्त्र अवस्था में पड़ा हुआ था और सिर और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे। प्रारंभिक स्थिति को देखकर क्षेत्र में दुष्कर्म के बाद हत्या की चर्चाएं फैलने लगी थीं।

मृतिका की पहचान बेलसिया छेदैया (32 वर्ष) निवासी सिंगारपुर के रूप में हुई। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन

में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने घटनास्थल से लोहे की रपली, हंसिया, टूटी चूडियां, कपड़ों के टुकड़े, बटन और साड़ी पिन सहित कई अहम साक्ष्य बरामद किए। साइबर सेल और एफएसएल टीम की मदद से तकनीकी व वैज्ञानिक तरीके से जांच आगे बढ़ाई गई।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतिका और उसकी ननद मालती मरकाम के बीच लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। आरोपी महिला करीब पांच वर्षों से अपने मायके में रह रही थी और दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि लगभग छह महीने पहले भी आरोपी ने मृतिका की हत्या का प्रयास किया था, जिसे परिवार वालों ने रोक दिया था। लगातार पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने संदेही मालती मरकाम से कड़ाई से पूछताछ की, जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि घटना वाले दिन उसने खेत में काम कर रही अपनी भाभी पर पीछे से लोहे की रपली से हमला किया और सिर पर लगातार वार कर उसकी हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने और घटना को दुष्कर्म या सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या जैसा दिखाने के लिए शव के कपड़े फाड़कर उसे निर्वस्त्र अवस्था में छोड़ दिया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने सोशल मीडिया और मोबाइल पर ऐसी घटनाओं के बारे में देखा था, जिसके आधार पर उसने हत्या को दूसरा रूप देने की कोशिश की। पुलिस जांच में स्पष्ट हुआ कि मृतिका के साथ किसी प्रकार का दुष्कर्म नहीं हुआ था।

### नाम-परिवर्तन

मैं रूखमणी बाई (RUKHAMANI BAI) पति भूपेन्द्र कुमार, उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम पाउँदा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम चम्पेश्वरी पिता डोमनलाल (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) जिसे बदल कर रूखमणी बाई (RUKHAMANI BAI) पति भूपेड कुमार (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
रूखमणी बाई
पति भूपेन्द्र कुमार,
निवासी ग्राम पाउँदा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

### नाम-परिवर्तन

मैं परमीला पाल (PARMEELA PAL) पिता झाडू राम, उम्र 51 वर्ष, निवासी- वार्ड नं. 03, रेलवे स्टेशन, ग्राम महमंद, बिलासपुर (छ.ग.) ने अपना नाम नेमीन बाई पिता झाडू राम (पुराना नाम) से बदल कर परमीला पाल (PARMEELA PAL) पिता झाडू राम (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
परमीला पाल
पिता झाडू राम
निवासी- वार्ड नं. 03, रेलवे स्टेशन, ग्राम महमंद, बिलासपुर (छ.ग.)

### नाम-परिवर्तन

मैं अर्चना पाटकर (ARCHANA PATKAR) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पति राकेश कुमार पाटकर, उम्र 44 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 09, शिव नगर, कुम्हारी, तह. धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम पूजा पाटकर (POOJA PATKAR) माता अर्चना पाटकर (ARCHNA PATKAR) (पुराना नाम) से बदल कर अंजली पाटकर (ANJLI PATKAR) माता अर्चना पाटकर (ARCHNA PATKAR) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
अर्चना पाटकर
पति राकेश कुमार पाटकर,
निवासी वार्ड नं. 09, शिव नगर, कुम्हारी, तह. धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

### नाम-परिवर्तन

मैं संतोषी श्रीवास आ. कल्लू राम श्रीवास पति श्री राजू ठाकुर, निवासी - पंजाब नेशनल बैंक के पीछे, वार्ड क्र.-47, कटोरा तालाब रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) ने अपना नाम संतोषी श्रीवास आ. कल्लू राम श्रीवास पति श्री राजू ठाकुर, से बदलकर आशा ठाकुर आशा, पति राजू ठाकुर, राजू (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
संतोषी श्रीवास
आ. कल्लू राम श्रीवास
पति श्री राजू ठाकुर,
निवासी पंजाब नेशनल बैंक के पीछे, वार्ड क्र.-47, कटोरा तालाब रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

### नाम-परिवर्तन

मैं नंद किशोर ठाकुर (NAND KISHOR THAKUR) (माता/पिता/ पालक का नाम) सुपुत्र/सुपुत्री संतराम ठाकुर (SANTRAM THAKUR) गाँव/शहर वार्ड नं. 03, खासाडीह अहिवारा, तह. अहिवारा, जिला दुर्ग छ.ग. छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र/सुपुत्री का नाम लतिका (LATIKA) (पुराना नाम) से बदल कर लितिका (LITIKA) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
नंद किशोर ठाकुर
सुपुत्र/सुपुत्री संतराम ठाकुर
गाँव/शहर वार्ड नं. 03, खासाडीह अहिवारा, तह. अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

### नाम-परिवर्तन

नाबालिग पुत्री/पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक /पालक द्वारा प्रमाणित) मैं सीता देवी (SITA DEVI) (माता/पिता/पालक का नाम) सुपुत्र / पत्नी इन्दल शर्मा (INDAL SHARMA) गाँव/शहर मिलन चौक कैम्प 2, वार्ड नं. 34, भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ. ग. छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र/सुपुत्री का नाम देवेशी (DEVESHI) पिता इन्दल शर्मा (INDAL SHARMA) (पुराना नाम) से बदल कर देवशी शर्मा (DEVSHI SHARMA) पिता इन्दल शर्मा (INDAL SHARMA) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
सीता देवी पत्नी इन्दल शर्मा
गाँव/शहर मिलन चौक कैम्प 2, वार्ड नं. 34, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202603100800043
/अ-06/वर्ष 2025-26
ग्राम दानीकोकड़ी, प.ह.न. 12

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रामस्वरूप पिता गुहाराम निवासी ग्राम दानीकोकड़ी तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दानीकोकड़ी प.ह.नं. 12 स्थित भूमि खसरा नंबर 249/1, 545, 547/1, 609, 624, 615 कुल ख.नं. 06 कुल रकबा 2.02 हे. भूमि के सहखातेदार बुधयारिन पति स्व. गुहाराम की मृत्यु दिनांक 04.04.2022 को फौत बाद फौती दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 08.05.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामेश्वर अग्रवाल पिता रामकिशोर अग्रवाल निवासी केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा रामेश्वर अग्रवाल आ. रामकिशोर अग्रवाल की जन्म/मृत्यु दिनांक 20.06.1988 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.05.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104600069

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी कुन्ती सोनी पिता/पति हुकुमचंद सोनी पता शंकर नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 101/21 (0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दीपक सोनी पिता/पति हुकुमचंद सोनी पता हा.नं. 151 जी. स्ट्रीट नं. 1 न्यू आदर्श नगर दुर्ग, बरखा सोनी पिता/पति हुकुमचंद सोनी पता हा.नं. 151 जी. स्ट्रीट नं. 1 न्यू आदर्श नगर दुर्ग, हुकुमचंद सोनी पिता/पति स्व. कोमल प्रसाद सोनी पता हा.नं. 151 जी. स्ट्रीट नं. 1 न्यू आदर्श नगर दुर्ग, वर्षा सोनी पिता/पति हुकुमचंद सोनी पता हा.नं. 151 जी. स्ट्रीट नं. 1 न्यू आदर्श नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.05.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.05.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
### ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104600070

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी गोविंदलाल नामदेव पिता/पति स्व. दौवाराम नामदेव पता दीपक नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 169/89(0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अभिषेक नामदेव पिता/पति स्व. गोविंदलाल नामदेव पता के.डी. स्कूल मीनाक्षी नगर दुर्ग, अभिजीत नामदेव पिता/पति स्व. गोविंदलाल नामदेव पता के.डी. स्कूल मीनाक्षी नगर दुर्ग, नीलम नामदेव पिता/पति स्व. गोविंदलाल नामदेव पता के.डी. स्कूल मीनाक्षी नगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18.05.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.05.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202603100800041
/अ-06/वर्ष 2025-26
ग्राम घोठा, प.ह.न. 09

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि आवेदक परस राम पटेल पिता ईश्वर सिंह पटेल, उम्र 51 वर्ष, निवासी घोठा, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा पंजीकृत तबादलानामा के आधार पर आवेदन पेश किया गया है कि मौजा ग्राम घोठा, प.ह.नं. 15 स्थित भूमि खसरा नंबर 1265 का टुकड़ा रकबा 0.23 हे. भूमि को केशव प्रसाद पटेल पिता रूप सिंह पटेल उम्र 38 वर्ष, निवासी घोठा, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग से आवेदक पंजीकृत बैनामा दिनांक 10/06/2014 को तबादला नामा के आधार पर प्राप्त किया गया है। किन्तु उक्त तबादला शुदा भूमि का नामांतरण नहीं होना लेख कर आवेदक उक्त तबादला शुदा भूमि को पंजीकृत तबादला बैनामा दिनांक 10/06/2014 के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जानें का निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 04.05.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202603100800042
/अ-06/वर्ष 2025-26
ग्राम घोठा, प.ह.न. 09

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि आवेदक केशव प्रसाद पटेल पिता रूप सिंह पटेल उम्र 38 वर्ष, निवासी घोठा, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा पंजीकृत तबादलानामा के आधार पर आवेदन पेश किया गया है कि मौजा ग्राम घोठा, प.ह.नं. 15 स्थित भूमि खसरा नंबर 1257 /1 का टुकड़ा रकबा 0.23 हे. भूमि को परस राम पटेल पिता ईश्वर सिंह पटेल, उम्र 51 वर्ष, निवासी घोठा, तहसील धमधा, जिला-दुर्ग से आवेदक पंजीकृत बैनामा दिनांक 10/06/2014 को तबादला नामा के आधार पर प्राप्त किया गया है। किन्तु उक्त तबादला शुदा भूमि का नामांतरण नहीं होना लेख कर आवेदक उक्त तबादला शुदा भूमि को पंजीकृत तबादला बैनामा दिनांक 10/06/2014 के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जानें का निवेदन किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त प्रश्नाधीन वाद भूमि के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था/समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 04.05.2026 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202604100400131
/अ-02/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री/श्रीमती संजय नाग पिता/पति शम्भू नाग निवासी लेबर केम्प जामुल के द्वारा नीचे वर्णित ÷अनुसूची में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है :-

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है | आवेदि.भू. खसरा नं. | रकबा हे. वर्गमीटर | प्रयोजन |
|---|---|---|---|
| ग्राम उरला प.ह.नं. 16 तह. व जिला दुर्ग | 86/41 | 0.0170 | आवासीय |

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपवर्तन / पुनर्निर्धारण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202604100700129
/अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका सुरजीत सिंह भाटिया पिता स्व. मोहन सिंह भाटिया निवासी स्टेशन रोड, गुरुद्वारा के पीछे संतराबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग, प.ह.न. 19, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1177/8 रकबा 0.0120 हे. भूमि जो कि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में भूमिस्वामी हक में दर्ज है, किन्तु त्रुटिवश वर्तमान ऑनलाईन राजस्व अभिलेख कैफियत कॉलम 12 में आवेदक के स्वामित्व की उक्त खसरा नं. 1177/8 में मकान/न्या. तहसीलदार दुर्ग केअ्रा.कं./695/वा.02/तह./2019 दुर्ग दिनांक 26/08/2019 के अनुसार कार्यालय कलेक्टर दुर्ग के पत्र कं. 1477/वा.02/स.अ.सा./ 2019 दुर्ग दिनांक 10/05/2019 एवं माननीय रेख आर चंद्रवंशी न्या. मजि. प्रथम श्रेणी खंडवा के पत्र कं. 748 के पालन में 'कुर्क सम्पत्ति' प्रदर्शित हो रहा है, जो कि त्रुटिवश दर्ज हो गया है। उक्त ऑनलाईन राजस्व अभिलेख कैफियत कॉलम 12 में दर्ज प्रविष्ठी को विलोपित किये जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.05.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.04.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

# तीन जगहों पर बन रही 6 करोड़ की बिल्डिंग में नियमों की उड़ रही धज्जियां

**n बेटियों के आशियाने में भ्रष्टाचार का खुला खेल**

**खैरागढ़-छुईखदान-गंडई/नवप्रदेश।** खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के ग्राम ठाकुर टोला में बन रहा 100 सीटर बालिका छात्रावास अब सवालों के घेरे में ही नहीं, बल्कि खुलेआम भ्रष्टाचार की मिसाल बनता जा रहा है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की देखरेख में चल रहे इस निर्माण कार्य में जिस तरह की अनियमितताएं सामने आ रही हैं, वह न केवल सरकारी दावों की पोल खोल रही हैं, बल्कि बेटियों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रही हैं।

ठाकुरटोला में करीब 232.72 लाख रुपए की अनुमानित लागत वाले इस प्रोजेक्ट का ठेका 199.25 लाख रुपए में किशनलाल यादव, गंडई को दिया गया। कार्यादेश 30 दिसंबर 2025 को जारी हुआ और निर्माण की अंतिम तिथि 28 नवंबर 2026 तय की गई। इसी तरह चोभर छात्रावास और कुम्हारवाड़ा छात्रावास भी दो-दो करोड़ रुपए की लागत से बन रहा है, लेकिन काम की रफ्तार से ज्यादा चिंता अब उसकी गुणवत्ता को लेकर है और यह चिंता केवल अफवाह नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत बन चुकी है।

स्तरहीन निर्माण खुद इसकी गवाही दे रहे हैं। सभी जगहों के निर्माण कार्यों में भारी गड़बड़ी नजर आ रही है।

**ठेकेदार और अधिकारियों के बीच सेटिंग :** सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह सब कुछ विभागीय अधिकारियों की नाक के नीचे हो रहा है। कार्यपालन अभियंता, सब इंजीनियर और अन्य जिम्मेदार अधिकारी या तो आंखें मूंदे बैठे हैं या फिर जानबूझकर चुप्पी साधे हुए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेकेदार और अधिकारियों के बीच 'सेटिंग' हो चुकी है, और कमीशन का खेल खुलकर चल रहा है।

> बिल्डिंग निर्माण में गड़बड़ी की जानकारी मुझे नहीं है। अभी तक कोई शिकायत भी नहीं मिली है। गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा। मामले को दिखवाता हूं।
>
> **रितेंद्र गजपाल** एसडीओ, पीडब्ल्यूडी, छुईखदान

### तकनीकी मापदंडों की धज्जियां उड़ा रहे

ग्रामीणों का साफ आरोप है कि ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। ईंटें इतनी कमजोर हैं कि हाथ से टूट जा रही हैं। बिल्डिंग के कॉलम में सीमेंट की मात्रा कम रखी जा रही है, जिससे पूरी संरचना की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इतना ही नहीं, जहां मुरुम से फिलिंग होनी चाहिए थी, वहां साधारण मिट्टी डालकर काम निपटाया जा रहा है। यह सीधे-सीधे तकनीकी मानकों की धज्जियां उड़ाना है।

### बालिका छात्रावास भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा

यह स्थिति तब है जब राज्य के उप मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री बार-बार 'सुशासन' और 'जीरो टॉलरेंस ऑन क्वालिटी' की बात करते हैं। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि उन्हीं के विभाग में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सवाल उठता है—क्या ये दावे सिर्फ मंचों तक सीमित हैं? क्या बेटियों के लिए बन रहे छात्रावास भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ेंगे?

## समर कैंप में बच्चों ने सीखी कैलीग्राफी

**भाटापारा/नवप्रदेश।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा

दिव्य मुस्कान समर कैंप के छठवें दिन की शुरुआत ओम ध्वनि और विभिन्न योगासन कराते हुए की गई। तत्पश्चात हमारे मूल गुण पवित्रता अर्थात स्वच्छता विषय पर विचार रखा गयाबाह्य पवित्रता और आंतरिक पवित्रता क्या है इस पर बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही बुरी आदतों को किस तरह से सुधार सकते हैं इस पर कहानी सुनाते हुए कुछ विधिया बताए। तत्पश्चात ट्विंकल बहन ने बच्चों को कैलीग्राफी सिखाई एवं बी.के.भुनेश्वर भाई ने टाईम मैनेजमेंट-> समय प्रबंधन पर बच्चों से ओरली चर्चा करते हुए बताए कि अपने कार्य को छोटे-छोटे टुकड़ों में बांटकर करना ही समय का प्रबंधन करना है ।समय ही सब कुछ है,एक पल भी बर्बाद न करें । आज कल रील्स के पीछे काफी समय बर्बाद करते हैं, इससे बचें । नगर के अरूण छाबड़ा- बंटी ने भी अपनी गरिमामय उपस्थिती प्रदान करते हुए उन्हें अपने अमूल्य समय को समर कैंप में सफल करने के लिए उत्साहित किया ।ब्रह्मकुमारिस द्वारा उत्कृष्ट समाज सेवा पर बालीवुड अभिनेत्री जयाप्रदा द्वारा जो सम्मान उन्हें प्राप्त हुआ है उसके लिए सभी ने उन्हें बधाई दी तथा उसका अवलोकन बच्चों को कराया गया।

## नवोदय विद्यालय में गुंजन वर्मा का चयन

**कोलिहा (लवन)/नवप्रदेश।** नवोदय विद्यालय लवन के नवीन

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए गुंजन वर्मा का चयन हुआ हैं। गुंजन वर्मा कक्षा पहिली से पांचवी तक शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरा में पढ़ी हैं। शुरु से ही छात्रा एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी के रूप में रही प्रथम चयन सूची में नाम नही आने पर निराश हो गई थी पर प्रतिक्षा सूची में नाम आने से खुश हुई। शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कोचिंग सेंटर लवन में छात्रा अध्ययन के लिए जाती थी अपनी सफलता का श्रेय उन्होने अपने शाला के सभी शिक्षको को, अपने माता-पिता को एवं अपने मामा-मामी को दिये हैं, छात्रा अपने मामा के घर में रहकर पढ़ाई करती थी। गुंजन वर्मा की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए लोगो ने बधाई दिये हैं। जितेंद्र वर्मा (पिता), श्रीमती बसंति बाई वर्मा (माता), शिव प्रसाद वर्मा (जनपद सदस्य) सरपंच अंशु ध्रुव ,उपसरपंच धान बाई वर्मा सभी पंचगण, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा एवं राघवेंद्र वर्मा, संकुल प्राचार्य हरिराम साहू,प्राचार्य के.के.गुप्ता संकुल समन्वयक भूपेंद्र पटेल आदि बधाई दिए।

1.22 करोड़ की संपत्ति जब्त, दो अंतर्राज्यीय तस्कर से पुलिस कर रही पूछताछ

# ओडिशा से महाराष्ट्र तस्करी करते 226 किलो गांजा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**महासमुंद/नवप्रदेश।** एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और सिंघोड़ा पुलिस ने ओडिशा से महाराष्ट्र ले जाए जा रहे 226.600 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजा की कीमत 1 करोड़ 14 लाख 30 हजार रुपये आंकी गई है। वहीं परिवहन में प्रयुक्त पिकअप वाहन और मोबाइल सहित कुल 1 करोड़ 22 लाख 75 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स को लगातार अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, एंड-टू-एंड और फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन के साथ सोर्स एवं डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश मिले हुए हैं। कुछ समय बाद पिकअप वाहन क्रमांक एम एच 16 सीडी 8741 वहां पहुंचा, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। पूछताछ में चालक ने अपना नाम अजिनाथ आश्रु जाधव (28 वर्ष) निवासी खेडेगांव बाकी थाना खरडा जिला अहमदनगर महाराष्ट्र बताया। वहीं उसके साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अक्षय बारूक मोरे (32 वर्ष) निवासी पाटेगांव थाना मेरचगांव जिला अहमदनगर महाराष्ट्र बताया।

**एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज :** सिंघोड़ा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) (द्वद्व) (बी) के तहत अपराध दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

**चार महीने में 60 क्विंटल से अधिक गांजा जब्त :** महासमुंद पुलिस के अनुसार पिछले चार महीनों में जिले में अवैध गांजा तस्करी के खिलाफ 83 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इस दौरान कुल 6016.121 किलोग्राम यानी 60 क्विंटल 16 किलो गांजा जब्त किया गया है। इन मामलों में कुल 216 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, जिनमें 54 आरोपी छत्तीसगढ़ के तथा 162 आरोपी अन्य राज्यों के निवासी हैं।

**जब्त संपत्ति**

226.600 किलोग्राम गांजा- कीमत 1,14,30,000 रुपये
पिकअप वाहन - कीमत 8,00,000 रुपये
03 मोबाइल फोन - कीमत 45,000 रुपये
कुल जब्ती - 1,22,75,000 रुपये

### सिल्की ढाबा के पास नाकाबंदी कर पकड़ा वाहन

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि महाराष्ट्र नंबर की एक पिकअप वाहन में ओडिशा की ओर से भारी मात्रा में गांजा लेकर तस्कर छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। इस सूचना के आधार पर एनएच-53 स्थित सिल्की ढाबा के सामने ग्राम गनियारीपाली में नाकाबंदी की गई।

### खाली कैरेट के पीछे छिपाकर कर रहे थे तस्करी

वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को पिकअप के डाले में रखे खाली कैरेट के पीछे प्लास्टिक बोरियों में गांजा छिपाकर रखा मिला। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे गांजा को ओडिशा के बालीगुडा क्षेत्र से लेकर महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में खपाने ले जा रहे थे। पुलिस ने मौके पर ही 226.600 किलोग्राम गांजा, एक सफेद रंग की पिकअप वाहन और तीन मोबाइल फोन जब्त कर लिए।

## बच्चों को खोजने गई महिला से मारपीट, 3 आरोपियों पर केस दर्ज

**n भंवरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम उड़ेला की घटना**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** भंवरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उड़ेला में एक महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर तीन लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम उड़ेला निवासी सनमोती निषाद पति लव कुमार निषाद ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि 05 मई को दोपहर लगभग 12:30 बजे वह अपने बच्चों को खोजते हुए पड़ोसी के घर गई थी। कुछ देर बाद जब वह वापस अपने घर लौटी तो घर के सामने विजय निषाद, उत्तरा निषाद और सुनिता निषाद खड़े थे।

आरोप है कि इसी दौरान विजय निषाद ने उसे देखकर जातिसूचक शब्द कहकर संबोधित किया। महिला द्वारा विरोध करने और मना करने पर तीनों आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। घटना के बाद पीड़िता ने भंवरपुर थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों विजय निषाद, उत्तरा निषाद एवं सुनिता निषाद के खिलाफबीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पत्नी और बेटी घायल

**महासमुंद/नवप्रदेश।** पिथौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मेमरा के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बेटी घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 06 मई को बोधराम डड़सेना अपनी पत्नी पुन्नीबाई डड़सेना और पुत्री इंदुमती के साथ बाइक क्रमांक सीजी 06 जीके 4723 से गोड़बहाल से अनसुला जा रहा था। सुबह करीब 09:25 बजे एनएच-53 पर ग्राम मेमरा के पास सामने से गलत दिशा में आ रहे लाल रंग के महिंद्रा युवा 475 डीआई सोल्ड ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर गए।

## निस्तारी तालाब भरने के बाद व्यर्थ बह रहा पानी जलाशयों के जल को तत्काल रोके शासनः धनेंद्र

**नवापारा राजिम/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा इस वर्ष मौसम विभाग के द्वारा जो अनुमान लगाया गया है और इस बात का संदेश व्यक्त किया गया है कि इस साल देश में मानसून का दबाव सामान्य से कम होने की संभावना है जिससे बरसात कम हो सकती है। इसे देखते हुए शासन को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। संभावित जल संकट को देखते हुए शासन से जल संरक्षण हेतु तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न जलाशयों से गांवों के निस्तारी तालाबों को भरने के लिए नहर से छोड़े गए पानी को तालाब भरने के बाद व्यर्थ बहने से रोका जाना अत्यंत आवश्यक है।



उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में प्रदेश के प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण की स्थिति संतोषजनक है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार मिनीमाता बांगो, कोरबा में 59.09 प्रतिशत, रविशंकर सागर, धमतरी में 64.39 प्रतिशत, तांदुला जलाशय, बालोद में 49.75 प्रतिशत, दुधावा जलाशय, कांकेर में 81.58 प्रतिशत, सिकासार बांध, गरियाबंद में 51.27 प्रतिशत, खारंग जलाशय, बिलासपुर में 80.72 प्रतिशत, सौंदूर जलाशय, धमतरी में 66.77 प्रतिशत, मुरुमसिल्ली, धमतरी में 84.75 प्रतिशत, कोडार जलाशय, महासमुंद में 24.66 प्रतिशत, मनियारी जलाशय, मुंगेली में 84.81 प्रतिशत, केलो जलाशय, रायगढ़ में 40.45 प्रतिशत तथा अरपा भैंसाझार, बिलासपुर में 50.71 प्रतिशत जल उपलब्ध है।

श्री साहू ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा इस वर्ष मानसून कमजोर रहने की आशंका जताई गई है। यदि समय रहते जल संरक्षण की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाले समय में किसानों की खरीब फसलों, ग्रामीण क्षेत्रों की निस्तारी व्यवस्था तथा पेयजल उपलब्धता पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के कई छोटे जलाशयों जैसे कुम्हारी, पंखुड़ी एवं मदन जलाशयों में जल स्तर केवल 3 से 10 प्रतिशत के बीच रह गया है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। वहीं गंगरेल जैसे बड़े जलाशय में भी जल स्तर निस्तारी तालाबों को भरे जाने के बाद व्यर्थ में पानी बहने से कम होती जा रही है। ऐसी स्थिति में जल का अनावश्यक बहाव भविष्य में गंभीर समस्या पैदा कर सकता है।

## समस्याओं के समाधान नहीं होने पर जनता ने बनाई दूरी : बेसरा

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** शासन की महत्वाकांक्षी पहल ÷सुशासन तिहार÷ अब आम जनता के बीच सवालों के घेरे में आता नजर आ रहा है।लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होने से अब ग्रामीणों और जरूरतमंद परिवारों ने इस अभियान से दूरी बनानी शुरू कर दी है।कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने सरकार और प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि सुशासन तिहार केवल औपचारिक कार्यक्रम बनकर रह गया है,जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। बेसरा ने आरोप लगाया कि गांव-गांव से लोग राशन कार्ड,जमीन का पट्टा, सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन और राजस्व संबंधी समस्याओं को लेकर आवेदन दे रहे हैं,लेकिन महीनों बाद भी निराकरण नहीं हो पा रहा है।कई हितग्राही दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं,जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि सरकार मंचों से सुशासन और विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है,लेकिन वास्तविकता यह है कि गरीब और

जरूरतमंद लोग आज भी अपनी बुनियादी सुविधाओं के लिए भटक रहे हैं।सुशासन तिहार में आवेदन लेने और फोटो खिंचवाने तक ही सीमित व्यवस्था ने लोगों का भरोसा तोड़ना शुरू कर दिया है। बेसरा ने कहा कि यदि शासन वास्तव में जनता की समस्याओं को लेकर गंभीर है तो हर आवेदन का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। केवल शिविर लगाकर और भाषण देकर सुशासन स्थापित नहीं किया जा सकता।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो जनता का विश्वास पूरी तरह खत्म हो जाएगा और इसका असर आने वाले समय में राजनीतिक रूप से भी देखने को मिलेगा।

## अंकोरी टांडा-बिरसिंगपाली मार्ग जर्जर, टूटी पुलिया से खतरा

**n सभापति प्रकाश ने विधायक और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मरम्मत व जांच की मांग**

**महासमुंद/नवप्रदेश।** जनपद पंचायत बसना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंकोरी से टांडा एवं बिरसिंगपाली को जोड़ने वाली मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क और पुलिया की जर्जर हालत को लेकर जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं अंकोरी क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़क एवं क्षतिग्रस्त पुलिया की शीघ्र मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कराने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, हाल ही में क्षेत्र में आयोजित एक कीर्तन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सभापति प्रकाश सिन्हा की नजर अंकोरी टांडा और बिरसिंगपाली के बीच स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया पर पड़ी। उन्होंने मौके पर रुककर सड़क एवं पुलिया का निरीक्षण

किया तथा ग्रामीणों से चर्चा कर समस्या की गंभीरता को समझा। इस दौरान ग्राम सरपंच मिश्रा दीप, मुरली नायक, महेंद्र प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे आवागमन बेहद जोखिम भरा हो गया है। विशेषकर रात के समय दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है और कई छोटे हादसे भी हो चुके हैं। ग्रामीण वर्तमान में पुलिया के पास पत्थर रखकर वैकल्पिक रास्ते से जान जोखिम में डालकर आवागमन करने को मजबूर हैं।

वहीं सड़क भी जगह-जगह से उखड़ चुकी है, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया कि यह मार्ग बसनाङ्कपदमपुर मुख्य सड़क से ग्राम अंकोरी होते हुए लगभग 4 किलोमीटर दूरी पर स्थित महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इस रास्ते से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आवागमन होता है।

### निर्माण गुणवत्ता की जांच और कार्रवाई की मांग

सभापति प्रकाश सिन्हा ने सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने के साथ ही संबंधित अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि मार्ग पर लगा सूचना बोर्ड भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। उन्होंने प्रशासन से जनहित को ध्यान में रखते हुए त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## धान खरीदी केंद्र में हेराफेरी का मामला किसानों ने कलेक्टर से शिकायत

**कोलिहा (लवन )/नवप्रदेश।** धान उपार्जन केन्द्रों में शून्य शार्टेज बताने के बाद भी बचत धान की हेराफेरी के मामले लगातार देखने सुनने को मिल रहे है। खरीफविपणन में इस वर्ष ऐसी अनियमितताए पाई भी गई है। शिकायत मिलने पर वहां कार्रवाई भी की गई है। कुछ इसी तरह का मामला लवन शाखा के बरदा उपार्जन केन्द्र का है। यहां समिति प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा 01 मई 2026 को शून्य शार्टेज बताया गया। समिति के अनुसार केन्द्र में धान उपलब्ध नहीं था। किन्तु दूसरे ही दिन 2 मई को प्राधिकृत अधिकारी एवं प्रभारी प्रबंधक के द्वारा बाहर से वाहन बुलाकर 600 कट्टा धान बोरी का हेराफरी किया गया। जिसकी जानकारी बरदा के किसानों को होने पर 04 मई को जिला कलेक्टर एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं बलौदाबाजार के नाम से ज्ञापन देकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग किया

गया है।कलेक्टर को दिए गए शिकायत के अनुसार इस वर्ष बरदा धान खरीदी केन्द्र में 01 मई 2026 की स्थिति में धान का उठाव पूर्ण होने के साथ स्टाक शून्य बताया गया था। लेकिन दो दिन बाद 2 मई को एक बड़ी वाहन माजदा क्रमांक सी.जी. 04 जे.ए. 7625 में बगैर परमीट के बाहर से मजदूर लाकर बरदा सहकारी समिति के धान खरीदी केन्द्र में पहुंच गया। जहां प्राधिकृत अधिकारी के पुत्र एवं समिति प्रबंधक भी उपस्थित थे। वहां उपस्थित किसानों के द्वारा वाहन अन्दर जाने एवं धान ले जाने को लेकर धान परिवहन का परमीट पुछा गया जिस पर चालक के द्वारा परमीट नहीं होने की बात कही गई।

## पेज 1 का शेष...

**हर धार्मिक प्रथा को चुनौती...**

उठेंगे-मंदिर खुलने या बंद होने तक के मामले कोर्ट में आएंगे। कोर्ट की यह टिप्पणी दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़ी 40 साल पुरानी याचिका पर आई। जस्टिस एमएम सुन्द्रेश ने कहा कि अगर ऐसे विवादों को लगातार अनुमति दी गई, तो हर व्यक्ति हर चीज पर सवाल उठाएगा। इससे धर्म टूट सकते हैं और अदालतों पर भी असर पड़ेगा।

1962 का फैसला रद्द करने की मांग दाऊदी बोहरा समुदाय के केंद्रीय बोर्ड ने 1986 में जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें 1962 के फैसले को चुनौती दी गई थी। उस फैसले में बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ एक्सकम्युनिकेशन एक्ट, 1949 रद्द कर दिया गया था। इस कानून के तहत किसी सदस्य को समुदाय से बाहर करना गैरकानूनी था। 1962 के फैसले में कहा गया था कि धार्मिक आधार पर किसी सदस्य को समुदाय से बाहर करना, समुदाय के धार्मिक मामलों के प्रबंधन का हिस्सा है। इसलिए 1949 का कानून संविधान के अनुच्छेद 26(बी) के तहत मिले अधिकारों का उल्लंघन करता है।

**76 जवानों की शहादत...**

है। नक्सलियों ने सीआरपीएफ और पुलिस पार्टी पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें 75 सीआरपीएफ जवान और एक पुलिसकर्मी सहित कुल 76 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने कई ग्रामीणों को आरोपी बनाते हुए हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया था।

**अभियोजन स्वीकृति भी रिकॉर्ड में नहीं थी उपलब्धः** मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने जांच प्रक्रिया में कई गंभीर खामियां पाईं। कोर्ट ने कहा कि न तो कोई प्रत्यक्षदर्शी सामने आया और न ही किसी गवाह ने आरोपियों की पहचान की। पुलिस द्वारा बरामद बताए गए हथियारों और विस्फोटकों की एफएसएल रिपोर्ट तक पेश नहीं की गई। इसके अलावा आरोपियों की टेस्ट आइडेंटिफिकेशन परेड नहीं कराई गई और आर्म्स एक्ट के तहत आवश्यक अभियोजन स्वीकृति भी रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं थी।

दोषियों को कानून के कटघरे में लाया सा सकाः चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि 76 जवानों की शहादत जैसे संवेदनशील मामले में भी वास्तविक दोषियों को कानून के कटघरे तक नहीं लाया जा सका। कोर्ट ने जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इतने बड़े आतंकी और नक्सली हमलों की जांच में वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्य जुटाने में भारी लापरवाही बरती गई।

**बंगाल में विधानसभा भंग...**

कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष जहां इसे संवैधानिक कार्रवाई बता रहा है, वहीं तृणमूल कांग्रेस इस फैसले को लोकतंत्र के खिलाफ बता सकती है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पश्चिम बंगाल में आने वाले दिनों में सियासी तनाव और बढ़ सकता है। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि आगे राज्य में नई सरकार के गठन या चुनाव को लेकर क्या फैसला लिया जाता है। ममता बनर्जी साल 2011 से पश्चिम बंगाल की सत्ता पर काबिज थीं और लगातार तीन बार मुख्यमंत्री पद संभाल चुकी हैं। उनके लंबे राजनीतिक कार्यकाल में जहां कई विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी फैसलों की चर्चा रही, वहीं चुनावी हिंसा और राजनीतिक विवाद भी लगातार सुर्खियों में रहे। अब विधानसभा भंग होने के बाद राज्य में नई सरकार के गठन और आगे की राजनीतिक रणनीति को लेकर हलचल तेज हो गई है।

**हिंसा को लेकर सीबीआई जांच की मांगः** कोलकात (ए.)। मध्यग्राम में शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या के बाद सियासत तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। तृणमूल कांग्रेस सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर अपने बयान में कहा कि मध्यग्राम में चंद्रनाथ रथ की निर्मम हत्या की वह कड़ी निंदा करती है। पार्टी ने दावा किया कि पिछले तीन दिनों में पोस्ट-पोल हिंसा की घटनाओं में तीन अन्य तृणमूल कार्यकर्ताओं की भी हत्या हुई है, जिनके पीछे भाजपा समर्थित असामाजिक तत्वों का हाथ बताया गया है। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि ये घटनाएं तब हो रही हैं जब आदर्श आचार संहिता लागू है, जो कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं।

**एंटी-रेबीज इंजेक्शन की...**

कहा कि, कुत्ते के काटने के बाद समय पर एंटी-रेबीज और टिटनेस इंजेक्शन नहीं मिलना मरीजों की जान के लिए खतरा बन सकता है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि, जिला अस्पतालों में जरूरी दवाओं और इंजेक्शनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**सरगुजा की पहाड़ी...**

ने संबंधित विभागों को सभी स्वीकृत कार्य एक माह के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

**सऊदी के 'नो' से अटका...**

सहमति नहीं बन सकी। नतीजतन, दो दिनों में अमेरिका सिर्फ तीन जहाजों को ही सुरक्षा दे पाया और अंततः मिशन रोकना पड़ा।

**ईरान-चीन की जुगलबंदीः** बीजिंग में हुई हाई-लेवल बैठक में चीन ने ईरान को युद्ध रोकने और पूरा समर्थन देने का भरोसा दिया है। ईरान अब ट्रंप की चीन यात्रा पर नजरें गड़ाए हुए है।

**14 सूत्रीय समझौताः** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने के लिए 14 बिंदुओं वाला एक फ्रेमवर्क तैयार है, हालांकि इसे अंतिम रूप दिया जाना अभी बाकी है।

**समुद्र में हमले जारीः** तनाव का असर अब व्यापारिक जहाजों पर दिख रहा है। फ्रांस के कार्गो जहाज पर हुए मिसाइल हमले में कई क्रू मेंबर घायल हुए हैं, जिससे शिपिंग कंपनियों में दहशत है।

**ट्रंप की चेतावनीः** ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिकी हमलों से ईरान के रडार और मिसाइल नेटवर्क को भारी क्षति हुई है। उन्होंने साफ कहा—÷या तो समझौता होगा, या फिर इससे भी बड़ा हमला।

# छत्तीसगढ़ में गूंजेंगी शहनाई, 2300 से अधिक जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे

**■ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का प्रदेशव्यापी आयोजन 8 मई को**

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सामाजिक समरसता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में स्थापित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत कल 8 मई को प्रदेश के सभी जिलों में भव्य सामूहिक विवाह समारोह आयोजित होगा। इस प्रदेशव्यापी आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और प्रशासनिक अमला वैवाहिक कार्यक्रम की व्यवस्था को अंतिम रूप देने में जुटा है।

सामूहिक विवाह समारोहों में विभिन्न धर्मों एवं समुदायों के 2300 से अधिक जोड़े अपने-अपने रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह सूत्र में बंधेंगे। इस आयोजन में हिंदू, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध सहित विशेष पिछड़ी जनजातियों के जोड़ों की

सहभागिता, छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का उदाहरण बनेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि यह आयोजन केवल विवाह का कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में समानता, सम्मान और एकता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि एक समय आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेटियों का विवाह चिंता का विषय होता था, लेकिन मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने इस चिंता को विश्वास और गरिमा में बदल दिया है। यह योजना समाज के अंतिम व्यक्ति तक संवेदनशील शासन की पहुंच सुनिश्चित करती है।

उल्लेखनीय है कि बीते 10 फ़रवरी 2026 को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय की उपस्थिति में कुल 6,412 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इनमें से 1,316 नवविवाहित जोड़ों को मुख्यमंत्री ने प्रत्यक्ष रूप से आशीर्वाद प्रदान किया, जबकि अन्य जिलों के जोड़े वर्चुअल माध्यम से जुड़े। इस ऐतिहासिक आयोजन को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया, जो छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है।

योजना के अंतर्गत प्रत्येक नवविवाहित दंपति को 35 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत में संबल मिलता है। इसके साथ ही विवाह आयोजन में आवश्यक सामग्री एवं अन्य व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाती हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी जिलों में आयोजन स्थल, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि प्रत्येक जोड़े और उनके परिजनों को सम्मानजनक एवं सुगम वातावरण मिल सके।

## न्यूज गैलरी

### अवंति विहार में सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**रायपुर/नवप्रदेश।** नगर पालिक निगम रायपुर के लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने शुक्रवार को निगम जोन क्रमांक 9 अंतर्गत महर्षि वाल्मिकी वार्ड क्रमांक 32 के अवंति विहार कॉलोनी में वासुदेव केयर हॉस्पिटल के सामने नई सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती प्रभा मनोज विश्वकर्मा भी मौजूद रहीं। महापौर श्रीमती मीनल चौबे के निर्देश पर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर विकास कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र सिंह ठाकुर, जोन 9 के कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब, उप अभियंता अंकिता जनार्दन सहित स्थानीय नागरिक, युवा एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### प्रगति पत्रिका विद्यार्थियों की वैचारिक शक्ति और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिबिंब: वर्मा

**रायपुर/नवप्रदेश।** शिक्षा के क्षेत्र में रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देते हुए स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय (मोपका), निपनिया ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय की प्रथम वार्षिक पत्रिका प्रगति के प्रथम अंक का विमोचन आज प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंक राम वर्मा के कर-कमलों से उनके निवास कार्यालय में संपन्न हुआ। पत्रिका के विमोचन के अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री ने महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा, किसी भी शिक्षण संस्थान की वास्तविक पहचान उसकी रचनात्मकता से होती है। प्रगति पत्रिका केवल पन्नों का संग्रह नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की वैचारिक शक्ति और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का जीवंत प्रतिबिंब है। विशेषकर ग्रामीण अंचल के महाविद्यालय में इस तरह का नवाचार अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अभिव्यक्ति के बेहतर मंच उपलब्ध कराने के लिए निरंतर संकल्पित है। यह पत्रिका प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के कुशल नेतृत्व और महाविद्यालय के शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

### राज्य स्तरीय कयाकिंग-कैनोइंग स्पर्धा में रायपुर ओवरऑल चैम्पियन

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर के बूढ़ातालाब में 4 से 6 मई तक आयोजित राज्य स्तरीय कयाकिंग एवं कैनोइंग प्रतियोगिता में रायपुर की टीम ओवरऑल चैम्पियन बनी, जबकि जगदलपुर की टीम रनरअप रही। तीसरे स्थान पर बिलासपुर की टीम रही। प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन द्वारा किया गया। समापन समारोह में विधायक सुनील सोनी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। एसोसिएशन के सचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस बार जगदलपुर के खिलाड़ियों ने रायपुर को कड़ी चुनौती दी। प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा और यही खिलाड़ी जून में रायपुर में होने वाली राष्ट्रीय कयाकिंग स्पर्धा में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में कोच पिंकी साहू और अशोक साहू भी मौजूद रहे। जूनियर पुरुष 500 मीटर के-1 स्पर्धा में रायपुर के जगन्नाथ प्रधान ने स्वर्ण पदक और दुर्ग के रोहित ने रजत पदक जीता।

# घर से मिला देसी बम बनाने का सामान, इलाके में मचा हड़कंप

**रायपुर/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर में एक घर से देसी बम बनाने का सामान मिलने से हड़कंप मच गया। दरअसल, रावाभाठा वार्ड नंबर 13 में एक मकान से देसी बम बनाने में इस्तेमाल होने वाले सामान मिले हैं। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस और बम स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंच गई।

**एक घर में मिला संदिग्ध सामान:** जानकारी के अनुसार एक घर में तार, विस्फोटक सामग्री जैसे संदिग्ध उपकरण और देसी बम बनाने में उपयोग होने वाली चीजें मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए रायपुर नार्थ थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।

**बम बनाने के सामान को किया गया नष्ट:** जांच के दौरान टीम को घर के अंदर से मिले बैटरी, केमिकल से भरी दो बोतलें, वायर और डेटोनेटर को बीडीडीएस और एफएसएल की टीम ने सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मौके पर ही बम बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों को निष्क्रिय कर नष्ट कर दिया।

**पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेरा**

घटना की सूचना मिलते ही बम स्क्वॉड टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने पूरे मकान और आसपास के इलाके की बारीकी से जांच शुरू कर दी। सुरक्षा के मद्देनजर इलाके को घेराबंदी कर लोगों की आवाजाही सीमित कर दी गई। रावाभाठा इलाके में पुलिस और बम स्क्वॉड की मौजूदगी से लोगों में डर और दहशत का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

**मितानिन पुष्पा साहू का है मकान**

पुलिस के मुताबिक, रविशंकर शुक्ल वार्ड के रावाभाठा इलाके में मितानिन पुष्पा साहू का मकान है। पुष्पा साहू और उसके परिवार का बीरगांव निवासी विनय देवांगन से परिचय है। बुधवार की शाम को विनय देवांगन मितानिन के घर एक बैग लेकर पहुंचा था। बैग उसके घर में रखकर बाद में ले जाने की बात कही और वहां से चला गया। मितानिन को शक हुआ, तो उसने वार्ड पार्षद अश्वनी यादव को सूचना दी। अश्वनी यादव रात को मितानिन के घर पहुंचा और सुबह आने की बात बोलकर वहां से रवाना हो गया। गुरुवार की सुबह आठ बजे वार्ड पार्षद स्थानीय रहवासियों के साथ पहुंचा और बैग खोलकर जांच की तो उसमें एयर गन और देशी बम बनाने का सामान मिला।

## श्रीनदी पर बनेगा उच्च स्तरीय पुल, 3 राज्यों की कनेक्टिविटी होगी मजबूत

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले को एक और महत्वपूर्ण विकास परियोजना की सौगात मिली है। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के बजट अंतर्गत कुनकुरी-तपकरा-लवाकेरा मार्ग पर श्री नदी में उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य के लिए 9 करोड़ 45 लाख 85 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। यह मार्ग छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। उच्च स्तरीय पुल के निर्माण से तीनों राज्यों के बीच आवागमन अधिक सुरक्षित, सुगम और निर्बाध हो सकेगा। साथ ही व्यापार, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

वर्तमान में इस मार्ग पर स्थित सकरा पुल बरसात के मौसम में बड़ी समस्या बन जाता था। जलस्तर बढ़ने पर आवागमन बाधित हो जाता था और ग्रामीणों एवं राहगीरों को जोखिम उठाकर यात्रा करनी पड़ती थी। लंबे समय से क्षेत्रवासी उच्च स्तरीय पुल निर्माण की मांग कर रहे थे। अब प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार सीमावर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता देते हुए लगातार जनहितकारी कार्य कर रही है। पुल निर्माण से हजारों लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी। क्षेत्रवासियों का मानना है कि श्री नदी पर बनने वाला यह उच्च स्तरीय पुल जशपुर जिले के लिए विकास का नया द्वार साबित होगा तथा राज्य के दूरस्थ अंचलों को बेहतर संपर्क सुविधा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## जनहानि के दो मामलों में परिजनों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**रायपुर/नवप्रदेश।** जशपुर कलेक्टर द्वारा प्राकृतिक आपदा के कारण हुई जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिवारों को आर.बी.सी. 6-4 के तहत कुल 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बगीचा तहसील के ग्राम कुटमा निवासी स्वर्गीय सुरजो राम की 23 सितम्बर 2024 को मधुमक्खियों के काटने से मृत्यु हो गई थी। इस मामले में मृतक की निकटतम वारिस पत्नी फिलीसीता भगत को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार, पत्थलगांव तहसील के ग्राम पंगसुवां निवासी स्वर्गीय बृजराम बेहरा की 05 सितम्बर 2025 को कुएं में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में मृतक के पुत्र आजाद बेहरा को निकटतम वारिस के रूप में 4 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है। जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आर.बी.सी. 6-4 प्रावधान के तहत लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों को आवश्यक संबल मिल सके।

## निगम आयुक्त विश्वदीप को विदाई, बीजापुर कलेक्टर के रूप में संभालेंगे नई जिम्मेदारी

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप को गुरुवार को रेडक्रॉस सभाकक्ष में भावभीनी विदाई दी गई। उन्हें बीजापुर जिले में कलेक्टर के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

विदाई समारोह में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि एक प्रशासनिक अधिकारी को हमेशा जनता के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजापुर अब नक्सलमुक्त जिले के रूप में नई पहचान बना रहा है और वहां विकास तथा नवाचार की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि श्री विश्वदीप अपने कार्यों से जिले को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएंगे।

डॉ. सिंह ने कहा कि प्रशासनिक जिम्मेदारियों में परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेने की क्षमता जरूरी होती है। कई बार सौम्य व्यवहार की आवश्यकता होती है तो कई बार कठोर फैसले लेने पड़ते हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त के रूप में विश्वदीप की कार्यशैली की

सराहना करते हुए कहा कि करीब 28 माह तक साथ काम करने के दौरान उन्होंने हर चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी को जनहित और तत्परता के साथ निभाया।

कलेक्टर ने गुढियारी आगजनी की घटना का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि उस कठिन समय में श्री विश्वदीप ने अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर ऑयल से भरे टैंकर के ढक्कन हटाने का साहसिक कार्य किया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। उन्होंने कहा कि राजधानी की जनता उनके कार्यों को लंबे समय तक याद रखेगी।

अपने संबोधन में नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने रायपुर में कार्यकाल को यादगार बताते हुए कहा कि जिला पंचायत सीईओ और निगम आयुक्त के रूप में कार्य करते हुए उन्हें प्रशासनिक कार्यों का व्यापक अनुभव मिला। लोकसभा, विधानसभा उपचुनाव, नगरीय निकाय चुनाव और एसआईआर जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य पूरी टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

उन्होंने कहा कि बड़े आयोजनों और दबाव की परिस्थितियों में प्रभावी तरीके से कार्य करना उन्होंने रायपुर में सीखा। विश्वदीप ने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, जिला प्रशासन और निगम टीम के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यहां का अनुभव बीजापुर में नई जिम्मेदारी निभाने में बेहद उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन सहित जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### मंत्रालय में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 23 लाख की ठगी

**रायपुर/नवप्रदेश।** डीडी नगर थाना पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 23 लाख रुपये की धोखाधड़ी के मामले में एक दंपती के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि दंपती ने मंत्रालय और बड़े नेताओं-अधिकारियों से करीबी संबंध होने का दावा कर युवक और उसके परिजनों को नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया था। बाद में फर्जी नियुक्ति पत्र और इम्प्लॉय आईडी भेजकर उन्हें गुमराह किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रायपुरा निवासी आकाश साहू वाहन खरीदी-बिक्री का काम करते हैं। करीब दो साल पहले उनकी पहचान जितेंद्र बघेल के जरिए विश्वनाथ गुप्ता उर्फ विष्णु गुप्ता और उसकी पत्नी चंदा गुप्ता से हुई थी। दोनों खुद को मंत्रालय और प्रभावशाली लोगों से जुड़ा बताते थे। आरोपियों ने दावा किया कि नवा रायपुर मंत्रालय और जल संसाधन विभाग में रिक्त पद हैं, जहां वे आसानी से नौकरी लगवा सकते हैं। आकाश साहू ने अपनी पत्नी रेशमी साहू और रिश्तेदार शेषनारायण साहू व रविशंकर साहू के लिए आरोपियों से बात की।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक /216 / तक./ नि.आ.सू./ न.पा.परि./2025-26 दन्तेवाड़ा, दिनॉकः 06/05/2026

**ई-निविदा निरस्तीकरण सूचना**

कार्यालय के द्वारा ई-निविदा जारी सूचना क्रमांक 107 दिनांक 17.04.2026 के द्वारा से सिस्टम टेण्डर क्र. 189274, 189277, 189278, 189289, 189290, 189293, 189295, 189297, 189298, 189299, 189300, 189301, 189302, 189304 एवं 189306 तथा ई-निविदा जारी सूचना क्रमांक 176 दिनांक 30.04.2026 के द्वारा से सिस्टम टेण्डर क्र. 190089, 190092, 190099 एवं 190101 के माध्यम से विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त ई-निविदा को निरस्त किया जाता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी) CIN: U40108CT2003SGC015822
कार्यालयः-महाप्रबंधक (वित्त) "विद्युत सेवा भवन" डंगनिया रायपुर (छ.ग.) 492013
Tell.No.0771-2574359, 2576601, Website-www.cspdcl.co.in, E-mail-fin.cspdcl@cseb.gov.in

T.S.No.05-06/Estt./ 260 Raipur, dt.05.05.2026

**Notice Invitng Tender**

Sealed tender in prescribed form are invited for deployment of 1 car, on hiring basis, as per the terms & conditions detailed in the tender document which can be obtained from this office. The tender document can also be downloaded from official website of the company i.e. www.cspc.co.in, in which case the cost of tender form Rs. 2000/- (Inclusive of GST 18%) in prescribed mode shall have to be submitted in a separate envelop-superscribing **"Cost of Tender"**.

General Manager (Fin)
CSPDCL,Raipur

//Save Electricity// S- 47739/3


## प्रशासन की पहल पर बैगा बस्ती टिंगीपुर में टैंकर से पहुंचाया जा रहा पेयजल

**रायपुर/नवप्रदेश।** खैरागढ़, छुईखदान, गंडई जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत देवरचा के आश्रित ग्राम टिंगीपुर में रहने वाले बैगा आदिवासी समुदाय को अब पेयजल के लिए झिरिया (प्राकृतिक जल स्त्रोत) पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। जिला प्रशासन एवं कलेक्टर श्री इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की पहल पर ग्राम पंचायत द्वारा बस्ती में टैंकर के माध्यम से नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी गई है।

पूर्व में टिंगीपुर के बैगा परिवार दैनिक जरूरतों के लिए जंगलों के बीच स्थित झिरिया से पानी भरने को मजबूर थे।

गर्मी के मौसम में जल स्त्रोत कम होने से स्थिति और गंभीर हो जाती थी। महिलाओं और बच्चों को लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता था, जिससे उनकी दिनचर्या और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने त्वरित संज्ञान लेते हुए पंचायत एवं संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद ग्राम पंचायत देवरचा द्वारा टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की गई। अब नियमित अंतराल में टिंगीपुर बस्ती तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा भविष्य में स्थायी समाधान के रूप में नल-जल योजना एवं अन्य जल संरचनाओं के विकास की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं।


**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (SUB-STATION)**
Transmission Building, CSPTCL Tifra, Bilaspur (C.G.) 495001
Website- www.cspc.co.in e-mail- cessonm.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537

No. 02-17/Pur/T-603/348 Bilaspur, Date: 06/05/2026

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from eligible experienced contractor on labour contract basis for the following works:-

| SN | Tender No. | Particulars | | E.M.D |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 02-17/Pur/ T-603/348 Dtd.06/05/25 (RFx No. 8100051324) | Supply of Isolator aligning stick for various EHV Sub-station under EE (S/s) Dn. CSPTCL Bilaspur, Raigarh, Bishrampur & EE (MRT-Cum:S/s) Dn. CSPTCL Korba. | | 15,900.00 |
| Cost of Tender Documents (Non-refundable) incl. GST@18% | | | | 2,000.00 |
| Last Date & Time of Sale of Tender: - | | | 01/06/2026 | 15:00 Hrs |
| Last Date & Time of Submission of Tender:- | | | 02/06/2026 | 15:00 Hrs |
| Date & Time of Opening of Tender :- | | | 02/06/2026 | 15:30 Hrs |

Note:- (i) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day.(ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.(iii) The tender will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our web site www.cspc.co.in/csptcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM

SAVE ELECTRICITY S- 47740/2

Chief Engineer (Sub-station)
CSPTCL Bilaspur

केनरा बैंक Canara Bank — धमतरी-II, घड़ी चौक शाखा

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत

| ऋणी एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | प्रकार / सीमा / बकाया ऋण |
|---|---|---|
| ऋणी- 1. मेसर्स महादेव की रसोई मालिक श्रीमती कंचन देवांगन के माध्यम से। 2. श्री ईश्वर देवांगन पुत्र श्री झम्मर देवांगन, दोनों का पताः मकान नं. 192, शासकीय स्कूल के पास, हटकेश्वर वार्ड, वार्ड नं. 01, तहसील एवं जिला- धमतरी, छत्तीसगढ़। पिनकोड- 493773. | शीर्षक धारक का नामः श्री ईश्वर देवांगन पुत्र श्री झम्मर देवांगन, नया खसरा नं. 416/23 (पुराना खसरा नं. 416/9 (भाग), प.ह.नं. 49/15, ग्राम- हटकेश्वर, बी.एन. नं. 532/546, मंडल- भोथली, ब्लॉक एवं तहसील- दोह, जिला- धमतरी, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 1508.00 वर्ग फुट में स्थित परिवर्तित भूमि के साम्यिक बंधक। चौहद्दीः उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- श्री संतोष की खुली भूमि, पूर्व- सड़क, पश्चिम- खसरा नं. 384/2, 384/3. CERSAI ID- 400087797472 | MSME-OD/OCC / ₹ 19,00,000.00 / 05/05/2026 से कुल देय धनराशि ₹ 19,49,289.32 एनपीए तिथि 30/04/2026 |

उपर्युक्त उल्लेखित उधारकर्ता एवं जमानतदारों ने उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर केनरा बैंक, धमतरी-II घड़ी चौक शाखा से ऊपर उल्लेखित अनुसार ऋण सुविधा प्राप्त की है तथा ऊपर उल्लेखित जमानतदारों ने गारंटी उपलब्ध करवाई है, उधारकर्ता ऋण स्वीकृति के नियम तथा शर्तों का पालन करने में असफल हो चुके हैं। रिजर्व बैंक के दिशा निर्देशों के अनुसार खाता अनियमित होने पर ऊपर उल्लेखित दिनांक को एनपीए के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। बैंक द्वारा उपरोक्त वर्णित बकाया ऋण राशि की वसूली के लिए सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के नोटिस दिनांकित (ऊपर उल्लेखित अनुसार) ऋणी व जमानतदारों को एनपीए की तिथि (ऊपर उल्लेखित अनुसार) अंतिम ज्ञात पते पर भेजा गया था जो बिना सुपुर्दगी के वापस लौट गया है। जिसके पश्चात् यह प्रकाशन जारी किया जा रहा है जिसके माध्यम से देनदारों व जमानतदारों को ऊपर उल्लेखित धनराशि ब्याज दर (संविदात्मक दर), लागत व्यय इत्यादि के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर भुगतान करने कहा गया है जिसमें चूक करने पर निम्नलिखित बंधक संपत्तियों पर उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के अंतर्गत बैंक की बकाया धनराशि की वसूली हेतु कार्यवाही की जाएगी। ऋणी एवं जमानतदार संपत्ति स्वामी का ध्यान वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित परिवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(8) के प्रावधानों के तहत उपलब्ध समय में प्रतिभूति आस्तियों को छुड़ाने की ओर आकर्षित किया जाता है।

दिनांकः 07.05.2026 स्थानः धमतरी (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी/केनरा बैंक

# नगरी में श्रीराम-सीता-लक्ष्मण दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, श्रद्धालुओं में भारी उत्साह

**नगरी/नवप्रदेश।** नगरी नगर के श्रीराम नगर वार्ड क्रमांक 03 स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में श्रीराम दरबार की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अत्यंत भव्य और धार्मिक वातावरण में आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन स्वर्गीय जगेश्वर यादव की पुण्य स्मृति में रखा गया है, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ 07 मई, गुरुवार को प्रातः 10 बजे प्राण प्रतिष्ठा स्थापना के साथ होगा। इसके पश्चात 08 मई, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे हवन-पूजन का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन दोपहर 1 बजे से श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है।

कार्यक्रम को और अधिक भव्य बनाने के लिए 08 मई की रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रसिद्ध कलाकार मिथिलेश्वरी सेन द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। भजन संध्या में भगवान श्रीराम के भजनों की मधुर प्रस्तुति से पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाया जाएगा।जिसमे आयोजन में भोलाराम-सुनीता यादव, कैलाश-कांति यादव, राजू-जीना यादव, परदेशी-जानकी यादव, मनीष-राधिका यादव तथा किशन-रोशनी यादव सहित परिवारजनों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। वहीं आयोजन को सफल बनाने में जयवती यादव एवं हरीश लखेश्वरी यादव की महत्वपूर्ण भूमिका है। आयोजन समिति ने समस्त श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों से आग्रह किया है कि वे इस पुण्य अवसर पर सपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करें तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का भी संदेश देगा।

## भोथली में गली सीमेंटीकरण कार्य का भूमि पूजन, ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर सुविधा

**बालोद/नवप्रदेश।** जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू द्वारा 15वें वित्त आयोग मद से ग्राम भोथली में गली सीमेंटीकरण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस निर्माण कार्य से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ ही गांव की आधारभूत संरचना मजबूत होगी। भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, ग्राम सरपंच लक्ष्मी एस. कुमार निषाद, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर, लक्ष्मण निषाद, सुरेंद्र मगर सहित ग्राम के पंचगण, ग्रामीणजन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**विकास कार्यों को लेकर जताई प्रतिबद्धता;** कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य पूजा वैभव साहू ने कहा कि गांवों में सड़क एवं गली निर्माण जैसे कार्यों से लोगों को दैनिक जीवन में काफी राहत मिलती है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आने वाले समय में भी जनहित के कार्य प्राथमिकता के साथ किए जाएंगे। ग्रामीणों ने गली सीमेंटीकरण कार्य शुरू होने पर खुशी जाहिर करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## 70 वर्षीय किसान ने दान की भूमि बदली ग्राम की शिक्षा व्यवस्था

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में ग्राम मौंहाभाठा के लगभग 70 वर्षीय नागरिक रामभरोसा ने

सभी का ध्यान आकर्षित किया। कलेक्टर श्री बी.एस. उईके ने उनके शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान की सराहना करते हुए कहा कि जिस स्कूल में आज बच्चे पढ़ रहे हैं। वह उनके त्याग, परिश्रम और दूरदृष्टि की मिशाल है। रामभरोसा युवावस्था में उन्होंने पत्ता तोड़ाई का कार्य किया। जहां कठिन परिस्थितियों में मेहनत कर जीवन यापन करते थे। उनकी कार्यशैली और ईमानदारी को देखते हुए उन्हें संग्रहण कार्य की देखरेख के लिए मुंशी बनाया गया। जहां उन्हें मात्र 165 रुपये तक का वेतन मिलता था। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और धीरे-धीरे अपनी मेहनत से जीवन को संवारते गए। पेशे से किसान रामभरोसा आज भी अपनी पुश्तैनी 7 एकड़ भूमि पर खेती कर रहे हैं। उनके दो पुत्र हैं, जो कृषि कार्य में उनका सहयोग करते हैं। इसके बावजूद उन्होंने निजी हित से ऊपर उठकर समाज के भविष्य को प्राथमिकता दी। जीवनभर पाई-पाई जोड़कर उन्होंने बच्चों की शिक्षा के लिए अपनी 1 एकड़ भूमि स्कूल निर्माण के लिए तथा लगभग 1 एकड़ भूमि छात्रावास (आश्रम) निर्माण के लिए दान कर दी। आज उसी दान भूमि पर सर्वसुविधायुक्त शासकीय हाई स्कूल एवं आश्रम का निर्माण हो चुका है, जहां हवादार कक्ष, खेल मैदान सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## सुशासन तिहार: बना जनसेवा का सशक्त माध्यम

**भाटापारा/नवप्रदेश।** नगर भवन,में आयोजित 'सुशासन तिहार' कार्यक्रम जनसेवा, पारदर्शिता एवं जनकल्याण का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा तथा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को आवास की चाबी एवं स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही पात्र नागरिकों को राशनकार्ड प्रदान कर उन्हें शासन की खाद्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने शासन की योजनाओं के प्रति संतोष एवं विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। पालिका परिषद द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु व्यापक व्यवस्थाएं की गईं। नगर पालिका की टीम ने हितग्राहियों के पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन एवं वितरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया, जिससे कार्यक्रम सफल एवं प्रभावी रहा।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ÷सुशासन तिहार÷ जैसे आयोजनों के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र नागरिकों तक पहुंचाया जा रहा है।

# सही दवा-शुद्ध आहार अभियान के तहत बेमेतरा में सख्त कार्रवाई

- **कोटपा एक्ट-2003 के तहत 51 चालानी कार्यवाही, दुकानदारों को दिए गए सख्त निर्देश**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे 15 दिवसीय विशेष अभियान ÷सही दवा, शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार÷ का बेमेतरा जिले में विधिवत संचालन किया जा रहा है। यह अभियान 27 अप्रैल से 11 मई तक जारी रहेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ एवं औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

### औषधि प्रकोष्ठ की सख्त कार्रवाई

शासन के निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर द्वारा गठित टीम के नेतृत्व में अभियान के तृतीय चरण के तहत 06 मई को बेमेतरा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में औषधि विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा) 2003 के तहत कुल 51 चालानी कार्यवाही की गई।

### दुकानदारों को दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

जांच के दौरान उन्होंने दुकानदारों को निर्देश दिए की, तम्बाकू उत्पादों का उचित एवं नियमों के अनुरूप भंडारण करें, दुकान में धूम्रपान निषेध संबंधी बोर्ड अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें, नाबालिगों को तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रखें।

**आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई:** अधिकारियों ने बताया कि अभियान के अंतर्गत आने वाले दिनों में भी जिले के अन्य क्षेत्रों में इसी प्रकार की सख्त जांच एवं चालानी कार्यवाही जारी रहेगी, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके और आमजन के स्वास्थ्य की रक्षा हो सके।

## प्याऊ घर का शुभारंभ

**कुरूद/नवप्रदेश।** जिला व्यापारी संघ साहू समाज धमतरी के निर्देशानुसार तहसील साहू समाज कुरूद द्वारा 1 मई को प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए राहगीरों एवं आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। कार्यक्रम में जिला व्यापारी संघ के महामंत्री गोकुल साहू, तहसील साहू समाज अध्यक्ष कृष्णकांत साहू सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने समाज सेवा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में प्याऊ घर लोगों के लिए राहत का कार्य करेगा।

कार्यक्रम में मनीष साहू, टिकेश साहू, राजकुमार साहू, तुकेश साहू, घनश्याम साहू, मोहित साहू, विक्की साहू, प्रभा साहू सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

## मोपर में जनसमस्या समाधान शिविर सम्पन्न

**भाटापारा/नवप्रदेश।** भाजपा छत्तीसगढ़ वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने ÷सुशासन तिहार 2026÷ के अंतर्गत भाटापारा विधानसभा के मोपर ग्राम में आयोजित समाधान शिविर में हिस्सा लेकर आमजन से सीधा संवाद किया। शिविर में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते हुए तत्काल समाधान के लिए अधिकारियों से कहा।

# शिवनाथ नदी से निकाली जा रही अवैध तरीके से रेत

**बेमेतरा /नवप्रदेश।** जिले से होकर बहने वाली शिवनाथ नदी इन दिनों रेत माफियाओं के निशाने पर है रात के अंधेरे में अवैध रूप से रेत खनन किया जा रहा है। जिले के ग्राम भिंभौरी, अमोरा,जेवरी घाट में अवैध कारोबार चल रहा है। शिवनाथ नदी के लगभग 25 स्थानों में हजारों ट्रीप रेत क्रय किये जाने का मामला सामने आया है। प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। क्षेत्र में लंबे समय से रेत निकासी पुरानी बात हो गई है। अवैध भंडारण दिनों दिन बढ़ते ही जा रहा है। नदी से रेत निकाल कर टैऊक्टरों और भारी वाहनों डंफरों के माध्यम से नदी के ऊपरी भाग पर एकत्रित कर मनमाने दामों में बेचा जा रहा है।

अमोरा,भिंभौरी, जेवरी के ग्रामवासी इस तरह अवैध धंधे की शिकायत कलेक्टर एवं खनिज विभाग बेमेतरा को भेजा जाएगा। रात में भारी मशीनरी से रेत निकाली जाती है। और दिन में टैऊक्टरों से परिवहन किया जाता है।

सीएम द्वारा सख्त निर्देश दिए कि प्रदेश में रेत की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए सभी रेत खदानों से उनकी क्षमता के अनुरूप उत्पादक सुनिश्चित किया जाए और आम जनता को रेत उचित दरों पर उपलब्ध कराए साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को रायल्टी मुक्त उपलब्ध कराने के आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि इसकी आड़ में अवैध खनन को बढ़ावा न मिले।

# नाबालिग बालिका के अपहरण व दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

### पीड़िता सकुशल बरामद

**कवर्धा/नवप्रदेश।** कबीरधाम पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म जैसे गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सुनियोजित जांच के आधार पर यह कार्रवाई की।

मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने थाना कोतवाली कवर्धा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री 05 मई 2026 की रात घर से बिना बताए लापता हो गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अपराध क्रमांक 177/2026 के तहत धारा 137(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आईपीएस) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी श्री आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 06 मई 2026 को ग्राम तिवारी नवागांव से पीड़िता को आरोपी के कब्जे से सकुशल बरामद किया।

जांच के दौरान पीड़िता के बयान एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मामले में धारा 64(2)(एम), 87 बीएनएस तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 06 जोड़ी गई।पुलिस ने आरोपी इंद्रकुमार यादव पिता विश्राम यादव, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम तिवारी नवागांव थाना कवर्धा को 07 मई 2026 को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड की प्रक्रिया की जा रही है।

कबीरधाम पुलिस ने कहा है कि महिला एवं बाल अपराधों के प्रति 'शून्य सहिष्णुता' की नीति के तहत लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि ऐसे मामलों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# सामाजिक संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन

**कुरुद/नवप्रदेश।** परिक्षेत्र साहू समाज एवं अधिकारी - कर्मचारी प्रकोष्ठ बानगर द्वारा ग्राम सिंधौरीकला एवं सिंधौरीखुर्द में समाज के उत्थान एवं जनजागरूकता हेतु परिक्षेत्र के 12 ग्रामों में 3 टीम बना कर विषय विशेषज्ञ एवं प्रवक्ताओं के द्वारा नशामुक्ति,संस्कार,समाज में युवाओं की भूमिका, कैरियर गाइडेंस,स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में सर्व समाज के ग्रामीण जन को आमंत्रित कर सभी गांवों में पहुंच कर जन जागरूकता हेतु सामाजिक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है लो जिसमें माता पिता ,महिला पुरुष बच्चे एवं 15 वर्ष आयु वर्ग से 35 वर्ष के सभी

सर्व समाज के युवाओं को सर्व समाज के वरिष्ठ गणों की उपस्थिति में कार्यशाला का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यशाला को सर्व समाज के विकास के लिए ग्रामीणों के द्वारा बहुत ही अच्छा पहल है बताया जा रहा है।कार्य शाला में उपस्थिति एवं वक्ताओं के द्वारा चर्चा परिचर्चा में प्रश्नों के माध्यम से जैसे अपने दिल में हाथ रख कर पूछे कि क्या आप अपने बच्चों को नशे के गिरफ्त में देखना चाहते हैं? क्या आप अपने दामाद को नशे की गिरफ्त में देखना चाहते हैं? क्या आप अपने रिश्तेदारों का घर नशे से गुजरते हुए देखना चाहते हैं? और यदि नहीं तो राजनीतिक स्तर पर नशे की समस्या का कोई समाधान नहीं हो सकता यदि कहीं संभावना है तो सामाजिक स्तर पर ही है तो क्या इसके लिए प्रयास नहीं होना चाहिए? इसी प्रकार संस्कारहीनता दिनों दिन बढ़ती जा रही है,क्या आप चाहते हैं कि आपका बेटा बेटी भी संस्कारहीन रहे ?आपके दामाद या रिश्तेदार भी संस्कार नहीं ? यदि नहीं तो यह कैसे होगा कि वे संस्कारी बने?

सामाजिक जागरूकता से ही होगा राजनीतिक स्तर पर प्रशासनिक स्तर पर नहीं।

युवा पीढ़ी बिगड़ रही है, 15 साल से लेकर 35साल तक के युवा नशे के गिरफ्त में है,अपराध के गिरफ्त में है, व्याभिचार बढ़ रहा है।

## जिला कार्यालय सभाकक्ष में सुशासन तिहार की तैयारियों पर कलेक्टर ने ली बैठक

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** कलेक्टर श्री बी.एस. उइके ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुशासन तिहार की व्यापक तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री नीरज चंद्राकर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान जिले में कभी भी आकस्मिक रूप से मुख्यमंत्री, मंत्रीगण एवं राज्य स्तर के वरिष्ठ अधिकारी जिले का दौरा कर सकते हैं। उनके द्वारा औचक निरीक्षण भी किया जाएगा। इससे पूर्व जिला अधिकारी अपने-अपने विभागीय योजनाओं से अपडेट रहें। इस दौरान उनके द्वारा चल रहे कार्यों की प्रगति, योजनाओं का क्रियान्वयन तथा शासकीय संस्थानों की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन कर सकते है। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में पूर्ण तैयारी रखें और सभी गतिविधियों को पारदर्शिता के साथ प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि शिविर स्थल एवं संबंधित संस्थानों को साफ सुथरा और व्यवस्थित रखे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों की अनिवार्य रूप से ऑनलाइन एंट्री करें।

# अधिकारी जनता की समस्याओं का निराकरण करने संवेदनशीलता का परिचय देवें: ईश्वर साहू

- **दर्री में जनसमस्या निवारण शिविर, 1365 आवेदन प्राप्त—विधायक ईश्वर साहू ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश**

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** जिले के साजा अनुभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्री (हाई स्कूल दर्री) में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू स्वयं शिविर में उपस्थित रहे और नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ सुना। इस दौरान कुल 1365 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 1333 मांग एवं 32 शिकायतें शामिल रहीं। मौके पर ही 113 आवेदनों का निराकरण किया गया, जबकि 1252 आवेदनों को शीघ्र निराकरण हेतु लंबित रखते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

शिविर में कलस्टर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से पहुंचे नागरिकों ने पेयजल, विद्युत आपूर्ति, जर्जर सड़कों की मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना में तकनीकी समस्याएं, तथा राजस्व विभाग से जुड़े सीमांकन और नामांतरण जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। विधायक साहू ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित करें तथा जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं है, उनमें समय-सीमा तय कर हितग्राहियों को अवगत कराएं।

### संवेदनशीलता और जवाबदेही पर जोर

विधायक ईश्वर साहू ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय सेवाओं का मूल उद्देश्य जनता की सेवा है। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी-कर्मचारी आम नागरिकों की समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुनें और त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि 'अंत्योदय' का लक्ष्य साकार हो सके।

### आगामी कार्यवाही का आश्वासन

शिविर के समापन पर विधायक साहू ने आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी आवेदनों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी की जाएगी, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। इस अवसर पर साजा जनपद पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र साहू, जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पदमाकर, एसडीएम साजा पिंकी मनहर, जिला पंचायत सदस्य देवी परमेश्वर वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### मौके पर समाधान और सख्त निर्देश

शिविर के दौरान कई मामलों में विधायक ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मंच पर बुलाकर तत्काल वस्तुस्थिति की जानकारी ली और समय-सीमा के भीतर समस्याओं के समाधान के कड़े निर्देश दिए। इस पहल से नागरिकों में विश्वास और संतोष का माहौल देखा गया।

**हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ :** कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभांवित भी किया गया। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए 05 हितग्राहियों को निक्षय मित्र पोषण आहार किट वितरित की गई। इसके अलावा 05 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड, 05 को जाति प्रमाण पत्र, 05 को प्रधानमंत्री आवास पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही तीन बालिकाओं को नोनी सुरक्षा योजना के अंतर्गत पंजीयन प्रपत्र तथा दो किसानों को कृषि स्प्रेयर यंत्र वितरित किए गए।

### ग्रामीणों में उत्साह और विश्वास

दूर-दराज से आए ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि और प्रशासन का इस प्रकार सीधे संवाद करना अत्यंत सराहनीय है। नागरिकों ने बताया कि विधायक की कार्यशैली में पारदर्शिता, सुलभता और संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

# वियतनाम के राष्ट्रपति को पीतल का बोधि वृक्ष-नमोह 108 किया भेंट

## डिनर में महाराष्ट्र व बिहार के खानपान की दिखी झलक

**नई दिल्ली/ए.।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारत के अपने पहले स्टेट विजिट के दौरान राष्ट्रपति भवन में वियतनाम के प्रेसिडेंट तो लाम की मेजबानी की। उन्होंने दोनों देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक साझेदारी पर जोर दिया। वियतनाम के राष्ट्रपति के लिए आयोजित दावत में बिहार और महाराष्ट्र का स्वाद भी शामिल था। इसके साथ ही इस आधिकारिक दौरे पर उन्हें खास तोहफा भी दिया गया। कल बुधवार को राष्ट्रपति मुर्मु ने वियतनामी नेता के सम्मान में एक दावत दी और कहा कि भारत और वियतनाम के बीच गहरे ऐतिहासिक, सभ्यतागत और सांस्कृतिक संबंध हैं जो आपसी रिश्तों को मजबूत करते रहते हैं। राष्ट्रपति तो लाम का स्वागत करते हुए, मुर्मु ने कहा कि आसियान के साथ भारत की व्यापक रणनीतिक साझेदारी के फ्रेमवर्क में भारत की 'एक्ट ईस्ट' पॉलिसी और इंडो-पैसिफिक विजन में वियतनाम की अहम जगह है। गया अनरसा गया अनरसा बिहार के गया की एक पारंपरिक डिश है, जो अपने खास स्वाद और कल्चरल महत्व के लिए मशहूर है।

### बिहार की खाने की खास चीजें

सिलाओ खाजा-सिलाओ खाजा बिहार के नालंदा जिले के सिलाओ की एक मशहूर पारंपरिक मिठाई है, जिसे इसकी खास पहचान और विरासत के लिए जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) टैग मिला है। अपनी नाजुक, कई लेयर वाली बनावट के लिए जानी जाने वाली यह कुरकुरी और परतदार डिश पुराने तरीकों से मैदा, चीनी और घी का इस्तेमाल करके बनाई जाती है। इसका हल्का टेक्सचर और संतुलित मिठास इसे मुंह में आसानी से घुलने देती है, जिससे एक खास स्वाद मिलता है।

टीवीके का सरकार बनाने का रास्ता आसान नहीं

# 118 विधायक लाओ, तभी होगी शपथ, दूसरी बार भेजा वापस

## तमिलनाडु जैसे बड़े राज्य में अस्थिर सरकार का जोखिम नहीं लिया जा सकता

**चेन्नई/ए.।** तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर सस्पेंस अभी बरकरार है। टीवीके प्रमुख विजय आज एक बार फिर राजभवन पहुंचे और राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मुलाकात की। हालांकि राज्यपाल ने साफ संकेत दे दिए हैं कि केवल सबसे बड़ी पार्टी होने भर से सरकार बनाने का रास्ता आसान नहीं होगा।

सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल अपने रुख पर कायम हैं कि विजय को पहले विधानसभा में बहुमत का स्पष्ट आंकड़ा दिखाना होगा। राजभवन का मानना है कि तमिलनाडु जैसे बड़े राज्य में अस्थिर सरकार का जोखिम नहीं लिया जा सकता, इसलिए 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए जरूरी 118 विधायकों का समर्थन साबित करना अनिवार्य होगा। सूत्रों का कहना है कि राज्यपाल ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल समर्थन पत्र या मौखिक दावे पर्याप्त नहीं होंगे। उन्हें 118 विधायकों का ठोस समर्थन चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि बनने वाली सरकार स्थिर रहेगी और विधानसभा में बहुमत साबित कर सकेगी। इस बीच टीवीके नेता वीएस बाबू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार गठन की प्रक्रिया जल्द आगे बढ़ सकती है। हालांकि उन्होंने केंद्र सरकार के कथित दबाव से जुड़े सवालों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

### कांग्रेस ने दिया टीवीके को समर्थन

सरकार बनाने की कोशिश में टीवीके को उस समय बड़ी राहत मिली जब कांग्रेस ने डीएमके गठबंधन से अलग होकर विजय को समर्थन देने का फैसला किया। कांग्रेस के पांच विधायक टीवीके के साथ आए, लेकिन इसके बाद भी आंकड़ा केवल 112 तक पहुंच पाया। यानी बहुमत के जादुई आंकड़े 118 से अभी भी छह विधायक कम हैं। यही वजह है कि राज्यपाल ने फिलहाल शपथ ग्रहण को लेकर कोई हरी झंडी नहीं दी है।

### विजय ने सरकार बनाने का दावा किया था पेश

बुधवार को विजय ने कांग्रेस के समर्थन पत्र के साथ सरकार बनाने का दावा पेश किया था। इसके अगले ही दिन वह फिर राजभवन पहुंचे। माना जा रहा है कि इस दौरान सरकार गठन के गणित और समर्थन जुटाने को लेकर चर्चा हुई। हालांकि राजभवन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### टीवीके के पास कितनी सीटें?

**दरअसल, 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में टीवीके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया था। हालांकि विजय खुद दो सीटों से चुनाव जीते हैं और नियमों के मुताबिक उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। ऐसे में पार्टी की प्रभावी संख्या 107 रह जाएगी।**

# नीति आयोग ने भारत की स्कूली शिक्षा पर जारी की नई नीति रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने भारत की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर एक महत्वपूर्ण नीति रिपोर्ट जारी की है। 'स्कूल एजुकेशन सिस्टम इन इंडिया: टेम्पोरल एनालिसिस एंड पॉलिसी रोडमैप फॉर क्वालिटी एन्हांसमेंट' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि छिब्बर ने 6 मई 2026 को जारी किया। यह रिपोर्ट पिछले एक दशक में भारत की स्कूली शिक्षा व्यवस्था में हुए बदलावों और सुधारों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करती है। इसमें शिक्षा तक पहुंच, नामांकन, बुनियादी ढांचा, समानता, समावेशन और सीखने के स्तर जैसे प्रमुख पहलुओं का अध्ययन किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी शिक्षा व्यवस्थाओं में से एक है, जिसमें 14.71 लाख स्कूल और 24.69 करोड़ से अधिक छात्र शामिल हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले वर्षों में स्कूलों में बिजली, शौचालय और समावेशी सुविधाओं के विस्तार में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

इसके साथ ही डिजिटल शिक्षा को भी मजबूती मिली है और स्कूलों में कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा स्मार्ट क्लासरूम की पहुंच बढ़ी है। रिपोर्ट में लड़कियों की शिक्षा में बेहतर भागीदारी और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के छात्रों के नामांकन में वृद्धि को भी सकारात्मक संकेत बताया गया है। नीति आयोग ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020, निपुण भारत मिशन और समग्र शिक्षा अभियान जैसी पहलों के कारण महामारी के बाद बुनियादी साक्षरता और गणनात्मक क्षमता में सुधार देखने को मिला है।

### 125 से अधिक प्रदर्शन संकेतक तय किए

रिपोर्ट में इन सिफारिशों को लागू करने के लिए 33 कार्यान्वयन मार्ग भी बताए गए हैं, जिन्हें अल्पकालिक, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक योजनाओं में विभाजित किया गया है। साथ ही 125 से अधिक प्रदर्शन संकेतक तय किए गए हैं, जिनके जरिए प्रगति की निगरानी की जाएगी। नीति आयोग की इस रिपोर्ट में केंद्र, राज्यों और जिलों स्तर पर शिक्षा क्षेत्र में अपनाई गई अच्छी पहलों के उदाहरण भी शामिल किए गए हैं।

# हम आतंक से लड़ने को तैयार, एलओसी के पार कोई ठिकाना सुरक्षित नहीं

**जयपुर/वार्ता।** जयपुर में लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि भारतीय एजेंसियों ने नियंत्रण रेखा के पार मौजूद आतंकवादी लॉन्च पैड, आतंकी कैंप और आतंक से जुड़े ढांचों की पहचान कर ली है। उन्होंने कहा कि भारतीय खुफिया एजेंसियों के पास इन ठिकानों को लेकर सटीक और विस्तृत जानकारी रहती है।

उन्होंने बताया कि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर सहित अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार कुछ ऐसे क्लस्टर मौजूद हैं, जिन्हें भारत आतंकवाद से जोड़कर देखता है। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि गोपनीयता के कारण वह इन स्थानों के नाम सार्वजनिक नहीं कर सकते, लेकिन भारतीय सेना इन गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई की परिस्थितियां, समय और तरीका भारत स्वयं तय करेगा। उनके अनुसार यही नया दृष्टिकोण है, जिसमें रणनीतिक फैसलों का नियंत्रण पूरी तरह भारत के हाथ में रहेगा। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि आतंकवादी कैंपों और लॉन्च पैड्स की संख्या और स्वरूप समय-समय पर बदलते रहते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ कैंप अब और अधिक अंदरूनी क्षेत्रों में स्थानांतरित किए गए हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि वहां वे ज्यादा सुरक्षित रहेंगे। हालांकि उन्होंने दोहराया कि नियंत्रण रेखा के पार कोई भी स्थान पूरी तरह सुरक्षित नहीं माना जा सकता।

### 'नियंत्रण रेखा के पार कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं'

अपने बयान में उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले भी स्पष्ट किया था और एयर मार्शल भारती ने भी इसे दोहराया था कि नियंत्रण रेखा के पार कोई भी सुरक्षित ठिकाना नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत हर उस स्थान पर कार्रवाई करेगा, जहां से आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन मिलता है। उन्होंने कहा कि सेना गहराई तक जाकर कार्रवाई करने की क्षमता रखती है और यह बात अब नए सामान्य का हिस्सा बन चुकी है, जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री ने पिछले वर्ष किया था।

# केदारनाथ मंदिर में क्यों है त्रिकोणाकार शिवलिंग

उत्तराखंड की बर्फीली वादियों में स्थित केदारनाथ मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि रहस्यों और पौराणिक मान्यताओं का अद्भुत संगम भी है। हर साल लाखों श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन के लिए कठिन यात्रा तय करते हैं। यह मंदिर उत्तराखंड के चार धामों में भी शामिल है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि यहां स्थापित शिवलिंग सामान्य गोलाकार न होकर त्रिकोणाकार क्यों है? इसके पीछे एक बेहद रोचक पौराणिक कथा जुड़ी हुई है, जो महाभारत काल से संबंध रखती है। केदारनाथ मंदिर में स्थापित शिवलिंग अन्य मंदिरों के शिवलिंगों से बिल्कुल अलग माना जाता है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 4)
प्रेस क्लब पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID - rmczone4@gmail.com

**ईश्तहार**

नामंतरण प्र.क्र. 31070 दिनांक 05.05.2026
वार्ड का नाम- 46 - सिविल लाईन वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR440P00066 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GOVARDHAN DAS, GOVINDRAM S/O KHIYALDAS, JAIRAMDAS S/O GOVARDHAN DAS पिता / पति श्री/ श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती मीना जादवानी, अजय जादवानी पिता /पति श्री/श्रीमती दोनों पति/ पिता स्व. जयरामदास जादवानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / आवेदन पत्र, शपथ पत्र, सहमति पत्र, भू स्वामित्व दस्तावेज, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, संपत्तिकर रसीद व अन्य दस्तावेज / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "

श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन
व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर
ई-मेल- eocghbzonel@gmail.com

**आम सूचना**

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वीर सावरकर नगर हीरापुर कालोनी, रायपुर में निर्मित LIG-I भवन योजना के अतंर्गत, दुकानों भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक LIG-I/1898 श्रीमति शशिकला गुप्ता पति श्री विनोद कुमार गुप्ता को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 3/06/2008 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 30/04/26 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती प्रियंका सिंह पति श्री जितेन्द्र सिंह के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन
व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर
ई-मेल- eocghbzonel@gmail.com

**आम सूचना**

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अतंर्गत, भवनों में से फ्लैट / भवन क्रमांक एल.आई.जी.-32/373 भूतल में श्री गजेन्द्र सिंह पिता श्री महावीर सिंह को स्ववित्तीय / एकमुश्त आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 07.11.2006 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी के द्वारा उक्त फ्लैट / भवन के विक्रय हेतु दिनांक 20.04.2026 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन श्रीमती गीता अग्रवाल पति श्री राकेश कुमार अग्रवाल के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन
प्रक्षेत्र-01 कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन
व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर
ई-मेल- eocghbzonel@gmail.com

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर कालोनी, रायपुर में निर्मित एम. आई.जी.(जी+1) भवन योजना के अतंर्गत भवनों में से भवन क्रमांक एम आई जी (जी+1)-106 फेस 2 श्री बच्छराज सिंह पिता श्री मसाराम को भाड़ाक्रय / पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 30-7-19 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 27.04.26 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती सेमंत टिकरिहा पति श्री टिकेन्द्र टिकरिहा के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

# कामधेनु लिमिटेड छत्तीसगढ़ में करेगी अपनी उपस्थिति को और मज़बूत

## एक वर्ष में अपनी उत्पादन क्षमता को 20त्न और बढ़ाने का रखा लक्ष्य

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी ने छत्तीसगढ़ में अपने प्रीमियम टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी। इस मांग को पूरा करने के लिए कामधेनु ने अपने अगली पीढ़ी के हाई-एंड इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार 'कामधेनु नेक्स्ट' की उत्पादन क्षमता को 20त्न और बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा, कामधेनु ने अपने चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी और मज़बूत करने का लक्ष्य रखा है।

कंपनी की विकास यात्रा और योजनाओं पर टिप्पणी करते हुए, कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, हम छत्तीसगढ़ में अपने प्रीमियम टीएमटी बार, 'कामधेनु नेक्स्ट' की बढ़ती मांग को देखकर बेहद खुश हैं। यह वृद्धि हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में बाजार के विश्वास को दर्शाता है।

## सुवेंदु अधिकारी के पीए की हत्या पर अधीर रंजन चौधरी हुए आग बबूला

**कोलकाता/ए.।** पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी चंद्रनाथ रथ की हत्या के बाद राज्य की राजनीति गर्म हो गई है। इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल में हिंसा और गुंडागर्दी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं और चुनाव खत्म होने के बाद भी हालात नहीं बदले हैं। मुर्शिदाबाद में मीडिया से बातचीत के दौरान अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि बंगाल में अपराध कोई नई बात नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में लंबे समय से डर और हिंसा का माहौल बना हुआ है। उनके मुताबिक, लोग चुनाव नतीजों के बाद शांति की उम्मीद कर रहे थे।

## पूर्व पंजाब किंग्स के खिलाड़ी अमनप्रीत सिंह गिल का निधन

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट के लिए बुधवार, 6 मई को एक दुखद खबर आई। पंजाब के पूर्व तेज गेंदबाज और किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाड़ी अमनप्रीत सिंह गिल का 36 साल की उम्र में निधन हो गया। इसके चलते भारतीय क्रिकेट जगत में शोक की लहर दौड़ गई। अमनप्रीत सिंह गिल ने पंजाब टीम के लिए घरेलू क्रिकेट खेला था और उन्हें एक जोशीले और समर्पित तेज गेंदबाज के तौर पर जाना जाता था। अमनप्रीत के निधन पर युवराज सिंह ने श्रद्धांजलि दी। उन्होंने 2007 में श्रीलंका में हुई अंडर-19 ट्राई-सीरीज़ में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया था।

कार्यालय, नगर पंचायत खरोरा, जिला-रायपुर (छ0ग0)
E-mail-npkharora@gmail.com

क्रमांक /323/न.पं. / लो.नि.वि./2026-27 खरोरा, दिनांक 07/05/2026

// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

नगर पंचायत खरोरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

| सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | ऑनलाईन निविदा डाऊनलोड की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 190428 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Kharora, Chhattisgarh | 33.33 | 28-05-2026 (Time 9:00 PM) |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाऊनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत खरोरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

NAGAR PANCHAYAT, AAMDI
E-Procurement Tender Notice (1st Call)

SYSTEM TENDER NO:190387 NIT NO: 175 AAMDI, dated 06.05.2026

Online bids in envelop system are invited for the following construction works / up to date **28.05.2026** at 17.30 Hours

| Sl. No. | System Tender no | Description | Amount of Estimated (in lacs) | EM/Fees of Tender Document /Bid Submission Frees |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 190387 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of AAMDI, Chhattisgarh | Rs 29.28 | EMD Rs. 14800/- Tender Doc.fees. Rs. 10000/- |

**Rs. 14800/- (Only TDR/FDR Favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT, AAMDI & Tender Document Fee (Non refundable) of Rs. 10000/- IN FORM DEMOND DRAFT (DD)**

The details can be downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal **http://eproc.cgstate.gov.in** From 07.05.2026 at 17:30 Hours. (IST) onwards.

For more details on the tender and bidding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
NAGAR PANCHAYAT
AAMDI (CG)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)
निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है -

| एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 09/189812 | B.T PATCH REPAIR WORK ON 1. SONPAIRI MAIN ROAD TO KHILORA VIA KABIR AASHRAM 2. GOURBHAT BHALERA TAMASIVNI TANDUL. 3. UPERWARA TENDUA CHERIYA BANJARI KURRU 4. JAMGAON MANDLOR POND DAGNIYA 5. CHERIYA KURRU ROAD 6. TARRA 17 NO. NALI NAWAGAON 7. BHOTHIDIH CHAMPARAN ROAD 8. CHARODA KHAPRI TAMASIONI BURKHA POND ROAD 9. TORLA BHURKHA KUMHARI ROAD 10. SUNDERKERA KATHIYA ROAD 11. KATHIYA TARRA UGETARRA NAWAGAON ROAD 12. KENDRI UPARWARA ROAD 13. KENDRI ITM UPARWARA ROAD 14. JHANKI MUDPAR PACHEDA ROAD UNDER DN. NO. 3 NAVA RAIPUR | रु. 149.95 लाख |
| 10/189813 | CONSTRUCTION OF (BALANCE WORK) 4 WAY DIRECTION CC ROAD, BT ROAD & DRAIN WORK (LENGTH -2.373 KM) AT PT. JAWAHAR LAL NEHRU, WARD NO. 2, KABEER NAGAR, MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR I/C CULVERTS AT DIST. RAIPUR | रू. 124.59 लाख |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 26.05.2026 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

जी- 262700578/6

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर
Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com / se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

- ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना -

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित **सड़क कार्य हेतु** दिनॉक 19.05.2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 07 | 190160 | जिला कांकेर के वि.ख. कांकेर में पुसावण्ड से पुसवाड़ा हाई स्कूल पहुँच मार्ग निर्माण कार्य लंबाई 1.00 किमी.। | 98.54 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, से निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल एवं विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की व देखी जा सकती है।

**नोट - ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य**

(निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नः एवं ई-मेल आई. डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।)
डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 19.05.2026 है।
नोटः- तृतीय आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल कांकेर

जी- 262700566/5

कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र./बी-6/मंडी आमनदुला/41-01/2026-27/827 नवा रायपुर, दिनांक 05/05 2026

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति आमनदुला जिला सक्ती अंतर्गत छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारो से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है -

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 29.05.2026
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 04.06.2026

| क्र. | कार्य का नाम/स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर. विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपज मंडी समिति आमनदुला, जिला सक्ती, वि.खं. मालखरौदा, क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत नगझर के धान खरीदी केन्द्र में चबूतरा, अहाता, शेड निर्माण। | 47.51 | लो.नि.वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर.पर। |
| 2 | कृषि उपज मंडी समिति आमनदुला, जिला सक्ती, वि.खं. मालखरौदा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत नगझर में 02 स्थानों में सी.सी. रोड निर्माण। | 36.84 | लो.नि.वि. सड़क कार्य हेतु दिनांक 01.01.2025 से प्रभावशील एस.ओ.आर.पर। |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्ते, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते है।

सही/-
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति आमनदुला
जिला सक्ती

संवाद- 47746/2

सही/-
भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति आमनदुला
जिला सक्ती

### सैकड़ों प्रवासी पक्षियों की शरणस्थली बना ऐतिहासिक जलाशय, प्रो. सुशील दत्ता बोले- अब नहीं चेते तो खो देंगे दलपत सागर की पहचान

# जैव विविधता से संस्कृति तक, खास है दलपत सागर, संरक्षण की दरकार

**65 वर्षों के अध्ययन कर रहे प्रो. सुशील दत्ता की अपील- दलपत सागर को बचाने सभी आगे आए**

अनिल सामंत

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** बस्तर की पहचान केवल उसके घने जंगल, जलप्रपात और आदिवासी संस्कृति तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के हृदय में स्थित ऐतिहासिक दलपत सागर भी इस धरती की जैविक आत्मा बन चुका है। वर्षों से हजारों पक्षियों, जलीय जीवों और शोधकर्ताओं का आश्रय बना यह जलाशय अब संरक्षण की गंभीर पुकार कर रहा है।

शासकीय काकतीय महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रोफेसर सुशील दत्ता ने लगभग छह दशक तक दलपत सागर की जैव विविधता पर अध्ययन करते हुए यहां आने वाले अनेक दुर्लभ और प्रवासी पक्षियों का दस्तावेजी अवलोकन किया है। उनके अध्ययन में स्पॉट बिल्ड पेलिकन,पलाश गल,ब्राउन हेडेड गल,रेड क्रीस्टेड पोचार्ड, बार हेडेड गूज, स्नेक बर्ड, येलो बिटर्न, ब्लैक बिटर्न, पर्पल हैरान, ग्रे हैरान, यूरेशियन स्नाईप,ग्रेट पेंटेड स्नाईप, फिशेंट टेल्ड जकाना और ब्रोंज विंग्ड जकाना जैसे पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की गई है।

प्रो. दत्ता का कहना है कि दलपत सागर केवल जलाशय नहीं, बल्कि प्रवासी पक्षियों के लिए ÷स्टॉप ओवर÷ स्थल है, जहां वे लंबी यात्राओं के दौरान विश्राम और भोजन प्राप्त करते हैं। यह जलाशय मत्स्याखेट, शोध और स्थानीय जैव विविधता का जीवंत प्रयोगशाला भी है। यहां विभिन्न प्रकार के कीट, मछलियां और जलीय जीव पनपते हैं, जिन पर स्थानीय और बाहरी शोधार्थी लगातार अध्ययन कर रहे हैं।

लेकिन अब दलपत सागर का अस्तित्व संकट की आहट महसूस कर रहा है। प्रो. दत्ता बताते हैं कि वर्षों से नाइट्रोजन और फास्फोरस युक्त अपशिष्ट जल सीधे तालाब में पहुंचता रहा, जिससे जलीय खरपतवार तेजी से बढ़े और तालाब धीरे-धीरे उथला होने लगा। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते गंदे पानी की आवक नहीं रोकी गई तो आने वाले वर्षों में यह ऐतिहासिक जलाशय अपनी प्राकृतिक पहचान खो सकता है।

उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि दलपत सागर केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे शहर की धरोहर है। इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। साथ ही उन्होंने दलपत सागर को आधिकारिक पक्षी विहार घोषित करने की मांग भी उठाई, ताकि यहां की जैव विविधता को स्थायी सुरक्षा मिल सके। अंततः सवाल यही है–जब दुर्लभ पक्षी हजारों किलोमीटर उड़कर दलपत सागर को अपना घर मानते हैं, तो क्या जगदलपुर के नागरिक इस विरासत को बचाने आगे आएंगे?

**दलपत सागर क्यों है अनमोल?**

प्रवासी और दुर्लभ पक्षियों की सुरक्षित शरणस्थली,बस्तर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान,मत्स्याखेट और स्थानीय आजीविका का आधार, विद्यार्थियों और शोधार्थियों के अध्ययन का प्रमुख केंद्र, जैव विविधता से भरपूर प्राकृतिक जल तंत्र, शहर के पर्यावरणीय संतुलन का महत्वपूर्ण स्रोत, पक्षी विहार के रूप में विकसित होने की अपार संभावनाएं बनी हुई है। प्रोफेसर सुशील दत्ता ने कहा कि उन्होंने पिछले 65 वर्षों में दलपत सागर को बदलते देखा है। बचपन में इसी जलाशय के पानी का उपयोग नहाने और पीने तक के लिए होता था। पूरे तालाब में तैरते हुए उन्होंने प्रकृति का अद्भुत संसार महसूस किया, लेकिन आज बढ़ते प्रदूषण और अतिक्रमण ने इसकी स्वाभाविक सुंदरता को चुनौती दे दी है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी के बीच सफाई व्यवस्था पर सवाल

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर में मई महीने के आखिरी सप्ताह में केंद्रीय दल स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए पहुंचने वाला है, लेकिन उससे पहले ही नगर निगम की सफाई व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है। 5 मई की शाम हुई हल्की बारिश के बाद कई इलाकों में नालियों का कचरा सड़कों पर फैल गया, जिससे निगम की तैयारियों की पोल खुलती नजर आई।

स्वच्छता सर्वेक्षण को देखते हुए पिछले सप्ताह निगम आयुक्त विश्वदीप ने सभी सफाई ठेकेदारों और अधिकारियों की बैठक लेकर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। बैठक में उन्होंने लापरवाही मिलने पर सफाई ठेका निरस्त करने और संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की चेतावनी भी दी थी। इसके बावजूद कई वार्डों में पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारी काम पर नहीं पहुंचे।

6 मई को निगम की सफाई एवं स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणीग्रही ने जोन-10 अंतर्गत रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड का औचक निरीक्षण किया। यहां निर्धारित 38 कर्मचारियों के मुकाबले केवल 26 कर्मचारी सफाई कार्य करते मिले। 12 कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर स्वच्छता निरीक्षक संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद संबंधित सफाई ठेकेदार पर 15 हजार रुपए जुर्माना लगाने और ठेका निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वच्छता निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

इधर, जोन-5 क्षेत्र में नाले पर अवैध पाटा बनाकर सफाई व्यवस्था बाधित करने के मामले में भी कार्रवाई की गई। डीडीनगर वार्ड स्थित रिंग रोड के नाले पर एक कार सर्विसिंग सेंटर द्वारा करीब 50 मीटर लंबा पक्का पाटा बना दिया गया था। हल्की बारिश के दौरान इसी नाले का कचरा सड़क पर फैल गया।

## बैगा जनजाति के 13 नाबालिग बच्चों को बंधुआ श्रम से कराया गया मुक्त

**8 आरोपी गिरफ्तार, बच्चों से कराई जा रही थी मवेशी चराने और कठिन श्रम की मजदूरी**

**कवर्धा/नवप्रदेश।** कबीरधाम पुलिस ने मानवता को झकझोर देने वाले एक गंभीर मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए बैगा जनजाति के 13 नाबालिग बच्चों को बंधुआ श्रम और बाल तस्करी से मुक्त कराया है। पुलिस ने मामले में 08 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह को सूचना मिली थी कि ग्राम थूहापानी एवं आसपास के क्षेत्रों से बैगा जनजाति के 15 से 20 नाबालिग बच्चों को उनके माता-पिता को पैसों का लालच देकर ले जाया गया है और उनसे जबरन मजदूरी कराई जा रही है। सूचना मिलते ही एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कबीरधाम पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाकर ग्राम भलपहरी, खरहट्टा पाण्डातराई, सारंगपुर कला, कान्हाभैरा और दशरंगपुर क्षेत्रों में दबिश दी, जहां से कुल 13 नाबालिग बच्चों को सकुशल मुक्त कराया गया।

रेस्क्यू के बाद सभी बच्चों को थाना कोतवाली लाया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई और चाइल्ड लाइन की टीम को सूचना देकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। बाल कल्याण समिति के आदेश पर बच्चों को सुरक्षित संरक्षण के लिए बालगृह भेजा गया है, जहां उनकी देखभाल और काउंसलिंग की जा रही है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि करीब 6 से 7 माह पहले आरोपी रवि यादव एवं अन्य लोगों ने बच्चों के माता-पिता को पैसों का प्रलोभन देकर बच्चों को काम कराने के लिए अलग-अलग गांवों में ले जाया था। वहां बच्चों से गाय और मवेशी चराने, उनकी देखभाल करने सहित अन्य कठिन कार्य कराए जाते थे। बच्चों ने बताया कि उनसे प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक और दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक लगातार काम कराया जाता था।

## गांजा तस्करी मामले में तीन दोषी, पांच-पांच साल की सजा

**रायपुर/नवप्रदेश।** अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी के मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए पांच-पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक आरोपी पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर एक-एक वर्ष अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। मामला धरसींवा थाना क्षेत्र का है। इस प्रकरण की अंतिम सुनवाई 6 मई को विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट पंकज कुमार सिन्हा की अदालत में हुई। मामले में विशेष लोक अभियोजक केके चंद्राकर ने पक्ष रखते हुए अदालत को बताया कि पुलिस ने सूचना के आधार पर 11 सितंबर 2022 को शाम करीब 4:30 बजे सिलतरा सर्विस रोड से आरोपी राहुल उर्फ आशीष द्विवेदी, अमन शुक्ला और विनित द्विवेदी को गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान तीनों आरोपियों के कब्जे से कुल 14 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

## चुनाव आयोग के भरोसे जीतने वालों में श्रेय लेने की हिम्मत नहीं: भूपेश

**रायपुर/नवप्रदेश।** भूपेश बघेल ने चुनावी जीत का श्रेय लेने को लेकर भाजपा नेताओं पर तीखा हमला बोला है। रायपुर में मीडिया से चर्चा के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह श्रेय की राजनीति नहीं करते, लेकिन भाजपा नेताओं में इतनी हिम्मत भी नहीं है कि वे असम, बंगाल या यहां तक कि छत्तीसगढ़ की जीत का श्रेय खुद ले सकें।

भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा के नेता ईवीएम और चुनाव आयोग के भरोसे चुनाव जीतकर आए हैं। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि यदि भाजपा नेताओं में साहस है तो वे खुलकर अपनी जीत का श्रेय लें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी व्यक्तिगत श्रेय की राजनीति नहीं की। छत्तीसगढ़ में भाजपा का ÷सूपड़ा साफ÷ होने के बाद भी उन्होंने इसका व्यक्तिगत श्रेय नहीं लिया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने संगठनात्मक अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें झारखंड भेजा, जहां अमित शाह के सामने कांग्रेस ने भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर किया। इसके बाद हिमाचल प्रदेश में ऑब्जर्वर की जिम्मेदारी मिली, वहां भी भाजपा सत्ता से बाहर हुई। विदर्भ में जिम्मेदारी मिलने पर ठाकरे सरकार बनी, लेकिन उन्होंने कभी इन सफलताओं का श्रेय स्वयं नहीं लिया। भूपेश बघेल ने राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर भी प्रदेश सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि 'सुशासन तिहार' के दौरान लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। उनके मुताबिक मुख्यमंत्री के कबीरधाम दौरे के दिन एक महिला की हत्या हो गई, राजनांदगांव दौरे के दौरान पद्मश्री फूलबासन बाई के अपहरण की घटना सामने आई और राजधानी में दो हत्याएं हो गईं।

## पत्थरों में उकेरी इतिहास की जीवंत गाथा: बारसूर का बत्तीसा मंदिर अद्भुत शिल्पकला का प्रतीक

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में स्थित बारसूर का बत्तीसा मंदिर भारतीय स्थापत्य कला, आध्यात्मिक आस्था और प्राचीन इतिहास का एक अनुपम संगम है। दंतेवाड़ा जिले के बारसूर नगर में स्थित यह मंदिर न केवल एक धार्मिक स्थल है, बल्कि यह उस युग की उत्कृष्ट शिल्प परंपरा और वैज्ञानिक निर्माण तकनीक का जीवंत प्रमाण है। कभी नागवंशी शासकों की राजधानी रहा बारसूर आज भी 'मंदिरों की नगरी' के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है।

**बत्तीसा मंदिर 32 विशाल पत्थर के स्तंभों पर टिकी हुई:** बत्तीसा मंदिर का निर्माण 11 वीं शताब्दी में नागवंशीय शासक सोमेश्वर देव के काल में हुआ माना जाता है। शिलालेखों के अनुसार इसका निर्माण शक संवत 1130 (लगभग 1209 ईस्वी) में पूर्ण हुआ। इस मंदिर का नाम ÷बत्तीसा÷ इसलिए पड़ा क्योंकि इसकी संपूर्ण संरचना 32 विशाल पत्थर के स्तंभों पर टिकी हुई है। ये स्तंभ आठ पंक्तियों में अत्यंत संतुलित ढंग से स्थापित किए गए हैं, जो उस समय के वास्तु ज्ञान और इंजीनियरिंग कौशल को दर्शाते हैं।

**शिवलिंग एक विशेष यांत्रिक प्रणाली पर आधारित**

मंदिर के गर्भगृह के बाहर सुसज्जित नंदी बैल की प्रतिमा श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित करती है। यहां यह भी विश्वास है कि नंदी के कान में अपनी मनोकामना कहने से वह पूर्ण होती है। गर्भगृह के भीतर स्थापित शिवलिंग अपनी विशिष्ट संरचना के कारण अत्यंत रोचक है। बताया जाता है कि यह शिवलिंग एक विशेष यांत्रिक प्रणाली पर आधारित है, जो जल प्रवाह के प्रभाव से बिना घर्षण और बिना ध्वनि के घूम सकता है। यह प्राचीन भारतीय विज्ञान और तकनीकी समझ का अद्भुत उदाहरण माना जाता है। बारसूर का यह मंदिर केवल स्थापत्य और आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिलालेखों से ज्ञात होता है कि मंदिर के रख-रखाव हेतु केरामरूका ग्राम दान में दिया गया था और इसके निर्माण में तत्कालीन मंत्री, सचिव और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। वर्तमान में यह शिलालेख नागपुर के संग्रहालय में सुरक्षित है। इस मंदिर से जुड़ी पौराणिक कथाएं भी इसे और अधिक रहस्यमयी बनाती हैं। मान्यता है कि बाणासुर ने इस क्षेत्र में अपनी राजधानी बसाई थी, जो आगे चलकर ऐतिहासिक बारसूर के रूप में विकसित हुई।

**मंदिर का निर्माण बिना चूना-गारा से**

मंदिर की सबसे उल्लेखनीय विशेषता यह है कि इसके निर्माण में पत्थरों को बिना चूना-गारा के जोड़ा गया है। प्रत्येक स्तंभ पर देवी-देवताओं, पौराणिक कथाओं और अलंकरणों की बारीक नक्काशी की गई है, जो उस समय के शिल्पकारों की अद्भुत दक्षता और सौंदर्यबोध को प्रकट करती है। मंदिर की संरचना चतुर्भुजाकार है और इसमें दो गर्भगृह बनाए गए हैं, जहां अलग- अलग शिवलिंग स्थापित हैं। मान्यता है कि इन शिवालयों में राजा और रानी अलग-अलग पूजा-अर्चना करते थे।

**विश्व की तीसरी सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र**

बारसूर में स्थित अन्य प्रसिद्ध मंदिर जैसे मामा-भांजा मंदिर और चंद्रादित्य मंदिर के साथ मिलकर बत्तीसा मंदिर बस्तर की समृद्ध विरासत को और अधिक सशक्त बनाता है। यहां विश्व की तीसरी सबसे बड़ी गणेश प्रतिमा विशेष आकर्षण का केन्द्र है, जो पर्यटकों और श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींचती है।राज्य सरकार और पुरातत्व विभाग द्वारा इस धरोहर के संरक्षण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2003 में इसका पुनर्निर्माण और संरक्षण कार्य किया गया, जिससे इसकी मूल संरचना और सौंदर्य को सुरक्षित रखा जा सका। आज बत्तीसा मंदिर छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है।

## कांग्रेस संगठन में जिला-विधानसभा प्रभार को लेकर बढ़ा असंतोष

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रायपुर स्थित प्रदेश संगठन में जिला और विधानसभा प्रभार को लेकर अंदरूनी विवाद गहराता जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के उपाध्यक्षों और महामंत्रियों को अब तक जिलों का प्रभार नहीं सौंपा गया है, जबकि जिलों की जिम्मेदारी संयुक्त महामंत्रियों के पास है। दूसरी ओर, प्रदेश उपाध्यक्ष और महामंत्रियों को विधानसभा क्षेत्रों का प्रभारी बनाया गया है। संगठन के भीतर इसी व्यवस्था को विवाद की मुख्य वजह माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश महामंत्री और उपाध्यक्ष प्रोटोकॉल के हिसाब से संयुक्त महामंत्रियों से वरिष्ठ पद पर होते हैं। इसके बावजूद कनिष्ठ पदाधिकारियों को जिलों की जिम्मेदारी दिए जाने से वरिष्ठ नेताओं में नाराजगी बढ़ी है। इसका असर संगठनात्मक गतिविधियों पर भी पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले डेढ़ साल से विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी बनाए गए कई वरिष्ठ पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में नियमित दौरे और बैठकें नहीं कर रहे हैं। संगठन में कुछ वर्षों पहले की गई नियुक्तियों और जिम्मेदारियों के बंटवारे में हुई तकनीकी गलतियों को सुधारने की दिशा में भी अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com